# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




हजारीबाग शहर में पहली बार निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा


• बोकारो, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 61 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## घर के बाथरूम में मिले दो महिलाओं के शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के पुटकी स्थित बीसीसीएल की ए-टाइप कॉलोनी में करंट लगने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में घर की मालकिन और उनके यहां काम करने वाली महिला शामिल हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक हादसा पुटकी थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल की ए-टाइप कॉलोनी में हुआ। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय शोभा सिन्हा और 40 वर्षीय शांति देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शोभा सिन्हा अपने घर की सफाई करवा रही थीं। इसी दौरान दोनों किसी तरह बिजली के संपर्क में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुटकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि करंट कैसे लगा। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर हर पहलू की जांच की जा रही है। दोनों का शव घर के बाथरूम से बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक शोभा सिन्हा करीब चार महीने बाद अपने घर लौटी थीं। घर की साफ-सफाई के दौरान उनके साथ काम कर रही महिला भी मौजूद थी। इसी बीच दोनों करंट की चपेट में आ गईं। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि घटना की सही वजह अब तक सामने नहीं आई है। उनका आरोप है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पूरे मामले को लेकर कॉलोनी में मातम पसरा है। वहीं पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन ने बताया कि बीसीसीएल की ए-टाइप कॉलोनी में करंट लगने से दो महिलाओं की मौत हुई है।

पाकुड़ मालपहाड़ी में 166 साल बाद रेलवे साइडिंग का हुआ कायाकल्प, जीएम मिलिंद के. देऊसकर ने किया लोकार्पण

# देश के आधारभूत ढांचे को मिलेगी मजबूती : जीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** देश के आधारभूत ढांचे को मजबूती देने वाले पाकुड़ मालपहाड़ी स्टोन क्वारी रेलवे साइडिंग ने 166 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के बाद आधुनिक युग में कदम रख दिया है। गुरुवार को पूर्व रेलवे, हावड़ा के महाप्रबंधक मिलिंद के. देऊसकर ने साइडिंग के व्यापक आधुनिकीकरण कार्य का लोकार्पण करते हुए इसे रेलवे माल परिवहन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर साइडिंग के पुनर्विकास को समर्पित शिलापट्ट का भी अनावरण किया गया। रेलवे द्वारा जारी विवरण के अनुसार वर्ष 1860 में ईस्ट इंडियन रेलवे द्वारा राजमहल तक रेललाइन पहुंचने के साथ ही मालपहाड़ी क्षेत्र के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थरों की रेलमार्ग से ढुलाई शुरू हुई थी। धीरे-धीरे पाकुड़ देश के प्रमुख स्टोन उत्पादन क्षेत्रों में शामिल हो गया और यहां से रेलवे लाइन, पुल, सड़क, बांध तथा अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए देशभर में बड़े पैमाने पर पत्थरों की आपूर्ति होने लगी। बढ़ती माल ढुलाई के साथ पाकुड़ मालपहाड़ी



स्टोन क्वारी रेलवे साइडिंग पूर्व रेलवे के सबसे महत्वपूर्ण माल लोडिंग केंद्रों में शुमार हो गई। लगातार बढ़ते दबाव के कारण वर्षों पुरानी साइडिंग की क्षमता आधुनिक जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं रह गई थी। इसी चुनौती को देखते हुए वर्ष 2025 में पूर्व रेलवे, हावड़ा के महाप्रबंधक मिलिंद के. देऊसकर ने इसके व्यापक पुनर्विकास की परिकल्पना की। उनके मार्गदर्शन में हावड़ा मंडल ने योजनाबद्ध तरीके से साइडिंग का आधुनिकीकरण किया, जो जुलाई 2026 में पूरा हुआ। परियोजना के तहत ट्रैक व्यवस्था, लोडिंग प्रणाली और परिचालन प्रक्रिया को आधुनिक बनाया गया है। इससे मालगाड़ियों की आवाजाही अधिक सुरक्षित, तेज और व्यवस्थित होगी। रेलवे का मानना है कि नई व्यवस्था से स्टोन लोडिंग क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा रैक की प्लेसमेंट और निकासी पहले की तुलना में अधिक तेज गति से संभव हो सकेगी। महाप्रबंधक ने कहा कि यह परियोजना केवल रेलवे की एक साइडिंग का नवीनीकरण नहीं बल्कि पाकुड़ की ऐतिहासिक औद्योगिक विरासत को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सुरक्षित और सशक्त बनाने का प्रयास है। इससे पूर्व रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और देशभर में निर्माण कार्यों के लिए पाकुड़ के पत्थरों की आपूर्ति और अधिक सुगम होगी। इस परियोजना को सफल बनाने में सीनियर डिविजनल इंजीनियर-4 अनिल करवा, सहायक मंडल अभियंता प्रकाश कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (परमानेंट वे) उज्ज्वल कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) परितोष रंजन सहित हावड़ा मंडल के अधिकारियों, अभियंताओं, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### संक्षिप्त समाचार

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने एक साथी के साथ मिलकर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि उसका साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी मोनू कुमार यादव ने फरार साथी की पहचान ईस्ट बसुरिया निवासी चिरकुट संजय के रूप में की है। पुलिस फरार आरोपी चिरकुट संजय की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## पति ने की पत्नी की हत्या

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सीनी ओपी क्षेत्र में सेप्टिक टैंक से मिले महिला के शव मामले का पुलिस ने दो दिन के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतका के पति सोमराय हेंब्रम को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में पत्नी की हत्या कर शव को सेप्टिक टैंक में छिपाने की बात स्वीकार की है। एसपी मनोज स्वार्गियारी ने गुरुवार को बताया कि मंगलवार को सेप्टिक टैंक से बरामद शव की पहचान सोमवारी हेंब्रम के तौर पर हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था।

## लापता युवक का कोयल नदी में दफन मिला शव

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र में लापता युवक का शव कोयल नदी से बरामद हुआ है। युवक का शव नदी में दफना दिया गया था। पूरे मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस अधिकारियों को कई बातों की जानकारी दी है। मृतक की पहचान उंटारी रोड थाना क्षेत्र के रहने वाले सचिन कुमार साहू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सचिन कुमार साहू मंगलवार की रात से घर से लापता थे।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के पास गुरुवार को एक आम के पेड़ से 48 वर्षीय व्यक्ति का शव गमछे के सहारे लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान वकील हेंब्रम के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दुर्गापुर गांव के बाहर एक पोखर के पास स्थित आम के पेड़ पर कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को गमछे से लटका देखा। यह खबर गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। दुर्गापुर गांव के प्रधान विश्वजीत मरांडी ने तत्काल नगर थाना को इसकी सूचना दी।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना अंतर्गत रांची-लातेहार मुख्य मार्ग पर शिवटोली के समीप एक अनियंत्रित मिनी ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल डाला। इस घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। मृत युवकों में एक की पहचान खलारी निवासी टिंकू भुइयां के रूप में हुई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है। दरअसल गुरुवार को एक मिनी ट्रक डाल्टनगंज से रांची की ओर जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से बाइक पर सवार दो युवक जा रहे थे। इसी दौरान शिव टोली के पास मिनी ट्रक और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक पर सवार एक युवक दूर जा गिरा जबकि दूसरा युवक ट्रक के नीचे दब गया। इस दौरान मिनी ट्रक भी युवकों को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर से राहत कार्य शुरू किया और घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और दोनों युवकों को चंदवा अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के बाद दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं जिले में वज्रपात की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीयूष कुमार और पवन कुमार के रूप में हुई है। दोनों लातेहार जिला मुख्यालय के रहने वाले थे। बताया जाता है कि दोनों युवक बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे छुप गए थे। इसी दौरान वज्रपात हुआ और उसकी चपेट में आने से दोनों की जान चली गई। दरअसल दोनों युवक गुरुवार को लातेहार से बाजकुम की ओर घूमने निकले थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश होने लगी। तेज बारिश से बचने के लिए दोनों युवक एक महुआ के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान अचानक वज्रपात हो गया और दोनों युवक जमीन पर गिर गए। थोड़ी देर बाद जब रास्ते से गुजरने वाले कुछ लोगों ने युवकों को देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता अविलंब दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक वज्रपात की चपेट में आ गए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## चुनाव में भूमिका पर नई दिल्ली में जुटेंगे देशभर के मीडियाकर्मी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** निर्वाचन कार्य में मीडिया की भूमिका पर चुनाव आयोग ने बड़ी पहल करते हुए आगामी 17 जुलाई यानी आज राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाया है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईआईआईडीएम सभागार में आयोजित इस कांफ्रेंस को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार संबोधित करेंगे। झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों से शामिल हो रहे मीडियाकर्मियों को सर्वप्रथम चुनाव में मीडिया की भूमिका विषय पर (डीजी मीडिया) आशीष गोयल विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद आईआईडीईएम के डीजी राकेश कुमार वर्मा संबोधित करेंगे। सुबह 9:00 बजे से आयोजित इस एक दिवसीय कांफ्रेंस में डॉ सीमा खन्ना डीजी आईटी के द्वारा इसीनेट प्लेटफार्म और चुनाव में टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जानकारी दी जाएगी। कानूनी विषयों के जानकारी डीडीजी (लॉ) विजय कुमार पांडे के द्वारा महत्वपूर्ण संवैधानिक कानून और हाल में न्यायालय द्वारा आए जजमेंट की जानकारी दी जाएगी।

# युवती पर लगाया मुखबिरी का आरोप, परिवार को जिंदा जलाने की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के नाम से धमकी भरा पोस्टर चिपकाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। माइल गांव के सेमरहट टोला स्थित एक घर पर लगाए गए पोस्टर में एक युवती पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। पोस्टर में खुद को टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर 'नवीन जी' बताते हुए दावा किया गया है कि यह चेतावनी लोहरदगा-लातेहार-महुआडांड़-दारू एवं गुमला-पलामू सीमांत जोनल कमेटी की ओर से जारी की गई है। इसमें राधिका देवी की बेटी सीमा कुमारी पर संगठन की गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। धमकी भरे पोस्टर में परिवार से सीमा कुमारी को घर से निकालने की बात कही गई है। ऐसा नहीं करने पर उसके खिलाफ 'फौजी कार्रवाई' करने और पूरे घर में आग लगा देने जैसी गंभीर धमकियां भी दी गई हैं। पोस्टर मिलने के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पोस्टर किसने और किन परिस्थितियों में लगाया, इसकी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस पारिवारिक विवाद समेत अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी के अनुसार राधिका देवी लातेहार जिला सांख्यिकी विभाग में दैनिक वेतनभोगी कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी नजर रखी जा रही है।

# पारसनाथ के 12 टोलों को मिली सड़क की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के पारसनाथ क्षेत्र में स्थित मधुबन पंचायत के 12 दुर्गम टोलों को अब पक्की सड़क मिलेगी। जिला प्रशासन ने 1.28 करोड़ रुपये की लागत से दो पीसीसी सड़क निर्माण योजनाओं को मंजूरी दी है। गुरुवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने दलुआडीह गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इन योजनाओं के स्वीकृति पत्र सौंपे। उपायुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज मरांडी और अंचलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सभी अधिकारी पैदल चलकर गांव पहुंचे। उन्होंने पेड़ की छांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने ग्रामीणों को बताया कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और इसके लिए शीघ्र ही टेंडर जारी किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि पारसनाथ क्षेत्र के कई टोले अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां बीमार लोगों को खाट पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। हाल ही में ऐसी तस्वीरें सामने आने के बाद इस समस्या को गंभीरता से लिया गया। मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर इन योजनाओं को तैयार कर स्वीकृति प्रदान की गई है।

# वित्त मंत्री की सुरक्षा को लेकर आंदोलन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की सुरक्षा को लेकर पलामू में बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त रूप से आंदोलन करने की घोषणा की है। पूरे मामले को लेकर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं की एक संयुक्त प्रेस वार्ता पलामू सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस क्रम में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करते हैं वह अति नक्सल प्रभावित रहा है। उनके साथ ही किसी प्रकार की अनहोनी होने पर सारी जवाबदेही राज्य के डीजीपी पर होगी। संदीप कुमार ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति समझकर मंत्री के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। राधाकृष्ण किशोर झारखंड सरकार के कैबिनेट में एकमात्र दलित मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के साथ हो रही घटनाओं को लेकर पूरे प्रदेश के पासवान समाज ने कड़ी निंदा की है और आंदोलन को लेकर सभी एकजुट हैं। संदीप पासवान ने कहा कि मंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य के डीजीपी पर है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के साथ हो रही घटनाओं को लेकर पूरे प्रदेश के पासवान समाज ने कड़ी निंदा की है और आंदोलन को लेकर सभी एकजुट हैं। संदीप पासवान ने कहा कि मंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य के डीजीपी पर है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष कुमार पुत्र श्याम सुंदर पासवान पता 1233, गली नं.33, सैक्टर–8सी, बोकारो झारखंड ने सीसी नं. 1004/17 धारा 138 एन आई एक्ट के तहत** थानाः भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संतोष कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संतोष कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी नं.1004/17 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त संतोष कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पंकज राय**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 73, पाँचवा तल, उ0पू0 जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/9274/NE/2026


# नेत्रदान जागरूकता के लिए 30 अगस्त को रांची में ब्लाइंडफोल्ड मैराथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 30 अगस्त 2026 को एक बार फिर ऐतिहासिक ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन 2026 का आयोजन किया जाएगा। आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब, कश्यप मेमोरियल आई बैंक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस विशेष दौड़ की आधिकारिक घोषणा गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अभियान का औपचारिक शुभारंभ करते हुए इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 30 अगस्त को सुबह 7 बजे राजधानी रांची में इस अनूठी जागरूकता दौड़ का



आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि नेत्रदान के महत्व को समाज तक पहुंचाने का एक व्यापक सामाजिक अभियान है जिसमें आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पिछले दो दशकों से 'रन फॉर विजन' और 'ब्लाइंड फोल्डेड रन' का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रतिभागियों की आंखों पर कुछ समय के लिए पट्टी बांधकर उन्हें दृष्टिबाधित लोगों के जीवन की चुनौतियों का अनुभव कराया जाता है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति कुछ समय के लिए भी बिना देखे चलने या दौड़ने का प्रयास करता है तब उसे एहसास होता है कि दृष्टिहीन लोगों का दैनिक जीवन कितना चुनौतीपूर्ण होता है। यही अनुभव लोगों में नेत्रदान के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉ. कश्यप दंपति के प्रयासों से अब तक 1089 लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा चुकी है। उन्होंने इसे चिकित्सा सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। साथ ही उन्होंने राज्य के सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।



CMYK


# पीरटांड़ पहुंचे उपायुक्त, खाट पर बैठकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## पैदल निरीक्षण कर विकास कार्यों का लिया जायजा, गुणवत्ता और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने गुरुवार को पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पैदल चलकर योजनास्थलों का जायजा लिया और ग्रामीणों के बीच खाट पर बैठकर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सुनीं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित किया जाए निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं को स्वीकृति देना नहीं, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर धरातल पर उतारना और



उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क ग्रामीण विकास की रीढ़ है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार जैसी आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होती है इस मौके पर उपायुक्त ने पीरटांड़ प्रखंड की दो महत्वपूर्ण पीसीसी सड़क निर्माण योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की जानकारी दी। पहली योजना के तहत मधुबन उत्तरी पारसनाथ पंचायत के पीपराडीह से दलवाडीह तक पीसीसी सड़क का निर्माण 88.62 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं दूसरी योजना के तहत उत्तरी पारसनाथ पंचायत के कोठाटांड़ से वाइल्ड लाइफ सीमा प्रारंभ बिंदु तक तथा सीमा के अंतिम छोर से नदी तक पीसीसी सड़क निर्माण पर 39.57 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों योजनाओं पर कुल 1 करोड़ 28 लाख 19 हजार 800 रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, गिरिडीह को सौंपी गई है उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग और स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएगी।ग्रामीणों से संवाद के दौरान उपायुक्त ने उन्हें भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया, ताकि विकास कार्यों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।निरीक्षण के दौरान डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी, पीरटांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी, एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बेंगाबाद में अवैध खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, बालू-गिट्टी लदे दो ट्रैक्टर जब्त

## करमजोरा मोड़ पर सीओ व थाना प्रभारी की संयुक्त छापेमारी, चालक मौके से फरार; खनन विभाग को भेजी गई सूचना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के प्रतिबंध के बावजूद बेंगाबाद क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार थमता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार सुबह टीम ने करमजोरा मोड़ पर छापेमारी की। जांच के दौरान बालू और गिट्टी से लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया। हालांकि कार्रवाई की भनक लगते ही दोनों चालक वाहन छोड़कर



प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करमजोरा मोड़ के समीप बालू और गिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान दोनों ट्रैक्टरों के चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए जानकारी के अनुसार, अंचलाधिकारी (सीओ) सफी आलम एवं बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध खनन और खनिज परिवहन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि करमजोरा-गेनरो मुख्य सड़क के रास्ते अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है, जबकि स्थानीय क्रशर से बिना चालान गिट्टी की ढुलाई भी की जा रही है सूचना के आधार पर प्रशासनिक फरार हो गए प्रशासन ने जब्त ट्रैक्टरों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना भेज दी है। विभाग द्वारा नियमानुसार जुमार्ना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस कार्रवाई से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन और बिना चालान खनिज परिवहन का कारोबार जारी है। इससे सरकार को राजस्व और जीएसटी दोनों स्तर पर नुकसान उठाना पड़ रहा है।सीओ सफी आलम ने कहा कि अवैध खनन और अवैध खनिज परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान चलाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चेक बाउंस मामले में न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर की कुर्की जब्ती

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत बारसोई अंतर्गत राशचौक के समीप स्थित नसीम शॉपिंग काम्प्लेक्स के मालिक मोहम्मद नसीम की याचीका पर संज्ञान लेते हुए सीजीएम प्रथम न्यायालय कटिहार ने आरोपी अब्दुल मजीद पिता अयूब अली साकिन खेकीटोला-माहीनगर थाना क्षेत्र आबादपुर के विरुद्ध कूर्की जब्ती का आदेश जारी किया है। न्यायालय के आदेश की तामिला करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई अजय कुमार की अगुवाई में कचना थाना पुलिस ने आरोपी के घर की कुर्की जब्ती कर ली है। इस संबंध में एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि चेक बाउंस के मामले में कटिहार स्थित सीजीएम प्रथम न्यायालय के आदेश पर उक्त कार्रवाई की गई है। नोटिस और वारंट के बावजूद न्यायालय में पेश न होने पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। वहीं इस संबंध में पीड़ित मोहम्मद नसीम ने बताया कि आरोपी अब्दुल मजीद ने 350000 रुपए के चेक उन्हें सौंपा था जो बॉउंस हो गया है। पीड़ित ने बताया कि यह मामला अब से पांच वर्ष पूर्व का है। विवश होकर उन्होंने न्यायालय से गुहार लगाई है। न्यायालय ने आरोपी को कई बार पेश होने के लिए समन और वारंट जारी किए, लेकिन वह लगातार अनुपस्थित रहा है।

### नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान चला, 26,500 का जुमार्ना वसूला

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम कटिहार की ओर से नगर आयुक्त संतोष कुमार के नेतृत्व में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर आयुक्त मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व किये। यह अभियान पानी टंकी चौक से प्रारंभ होकर महमूद चौक तक चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई।अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों से कुल ₹26,500 का जुमार्ना वसूला गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुगम यातायात के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। इस अभियान में नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। नगर निगम ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा नगर निगम के नियमों का पालन करते हुए शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग दें।

### अवैध देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डंडखोरा पुलिस को क्षेत्र में अपराध की घटना को अंजाम देने की योजना बनाते हथियार सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार बुद्धवार की रात गश्ती पर निकली पुलिस को देखकर एस.एच. 98 पर बोरनी पुल के पास खड़े दो युवक कॅ पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगे।पुलिस ने खदेड़कर दोनों को दोनों को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ।पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर थाना ले आई।जहॉ उसकी पहचान मौसिम खान (28)पिता- वकील खान, साकिन- सौरिया, थाना डण्डखोरा, शाहरुख खान (24), पिता-राजू खान,साकिन- ड्राईवर टोला,थाना- नगर, दोनों जिला-कटिहार के रुप में हुई है।थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध कांड संख्या 103/26 दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

### राम मंदिर के चंदे एवं चढ़ावे के नाम पर आस्था के राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस का विरोध मार्च

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार राम मंदिर के चंदे एवं चढ़ावे के नाम पर आस्था के राजनीतिक दुरुपयोग तथा भाजपा-आरएसएस द्वारा किए जा रहे कथित भ्रष्टाचार एवं लूट के विरोध में गुरुवार को अररिया जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष मासूम रेजा के नेतृत्व में विशाल विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च की शुरूआत नेताजी सुभाष स्टेडियम से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए चांदनी चौक पर सभा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मासूम रेजा ने कहा कि "देश की करोड़ों जनता की आस्था किसी राजनीतिक दल की निजी संपत्ति नहीं है। राम मंदिर श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, लेकिन भाजपा-आरएसएस ने आस्था को राजनीतिक लाभ और आर्थिक शोषण का माध्यम बना दिया है। विरोध मार्च में जिला प्रवक्ता शशि भूषण झा, मनोज जायसवाल, अफसाना हसन, जेडी यादव, सिकटी प्रखंड अध्यक्ष उमानंद मंडल, पलासी प्रखंड अध्यक्ष साबिर आलम, जोकीहाट प्रखंड अध्यक्ष अलीमुद्दीन, अररिया प्रखंड अध्यक्ष जफरुल हसन, कुसार्काटा प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार यादव, फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष गुलाबचंद ऋषिदेव, नगर अध्यक्ष अमितेश गुड्डू, राजेश यादव, मो मसूद, कुणाल कुंदन, प्रिंस चौधरी, राहुल, शाकिब रेजा, मो. नजीर, परितोष आनंदन, अभिषेक ऋषिदेव, राजीव पोद्दार, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अबू जाफर सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाढ़ पूर्व तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ से संबंधित सभी विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपदा की किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अररिया, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन अररिया, सिविल सर्जन अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी अंचलाधिकारी सहित संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिले में बाढ़ पूर्व तैयारी के तहत 218 ऑटोमेटिक रेन गेज, 09 ऑर्डिनरी रेन गेज तथा 09 ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम स्थापित हैं, जिनके माध्यम से वर्षा एवं मौसम की सतत निगरानी की जा रही है। सभी वषार्मापी उपकरण कार्यशील अवस्था में हैं तथा नियमित रूप से आंकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण किया जा रहा है। जिले के सभी तटबंधों का निरीक्षण कर बांधों के शीर्ष (टॉप) पर बने गड्ढों एवं रेनकट की मरम्मत करा ली गई है।

# सीओ की सूचना और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सोनबाद पंचायत के महदैया मौजा स्थित वन भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अवैध चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस मामले में गिरिडीह शहर निवासी अरुण जालान के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है प्रभारी वनपाल रोहित पंडित ने बताया कि महदैया मौजा में वन भूमि की घेराबंदी कर अतिक्रमण किए जाने की सूचना बेंगाबाद अंचलाधिकारी सीओ सफी आलम द्वारा वन विभाग



को दी गई थी। हाल के दिनों में इस मामले का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थीं तथा जनशिकायत मिलने के बाद सीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को लिखित सूचना भेजी थी सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने संबंधित भूमि का सर्वे कराया। सर्वे रिपोर्ट में वन सीमा के भीतर अवैध घेराबंदी की पुष्टि होने पर रेंजर एस. के. रवि के नेतृत्व में टीम गठित कर बुधवार को कार्रवाई की गई। अभियान में प्रभारी वनपाल रोहित पंडित, वनरक्षी दाऊद सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही। जेसीबी मशीन की मदद से अवैध चहारदीवारी को हटाकर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# सराफा संघ गिरिडीह का वार्षिक सम्मेलन संपन्न 23 अप्रैल से हर गुरुवार बंद रहेंगे सराफा प्रतिष्ठान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरार्फा संघ गिरिडीह का वार्षिक सम्मेलन रविवार को रेडक्रॉस भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने की। इस अवसर पर संघ के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरे होने पर अध्यक्ष राहुल बर्मन का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया सम्मेलन के दौरान संघ के सचिव राजन बर्णवाल ने बीते एक वर्ष में संगठन द्वारा किए गए सामाजिक, संगठनात्मक एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और सर्वसम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 23 अप्रैल से प्रत्येक गुरुवार को गिरिडीह के सभी सरार्फा प्रतिष्ठान एवं कारोबार बंद रखने का फैसला लिया इससे पहले संघ के स्थापना वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच फल एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक बिपिन स्वर्णकार, गोपाल स्वर्णकार, राजकुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष मो. आसिफ, उपसचिव राजीव तरवे, कोषाध्यक्ष सचिन बर्मन, संगठन महामंत्री सुबोध बर्मन, कार्यकारिणी सदस्य जीतू बर्मन, चंदन गुप्ता, रंजीत स्वर्णकार सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में राजकुमार बर्णवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आस्था और उल्लास के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## पुरातन शिवालय सीएमआर रोड से शुरू हुई नौ दिवसीय रथयात्रा, मौसीबाड़ी में सात दिनों तक विराजेंगे प्रभु जगन्नाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रथयात्रा के पावन अवसर पर गुरुवार को पुरातन शिवालय, सीएमआर रोड से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के बीच निकाली गई। विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी सतीश मिश्रा ने भगवान के काष्ठ विग्रहों की पूजा-अर्चना कर छप्पन भोग एवं महाप्रसाद अर्पित किया। इसके बाद भगवान का रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान के रथ की रस्सी खींची। लोकमान्यता है कि रथ की रस्सी खींचने से भक्तों को भगवान का विशेष आशीर्वाद और पुण्य प्राप्त होता है। ढोल-नगाड़ों की गूंज, "जय जगन्नाथ" के जयघोष और भक्ति



गीतों के बीच पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया पुजारी सतीश मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारंभ होने वाला यह नौ दिवसीय अनुष्ठान आस्था, लोकसंस्कृति और जनजीवन का अद्भुत संगम है। इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए गर्भगृह से बाहर आते हैं। नगर भ्रमण के उपरांत भगवान मौसीबाड़ी (छोटकी काली मंडा, गांधी चौक) में सात दिनों तक विश्राम करेंगे, जहां प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूमते-गाते हुए शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद का भी ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में सुशील सुराणा, वार्ड पार्षद दीपक यादव, अमित मिश्रा, सुमित मिश्रा, रंजन कुमार सिन्हा, रामजी, सौरभ कुमार, सिद्धांत कुमार एवं उज्ज्वल मिश्रा सहित कई श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा धूमधाम से निकली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** भगवान जगन्नाथ पूजा के पावन पर्व पर 94बटालियन कैंप से भगवान जगन्नाथ ,भाई बलराम, बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ में सवार करके विधिवत पूजा - अर्चना करने के पश्चात बटालियन द्वारा रथयात्रा धूमधाम से निकली गई। रथयात्रा 94 बटालियन कैंप से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग बाजार होते हुए शहर भ्रमण करते दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली मौसी बाड़ी पहुंचा। शोभायात्रा में काफी संख्या में बटालियन के अधिकारीगण जवान साथ में ग्रामीण पुरुष - महिलाएं पूरे भक्ति में झूमते और जगन्नाथ महाप्रभु,भाई बलराम, बहन सुभद्रा के जयकारे लगाते रथ खींचने के लिए उतावले थे। सभी ने बारी बारी से रथ के रस्सी को बड़ी श्रद्धा भाव से प्रणाम कर स्पर्श किया और खींचने में सहयोगी बने। भगवान जगन्नाथ,भाई



बलराम और बहन सुभद्रा की खूबसूरत प्रतिमा मन को मुग्ध कर रही थी। ज्यों ज्यों रथ आगे बढ़ रहा था, भक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था,जिसे लोग भावविभोर हो ग्रहण कर रहे थे। रथयात्रा में खूंटी सहित आसपास के गांव के लोगों की भी भारी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में पुलिस बल पूरे मुस्तैदी के साथ तैनात दिखे। मां काली स्वराष्ट्र रक्षा दल के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष, जितेन्द्र पांडे, बिरसा लोहरा, तुलसी प्रजापति, प्रदीप घोष, रोशन कुमार सहित मुरहू के भक्त समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी, ध्रुवेन्द्र भास्कर, राम हरि साव,राधेश्याम भगत, विष्णु देव चौधरी,मनु साव, हरिद्वार ठाकुर आदि ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु,भाई बलराम और बहन सुभद्रा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में सेक्युलर फ्रंट का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** सेक्युलर फ्रंट के नेतृत्व में गुरुवार को प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च जेपी चौक से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" तथा "लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले बंद करो" जैसे नारे लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया अंबेडकर चौक पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए शंकर पांडेय ने कहा कि नीट पेपर लीक समेत विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों को लेकर सोनम वांगचुक पिछले 19 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं से जुड़े सवालों पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक है सतीश कुंदन ने कहा कि सीबीएसई परीक्षा मूल्यांकन में कथित गड़बड़ियों तथा छात्रों की मांगों पर भी सरकार मौन है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा का माहौल है रामदेव विश्वबंधु ने छात्रों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए युवाओं को आगे आना होगा वहीं धरणीधर ने कहा कि आज देश को सोनम वांगचुक जैसे लोगों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की आवाज सुननी चाहिए और लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करना चाहिए प्रदर्शन में कामेश्वर यादव, देव शंकर मिश्रा, बद्री दास, मनोज कुमार, मुन्ना, रविश आनंद, शुभम कुमार, राजेश सिन्हा, प्रदीप पासवान, मो. इकराम अंसारी, राजकुमार राय, मनोहर ठाकुर, प्रदीप गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

# बरही के दो बूथ बने मिसाल, एसआईआर अभियान में हासिल की शत-प्रतिशत सफलता

## बीएलओ रंजू कुमारी व कुमारी रूबी सिंह के उत्कृष्ट कार्य की सराहना, प्रखंड में 64% से अधिक कार्य पूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत करीब आधी अवधि में प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-291 (डुमरडीह) एवं मतदान केंद्र संख्या-298 (कटियौन) ने शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन एवं सत्यापन का कार्य पूरा कर एक नई मिसाल कायम की है। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो ने दोनों केंद्रों की उपलब्धि की सराहना





करते हुए कहा कि यह समर्पण, जिम्मेदारी और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे अन्य बूथों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। बीडीओ ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या-291 में कुल 916 मतदाताओं में से 889 गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन पूरा किया गया है, जबकि 37 मतदाताओं को नियमानुसार ह्यअप्राप्यह्ल श्रेणी में दर्ज किया गया है। इस सफलता में बीएलओ सहित वॉलेंटियर रामलोचन निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मतदान केंद्र संख्या-298 (कटियौन) में कुल 806 मतदाताओं में से 696 का एसआईआर कार्य पूरा किया गया है तथा 110 मतदाताओं को ह्यअप्राप्यह्ल श्रेणी में दर्ज किया गया है। यहां बीएलओ ने समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य निष्पादन कर प्रशंसनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

बीडीओ श्री महतो ने बताया कि बरही प्रखंड में अब तक 64 प्रतिशत से अधिक एसआईआर कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने सभी बीएलओ, वॉलेंटियर, जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए निर्देश दिया कि शेष बूथों पर भी निर्धारित समयावधि से पूर्व शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि पूरे प्रखंड की टीम इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ लक्ष्य हासिल करेगी।

# फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और म्यूजिकल फाउंटेन का मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध पतरातू डैम लेक रिसॉर्ट में लगातार पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को दो आकर्षक नई सुविधाएं शुरू की गईं। राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और म्यूजिकल फाउंटेन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज, विधायक ममता देवी, विधायक रोशनलाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



पतरातू लेक रिसॉर्ट झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस रिसॉर्ट में झील के बीच बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और शाम को संगीत की लय पर थिरकते म्यूजिकल फाउंटेन अब पर्यटकों के नए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने इन सुविधाओं का अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं वाला राज्य है। सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, "पतरातू लेक रिसॉर्ट अपनी खूबसूरत वादियों और शांत वातावरण के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और म्यूजिकल फाउंटेन जैसी आधुनिक सुविधाओं के जुड़ने से यहां पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।"

पर्यटन विभाग के अनुसार, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के दो हिस्सों का नाम 'मयूराक्षी' और 'कोयल' रखा गया है। यहां पारिवारिक समारोह, कॉर्पोरेट बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम और विशेष आयोजन आयोजित किए जा सकेंगे। वहीं म्यूजिकल फाउंटेन शाम के समय रंग-बिरंगी रोशनियों और संगीत की धुनों पर पानी के फव्वारों का मनमोहक प्रदर्शन करेगा, जो पतरातू डैम के प्राकृतिक नजारे के साथ मिलकर पर्यटकों को यादगार अनुभव देगा। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी इसी तरह की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएं, जिससे झारखंड की पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिले।

उद्घाटन के बाद मंत्री सुदिव्य कुमार ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया और म्यूजिकल फाउंटेन के प्रदर्शन का आनंद लिया। रंगीन रोशनियों, संगीत और झील के प्राकृतिक सौंदर्य का यह अद्भुत मेल पर्यटकों के लिए एक नया अनुभव साबित हो रहा है। इन नई परियोजनाओं से पतरातू लेक रिसॉर्ट में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाएगी।

# 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता: 17 जुलाई से पांच प्रमंडलों की टीमें खिताब के लिए खेलेंगी मैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की सबसे प्रतिष्ठित विद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में शामिल 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार 17 जुलाई से रांची के खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में होगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित यह प्रतियोगिता 21 जुलाई तक चलेगी। आयोजन को लेकर सभी प्रशासनिक और तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य के पांचों प्रमंडलों से विजेता टीमें रांची पहुंच चुकी हैं और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग में पांचों प्रमंडलों का प्रतिनिधित्व करने वाली कुल 15 टीमें हिस्सा लेंगी। सभी टीमें राज्य चैंपियन बनने के साथ राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने के उद्देश्य से मैदान में उतरेंगी। मुकाबलों का आयोजन लीग-कम-नॉकआउट प्रणाली के तहत किया जाएगा। मैच खेलगांव प्रैक्टिस मैदान के अलावा जैप-1 डोरंडा और बीआईटी मेसरा के मैदानों में भी खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए खेलगांव परिसर में आवास, भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आयोजन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण और दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। इससे केवल पात्र खिलाड़ियों की ही प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित होगी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता विद्यालयी खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का महत्वपूर्ण मंच है। खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। हमें विश्वास है कि यहां से चयनित टीमें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का गौरव बढ़ाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए तकनीकी अधिकारियों, रेफरी, आयोजन समिति और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है ताकि प्रतियोगिता बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग की विजेता टीम राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। ऐसे में खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा अवसर होगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 77-80-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 13.07.2026, (पी.वे और सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 77-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम**: "वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा/पूर्व रेलवे के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/इंचार्ज/ट्रैक डिपो/ साहिबगंज के लिए पी. वे सामग्री की अनलोडिंग" के पी. वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 25,18,423.50, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 78-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम**: मंडल अभियंता/1/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों -मालदा टाउन कॉलोनी, न्यू फरक्का, बहड़रवा, मणिग्राम आदि में विद्युत सब-स्टेशन और विद्युत परिसंपत्तियों के संवर्धन के संबंध में शेष कार्य और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 35,69,443.72, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 79-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम**: मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विश्वसनीयता में सुधार के लिए गनकर, मणिग्राम, चामाग्राम और जंगीपुर रोड में दूसरे (द्वितीय) डिटेक्शन के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,13,211.95, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 80-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम**: वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे/ भागलपुर-II के खंड में बाराहाट (छोड़कर) से दुमका (छोड़कर) सिंगल लाइन खंड में थ्रू रेल रिन्यूअल 47.35 टीकेएम के कार्य एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 5,19,08,433.22, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 05.08.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन। MLD-133/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# हुसैनाबाद में डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी का उद्घाटन, शिक्षा व ज्ञान के प्रसार पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद (जपला) स्थित लिटल चैंप्स स्कूल परिसर में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया। वक्ताओं ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी समाज की बौद्धिक प्रगति का आधार होता है और यह नई पीढ़ी को अध्ययन, अनुसंधान तथा सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती, बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश नेता शेर अली, झामुमो के प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे, सेवानिवृत्त शिक्षक अंगद किशोर, उदयन पब्लिक स्कूल के निदेशक अमित कुमार दुबे तथा विपुल कुमार त्रिवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तकालय विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की



सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में शैक्षणिक माहौल को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# होटल व रेस्टोरेंट में आग से बचाव को लेकर पर्याप्त व्यवस्था नहीं, कार्रवाई को निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में संचालित रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा, अस्पतालों का गुरुवार को अग्निशमन व विद्युत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और विद्युत तार की स्थिति की जांच अधिकारियों द्वारा की गई जिससे हड़कंप मच गया। टीम का नेतृत्व सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद ने किया। टीम द्वारा सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था फायर ब्रिगेड, विधुत तार अस्पताल में लगे विधुत संबंधित मीटर क्षमतानुकूल तार और विधुत अधिभार के अनुरूप तार लगे हैं कि नहीं की जांच की गई। अस्पतालों में फायर ब्रिगेड को उचित स्थान पर लगाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद एनएच -19 किनारे संचालित होटलों, ढाबों और अन्य प्रतिष्ठानों का जांच किया गया जिसमें ऋतिका, मानसरोवर, हरे कृष्णा, मेहंदी, वैष्णवी रेस्टोरेंट और अतिथि देवो भव होटल की जांच



पड़ताल किया गया जिसमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं पाया गया।

वे सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। निर्देश दिया गया है कि जल्द फायर ब्रिगेड स्थापित करें। अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में लापारवाही बरतने वाले पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। विधुत संबंधित मीटर क्षमतानुकूल तार लगाने का भी निर्देश दिया गया है।सहायक जिला अग्निशमन यंत्र पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद ने बताया कि विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग के संयुक्त रुप से दल गठित कर अग्नि और बिजली सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से व्यवस्था है कि नहीं, जिसकी स्थिति की जांच पड़ताल किया गया। इस दौरान जिन रेस्टोरेंट, होटलों और ढाबों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं पाया गया है। उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जा सकता है। अग्नि सुरक्षा यंत्र लगाने का निर्देश दिया गया है। जांच दल में सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी कुन्दन कुमार, प्रधान अग्निक रोहित राज, आलोक कुमार जबकि विधुत विभाग से कनीय सारणी पुरुष रंजीत कुमार, राजीव रंजन सिन्हा, नीरज कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# नवनिर्मित मकान में चोरी का प्रयास विफल, सीसीटीवी में कैद हुए तीन संदिग्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना क्षेत्र के एनएच-139 स्थित थाना मोड़ के समीप एक नवनिर्मित मकान में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना के संबंध में गृहस्वामी ओम प्रकाश पांडेय ने रिसियप थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, रात करीब 12 से 2 बजे के बीच चोरों ने बाउंड्रीवाल पर लगे कंटीले तार काटकर परिसर में प्रवेश किया। इसके बाद मुख्य लोहे के गेट का ताला तोड़ने का प्रयास किया तथा पहचान छिपाने के लिए परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और बल्ब भी खोल दिए। हालांकि कैमरे बंद होने से पहले तीन संदिग्धों की गतिविधियां फुटेज में रिकॉर्ड हो गईं। ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि पिछले 14 महीनों में उनके मकान को तीसरी बार निशाना बनाया गया है। इससे पूर्व दो चोरी की घटनाओं में एक बार करीब पांच लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी हो चुकी है, जिसकी प्राथमिकी पहले से दर्ज है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि इस घटना में घर से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। चोर केवल चोरी का प्रयास कर पाए। पुलिस को आवेदन प्राप्त हो गया है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रख्यात फोटोग्राफर कमल जोशी पर आधारित वृत्तचित्र 'आवारगी' की पहली स्क्रीनिंग 18 जुलाई को

**देहरादून/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तराखंड के प्रख्यात फोटोग्राफर, कवि और यायावर कमल जोशी के जीवन एवं रचनात्मक यात्रा पर आधारित वृत्तचित्र 'आवारगी' की पहली स्क्रीनिंग 18 जुलाई को सुबह 11 बजे देहरादून में होगी। वृत्तचित्र का लेखन, निर्देशन और निर्माण देश के जाने-माने निर्देशक, पत्रकार एवं फोटोग्राफर जयदेव भट्टाचार्य ने किया है। फिल्म में कमल जोशी के व्यक्तित्व, उनकी फोटोग्राफी, कविताओं, यात्राओं और पहाड़ों के प्रति उनकी संवेदनशील दृष्टि को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कमल जोशी अपनी विशिष्ट फोटोग्राफी के लिए जाने जाते थे। उनके कैमरे ने केवल पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं, बल्कि वहां के जीवन, संघर्ष और संवेदनाओं को भी गहराई से दर्ज किया। उनकी तस्वीरें पहाड़ की आत्मा और उसकी पीड़ा को अभिव्यक्त करती हैं। वृत्तचित्र में उत्तराखंड के कई प्रतिष्ठित फोटोग्राफरों, साहित्यकारों, पत्रकारों और कमल जोशी के करीबी लोगों के संस्मरण एवं विचार भी शामिल किए गए हैं, जो उनके व्यक्तित्व और योगदान के विभिन्न पहलुओं को सामने लाते हैं। आयोजकों के अनुसार, यह स्क्रीनिंग केवल एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक, साहित्यिक और फोटोग्राफी की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है।

# दो दिनों में 1,058 बेटिकट यात्री पकड़े गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल ने बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए 15 और 16 जुलाई को विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। डीडीयू जंक्शन, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम स्टेशनों तथा डेहरी ऑन सोन–जपला रेलखंड में चलाए गए अभियान के दौरान 1,058 बेटिकट एवं अनियमित यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 8,41,885 रुपये का जुर्माना वसूला गया।




रेल प्रशासन के अनुसार, 15 जुलाई को डीडीयू जंक्शन, गया, डेहरी ऑन सोन और सासाराम स्टेशनों पर एक साथ फोर्ट्रेस टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों ने प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ विभिन्न ट्रेनों में सघन जांच की। इस दौरान 867 यात्री बिना टिकट या वैध यात्रा प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए, जिनसे 7,35,220 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके बाद 16 जुलाई को डेहरी ऑन सोन–जपला रेलखंड में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में जांच के दौरान 191 यात्री बिना टिकट अथवा उचित यात्रा प्राधिकार के मिले। इनसे 1,06,665 रुपये का जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन ने अभियान के दौरान यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया। अधिकारियों ने अपील की कि यात्री टिकट काउंटर, रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, रेलवन मोबाइल ऐप अथवा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से टिकट लेकर ही यात्रा करें। रेलवे ने स्पष्ट किया कि बिना टिकट यात्रा करना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। यात्रियों से नियमों का पालन करते हुए वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की गई।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा जसीडीह स्टेशन पर अस्थायी स्टॉल के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-स्टॉल। क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एमपीएस-एएसएन-जेएसएमई-एमपीएस-34-26-1, **कार्य का विवरण:** जसीडीह रेलवे स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में 03 महीने की अवधि के लिए 03 अस्थायी स्टॉल (माप : 10 X 6 = 60 वर्ग फीट) प्रत्येक का प्रावधान। **ई-नीलामी की तिथि और समय:** 25.07.2026 को 12.00 बजे। ASN-181/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ-एमएफजी-113एएमसी-एयर प्लाज्मा, दिनांक 15.07.2026,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निविदा सं. एफ-एमएफजी-113एएमसी-एयर प्लाज्मा के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। **कार्य का नाम** : 03 वर्ष के लिए जमालपुर वर्कशॉप में 67 एयर कम्प्रेसर के साथ 113 एयर प्लाज्मा कटिंग मशीन (आईजीबीटी आधारित) के लिए एएमसी। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,22,50,913.60, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 00.00, **बोली प्रतिभूति:** रु.2,45,000/-, **समापन अवधि:** तीन वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.08.2026 को 16.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 17.07.2026 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** (**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। MISC-105/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# झारखंड में 50.06% मतदाता गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा, 18 व 20 जुलाई को शहरी क्षेत्रों में लगेंगे विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत अब तक 50.06 प्रतिशत मतदाताओं के इन्यूमरेशन (गणना) प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को बताया कि राज्यभर में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर 96.68 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचा दिए हैं। केवल कुछ मतदाताओं, जिनमें एएसडीडीएफ सूची के नाम भी शामिल हो सकते हैं, तक अभी प्रपत्र नहीं पहुंच सके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता समय पर अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंप रहे हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों, विशेषकर युवाओं की अपेक्षाकृत कम भागीदारी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा, रोजगार के लिए पलायन और सत्यापन के दौरान बीएलओ से संपर्क नहीं हो पाने के कारण शहरी क्षेत्रों में अभियान की गति प्रभावित हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए 18 और 20 जुलाई को राज्य के सभी शहरी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिन शहरी मतदाताओं ने अभी तक अपना एसआईआर गणना प्रपत्र प्राप्त या जमा नहीं किया है, वे शिविर में पहुंचकर प्रपत्र प्राप्त कर उसे भरकर जमा कर सकते हैं। वहीं, जिन मतदाताओं ने पहले ही अपना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कर दिया है या ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, उन्हें शिविर में आने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विदेशी नागरिकता ग्रहण कर चुके अथवा भारतीय नागरिकता त्याग चुके व्यक्तियों को बिना भरे और बिना हस्ताक्षर किए अपना इन्यूमरेशन प्रपत्र तत्काल बीएलओ को लौटाना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि गणना प्रपत्र में गलत घोषणा कर हस्ताक्षर करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने राज्य के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में सहयोग करें। अभियान का उद्देश्य है— "कोई पात्र भारतीय नागरिक छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति जुड़े नहीं।"


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-123-26-27, कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में ट्रिंबल जीईडीओ वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करते हुए ट्रैक जियोमेट्री और ट्रैक मानकों का सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 3,36,16,216.50, **बयाना राशि :** रु.6,72,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-135/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7784008, दिनांक: 14.07.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण और रखरखाव प्रबंधन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711201 द्वारा खुली निविदा के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **बिड का विवरण: वस्तु श्रेणी:** मासिक आधारित कैब एवं टैक्सी को किराए पर लेने की सेवाएँ-एसयूवी; 3000 किमी X 364 घंटे; लोकल 24*7, **अनुबंध अवधि:** 3 वर्ष। **अनुमानित निविदा मूल्य (सभी करों सहित) भारतीय रुपये में** : रु.19,58,324/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%)**: 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह)** : 38, **ईएमडी राशि** :रु.39,167/-, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 60 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 04.08.2026 को 13.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 04.08.2026 को 13.30 बजे। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड लगाने की समय-सीमा स्वत: नहीं बढ़ाने के लिए आवश्यक बिड की संख्या:** 1, **दिनों की संख्या, जिनके लिए बिड लगाने की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी:** 3 दिन। **ऑटो एक्सटेंशन अधिकतम कितनी बार किया जाना है?:** 1, **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़** : अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 1 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार:** एकल पैकेट बिड। **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य-वार मूल्यांकन। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय** : 2 दिन। HWH-221/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-106-26-27, कार्य का नाम:** कैनिंग-कैनिंग स्टेशन में अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइन के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य :** रु.2,13,65,878.34, **बयाना राशि :** रु. 4,27,300/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-107-26-27, कार्य का नाम:** कुलपी में पूर्ण लंबाई की कॉमन लूप लाइन के साथ नया ब्लॉक स्टेशन। **निविदा मूल्य :** रु. 5,58,06,654.98, **बयाना राशि :** रु. 11,16,100/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन-108-26-27, कार्य का नाम:** डायमंड हार्बर में-प्लेटफॉर्म नं. 3 के पास अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइन (सीएसआर लंबाई 275 मी.) का प्रावधान । **निविदा मूल्य :** रु.93,11,485.91, **बयाना राशि :** रु. 1,86,200/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-137/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# यौन शोषण और ब्लैकमेल के आरोप में कोच गिरफ्तार

## महिला खिलाड़ी ने कोच पर लगाये बेहद संगीन आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले से खेल जगत को शर्मसार करने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है। रग्बी खेल के प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) की आड़ में एक महिला खिलाड़ी के साथ यौन शोषण और ब्लैकमेल करने के आरोपी कोच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी की गिरफ्तारी तुर्की थाना पुलिस द्वारा सकरी चौक के पास से की गई है। आरोपी कोच के खिलाफ पाक्सो और एससी/एसटी एक्ट जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज था और वह काफी समय से फरार चल रहा था।

एसडीपीओ पश्चिमी-टू अनिमेश चंद्र ज्ञानी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला खिलाड़ी ने अपने कोच राहुल कुमार पर बेहद संगीन आरोप लगाए हैं।

प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपी कोच ट्रेनिंग देने के बहाने कई बार खिलाड़ी को अनुचित तरीके से छूता था और अश्लील हरकतें करता था। इसके अलावा उसने खिलाड़ी को अकेले में मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए भी मजबूर करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने इसकी मुखालफत की, तो आरोपी ने उसका करियर पूरी तरह खराब करने और उसे ट्रेनिंग कैंप से बाहर निकलवाने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया जब तुर्की थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने इस साल 25 मार्च को पटना के कंकड़बाग थाने में आरोपी राहुल कुमारके खिलाफ 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई थी।

चूंकि मामला मुजफ्फरपुर जिले का था, इसलिए पटना पुलिस ने केस को आगे की कार्रवाई के लिए तुर्की थाने को ट्रांसफर कर दिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी कोच अपने घर से फरार था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तुर्की थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। मंगलवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सकरी सरैया चौक के पास देखा गया है।

पुलिस टीम ने तुरंत जाल बिछाया और चौक पर स्थित एक दुकान के पास से आरोपी राहुल कुमार को दबोच लिया। पुलिस अब आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पुख्ता साक्ष्य जुटाने में लगी है।

# पढ़ने जा रही छात्रा को दुकान में बुलाकर दुष्कर्म

## महीनों पूर्व से कर रहा था छेड़खानी

**बक्सर।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता की मां के बयान पर आरोपितों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराने के बाद महिला थाना की पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में लगी है। इस बीच पीड़िता की मेडिकल जांच कराते हुए कोर्ट में बयान दर्ज करा लिया गया है। जानकारी देते महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा कुमारी ने बताया कि 11 जुलाई की सुबह छह बजे हुई घटना की प्राथमिकी बुधवार को कराई गई है। पीड़िता की मां के अनुसार तब पीड़िता अपने घर से पढ़ने के लिए कोचिंग जा रही थी।

तभी रास्ते में गांव के ही कोटा का दुकान चलाने वाले नामजद युवक ने जरूरी काम के बहाने उसे बुलाया ओर दुकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती वारदात को अंजाम देने के बाद किसी को बताने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। पीड़िता ने घर जाकर अपनी मां से पूरी बात बताते हुए कहा कि विगत पांच महीने से कोचिंग जाने के दौरान नामजद आरोपित अपने एक दोस्त के साथ उससे छेड़खानी कर रहा था और सम्बंध बनाने के लिए जोर दे रहा था। इसी क्रम में एक महीना पहले भी किशोरी को किसी काम के बहाने आरोपित ने खेत मे बुलाया और जबरदस्ती सम्बंध बनाने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके डर से पीड़िता ने किसी से कुछ नहीं बताया।

पीड़िता की मां जब आरोपित के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोपित, उसके माता पिता और बहन ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में पीड़िता की मेडिकल जांच कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करा लिया गया है। नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी चल रही है, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।


# लापता सफाईकर्मी की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** शहर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पिछले तीन दिनों से लापता नगर परिषद के सफाईकर्मी का शव एक खुले नाले से बरामद किया गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के रामनरेश नगर मोहल्ले की है। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय चुन्नी राम के रूप में हुई है, जो गोपालगंज नगर परिषद में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। परिजनों के अनुसार, चुन्नी राम पिछले तीन दिनों से लापता थे। परिवार के लोग लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह रामनरेश नगर मोहल्ले में घर के पास स्थित खुले नाले से तेज बदबू आने लगी। स्थानीय लोगों ने जब नाले में झांककर देखा तो उसमें एक शव पड़ा मिला। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

# धमकी भरे पोस्टर से क्षेत्र में सनसनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के नाम से धमकी भरा पोस्टर चिपकाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। माइल गांव के सेमरहट टोला स्थित एक घर पर लगाए गए पोस्टर में एक युवती पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। पोस्टर में खुद को टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर 'नवीन जी' बताते हुए दावा किया गया है कि यह चेतावनी लोहरदगा-लातेहार-महुआडांड़-दारू एवं गुमला-पलामू सीमांत जोनल कमेटी की ओर से जारी की गई है। इसमें राधिका देवी की बेटी सीमा कुमारी पर संगठन की गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

धमकी भरे पोस्टर में परिवार से सीमा कुमारी को घर से निकालने की बात कही गई है। ऐसा नहीं करने पर उसके खिलाफ 'फौजी कार्रवाई' करने और पूरे घर में आग लगा देने जैसी गंभीर धमकियां भी दी गई हैं। पोस्टर मिलने के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल है।

घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पोस्टर किसने और किन परिस्थितियों में लगाया, इसकी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस पारिवारिक विवाद समेत अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मटन खरीदने गयी छात्रा का अपहरण

## 50 लाख फिरौती की मांग □मशक्कत के बाद बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बबरगंज थाना क्षेत्र के अलीगंज से मां के साथ मटन खरीदने गई 12 वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। परिजनों का आरोप है कि अपहरणकर्ताओं ने छात्रा के रेलकर्मी पिता से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। परिजनों के मुताबिक बदमाशों ने मोबाइल पर कई बार बात कर पैसे का इंतजाम करने और रकम नहीं देने पर छात्रा की हत्या करने की धमकी भी दी।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह बेटी के साथ मटन की दुकान पर गई थी। जब वह मटन खरीदने में व्यस्त थी और पीछे मुड़कर देखा तो बेटी वहां नहीं थी। इसके बाद वह घबराकर बेटी का नाम पुकारते हुए आसपास तलाश करने लगी। काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का पता नहीं चला तो परिजनों के साथ बबरगंज थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। इसी दौरान मोबाइल पर कॉल कर 50 लाख रुपये की मांग किए जाने का आरोप है।

घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने सिटी डीएसपी-2 राकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम और तकनीकी टीम का गठन किया। पुलिस ने जिले में नाकेबंदी कर जांच शुरू की। इसके बाद बुधवार शाम करीब पांच बजे छात्रा सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में सकुशल मिली। पुलिस की विशेष टीम उसे महिला पुलिस पदाधिकारी की निगरानी में भागलपुर लेकर आई। छात्रा की सुरक्षित वापसी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।

सिटी डीएसपी-2 राकेश कुमार ने कहा कि फिलहाल इसे फिरौती के लिए अपहरण का मामला कहना जल्दबाजी होगी। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म अनुसंधान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ही पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की जाएगी।

# चढ़ावा चोरी के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन



## चंपत राय, अनिल मिश्र तथा गोपाल गिरी को गिरफ्तार करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के दिशा निर्देशों पर आज गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से अयोध्या के श्रीराम मंदिर से रामलला के चरणों के चढावा चोरी के खिलाफ विशाल प्रदर्शन निकाला।

प्रदर्शन राजेंद्र आश्रम, दिग्गी तालाब, शहीद भगत सिंह मोड़, कोईरीबाड़ी होते गयाजी समाहरणालय के मुख्य द्वार पर पहुंच कर जम कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झूना ने किया, प्रदर्शन कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र कुमार निराला, अशोक कुमार भारती, अर्जुन प्रसाद, सैफुल इस्लाम, मोहम्मद नवाब अली, अनिल कुमार पासवान, मदीना खातून, पूनम कुमारी, अंशु सिन्हा, बृजेश राय, मोहम्मद ताज उद्दीन, शिवनाथ प्रसाद, चंदन कुशवाहा, रवीन्द्र कुमार सिंह, परशुराम सिंह, अखलद,युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मुन्ना मांझी, मोहम्मद कमरू, कॉंग्रेस अनुसूचित जाति, जनजाति के अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान, इंदल पासवान,इंटक के टिंकू गिरी, अरुण पासवान, शिव नाथ निराला, महेंद्र प्रसाद, शंकर कुमार, राम भवन कुमार, नवल किशोर शर्मा, आदि ने कहा कि विश्व के सनातनीयों के आस्था, विश्वास का केंद्र बिंदु अयोध्या के श्रीराम मंदिर के चढावा को ट्रस्ट के लोगों द्वारा सी सी टी वी कैमरा बंद कर 40 दोनों मे 70 बार रुपया, सोना, चांदी, जवाहरात आदि की चोरी करने की घटना से लोगों में भारी आक्रोश है।

नेताओं ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी चढावा चोरी के उजागर होने तक चरणबद्ध आंदोलन गयाजी से अयोध्या तक जारी रखेगी, तथा इसमें शामिल सभी सफेदपोश को उजागर करा कर रहेगी।

नेताओं ने सरकार से श्री राम मंदिर तीर्थयात्रा ट्रस्ट को भंग करने, इसमें शामिल भाजपा, आर एस एस के लोगों को निकाल बाहर कर पहले की तरह साधु, महात्माओं को रखने, चंपत राय, अनिल मिश्र तथा गोपाल गिरी को गिरफ्तार करने, प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ने आदि मांगों को अविलंब पूरा कराने की मांग की है।

प्रदर्शन समाप्ति के उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी, गया जी से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक छह सूत्री ज्ञापन सौंपा।

नेताओं ने कहा कि मोक्ष, ज्ञान , भगवान विष्णु, बुद्ध की धरती गयाजी में लगातार आंदोलन जारी है, आगे भी संपूर्ण जिला में श्रीराम मंदिर चढावा उजागर करवाने हेतु रथ के माध्यम से जनजागरण कर अयोध्या तक आंदोलन को ले जाने का संकल्प दोहराया ।

# रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू 79 मतों से निर्वाचित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के कछीयावां पैक्स चुनाव में रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू ने 79 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। रजनीकांत कुमार को कुल 596 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवकुमार को 517 मत मिले।

बुधवार को मतदान के बाद हुई मतगणना के दौरान शुरू से ही दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। हालांकि अंतिम चरण में रजनीकांत कुमार ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत अपने नाम कर ली। परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जैसे ही रजनीकांत कुमार प्रखंड कार्यालय परिसर से बाहर निकले, समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। समर्थकों ने नारे लगाते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।

स्थानीय लोगों ने उनकी जीत को उनकी सक्रियता, जनसंपर्क और किसानों के बीच लगातार किए गए कार्यों का परिणाम बताया।

# रेस्क्यू कर बचाई बेजुबान की जान

## पुलिस और अग्निशमन टीम की हुई सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा के मेसकौर प्रखंड के बेलबान गांव में बुधवार को एक ऐसा रेस्क्यू ऑपरेशन चला, जिसने पूरे इलाके का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। गांव के लोग एक बेजुबान की जान बचाने के लिए घंटों तक जद्दोजहद करते रहे। मंगलवार देर शाम एक अंधा सांढ़ अचानक गांव के एक पुराने और गहरे कुएं में गिर गया था। कुएं से आवाजें सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हर कोई हैरान रह गया। तुरंत इसकी सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके की निगरानी शुरू कर दी।

अंधेरा अधिक होने की वजह से रात में रेस्क्यू अभियान चलाना संभव नहीं था। ऐसे में पुलिस ने कुएं के आसपास सुरक्षा घेरा बनाकर स्थिति पर नजर बनाए रखी।

बुधवार सुबह रजौली अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की टीम जरूरी उपकरणों के साथ गांव पहुंच गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और हर किसी की नजर कुएं पर टिकी थी। इसके बाद शुरू हुआ बेजुबान को मौत के मुंह से बाहर निकालने का अभियान।

रस्सियों और अन्य उपकरणों की मदद से अग्निशमन कर्मियों ने रेस्क्यू शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार सांढ़ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुएं से बाहर आते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सांढ़ की हालत सामान्य थी और वह धीरे-धीरे चलने भी लगा था। ऐसा लगा कि अब खतरा पूरी तरह टल चुका है। लेकिन किस्मत ने अभी एक और मोड़ संभाल कर रखा था।

अंधा होने की वजह से सांढ़ को आसपास की स्थिति का अंदाजा नहीं हो सका। कुएं से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद वह फिर उसी दिशा में बढ़ गया।

देखते ही देखते वह दोबारा उसी पुराने कुएं में जा गिरा। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों के होश उड़ गए। कुछ देर पहले खत्म हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन फिर से शुरू करने की नौबत आ गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

अग्निशमन विभाग की टीम ने बिना समय गंवाए फिर से मोर्चा संभाल लिया। एक बार फिर रस्सियां डाली गईं और बचाव अभियान शुरू किया गया।

काफी मशक्कत और सतर्कता के बाद सांढ़ को दूसरी बार भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस बार ग्रामीणों ने उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में मदद की। दो बार मौत के मुंह से लौटे इस बेजुबान की कहानी गांव में चर्चा का विषय बनी रही।

रेस्क्यू अभियान में मेसकौर डायल-112 पुलिस और रजौली अग्निशमन इकाई की टीम ने अहम भूमिका निभाई। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रविंद्र राम के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। प्रधान अग्निक सुरेंद्र कुमार शर्मा, चंदन कुमार समेत कई जवान इसमें शामिल रहे।

# नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत राजौर रामभद्रपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं तथा शेष कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने संबंधित लोगों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि भवन से जुड़े सभी शेष कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि पंचायत सरकार भवन का उपयोग जल्द से जल्द आम लोगों की सुविधाओं के लिए शुरू किया जा सके।

उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इस अवसर पर राजौर रामभद्रपुर पंचायत के मुखिया रामचंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण को पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इसके चालू होने से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर कम लगाना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान पंचायत सरकार भवन की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की गई। बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को भवन को शीघ्र पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया इस मौके पर पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण एवं संबंधित विभाग के कर्मी भी उपस्थित रहे।

# पुलिस गश्ती वाहन से बाइक सवार की मौत पर बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पुलिस वाहन से बाइक की टक्कर होने से मारा गया बाइक सवार महथवर बलबा निवासी 23 वर्षीय प्रद्युम्न कुमार का पार्थिव शरीर रख जीडीएम कॉलेज के पास एनएच -20 (बख्तियार पुर - बिहारशरीफ रोड) को जाम कर आगजनी और पथराव किया।

बुधवार शाम सात बजे से लोग सड़क जाम के लिए एकत्र होने लगे और रात नौ बजे से बवाल शुरू हुआ जो लगभग 11 बजे तक चला।

बताया गया कि प्रद्युम्न के ससुराल के स्वजन आए। उनमें से कोई एक ने स्वयं को राजद का नेता बताकर मृतक की पत्नी और अबोध बच्चों को हरनौत जीडीएम कॉलेज के पास यह कह कर ले गये कि रोड जाम करना है। हम नौकरी दिला देंगे।

गांव वालों ने बताया कि शाम में प्रद्युम्न कुमार के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट ले जाने की तैयारी हो चुकी थी। लेकिन ससुराल पक्ष से आए कुछ युवकों ने किसी की बात नहीं सुनी, उल्टे ग्रामीणों से उलझ गए। वे लोग पार्थिव शरीर लेकर हरनौत के रूपसपुर जीडीएम कालेज पहुंचे और एनएच को जाम कर दिया। दोनों लेन पर टायर जला अवरुद्ध कर दिया।

तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। कंकड़, पत्थर,ईंट आदि से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस बल को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस का गोला छोड़ा गया। 12-15 राउंड हवाई फायरिंग की भी बात कही जा रही है। लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है।

नालंदा पुलिस ने बयान जारी कर कहा है कि उपद्रवियों ने पुलिस बल पर ईंट, पत्थर आदि से हमला किया।अग्नि शमन की टीम ने सड़क पर जलाई गई टायर की आग को बुझाई। इसके बाद गमागमन सुचारु हुआ।

बताया जा रहा है कि बवाल के दौरान क्यूआरटी में शामिल एक पुलिसकर्मी का बेहोश होने की सूचना है। वहीं, सड़क जाम कर रही एक महिला जख्मी हुई है। उस महिला का उपचार थाना पुलिस ने कराई है।

जाम में फंसे वाहनों पर आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर ईंट, पत्थर, कंकड़ों से प्रहार किया। इस दौरान हरनौत ,वेना,चेरो, कल्याबिगहा, भागनबिगहा,गोखुलपुर थाने की पुलिस टीम सहित पुलिस लाईन से 150 के आसपास पुलिस बल उपस्थित थे। एसडीपीओ, एसडीएम, बीडीओ और सीओ भी उपस्थित थीं।

# कुएं से महिला की लाश बरामद

**गयाजी।** जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने एक कुएं में महिला का शव तैरता देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाने के साथ पहचान और मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी।

घटना इमामगंज थाना क्षेत्र के मुसड़टांड गांव के बधार की है। सुबह ग्रामीण रोज की तरह खेतों में काम करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर बधार के समीप स्थित एक कुएं पर पड़ी, जहां एक महिला का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने तत्काल इमामगंज थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे इलाके को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों की मदद से कुएं से शव को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण भी किया।

# करोड़ों के वाहन ऋण घोटाले का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हाथीदह पुलिस ने करीब पौने तीन करोड़ के वाहन ऋण घोटाले का खुलासा किया है। पुलिस ने झारखंड और बिहार के कई जिलों में छापामारी कर पांच ट्रक अपने कब्जे में कर इस जालसाजी की पूरी गुत्थी सुलझाने का दावा भी किया है। इस ऋण घोटाले का मुख्य किंगपिन लखीसराय जिले का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार, लखीसराय जिले के वलीपुर ग्राम निवासी गोपाल सिंह ने हाथीदह के बैंक ऑफ बडौदा शाखा से पिछले साल 18 चक्का वाले छह बड़े ट्रक का ऋण स्वीकृत कराया था। बैंक ने बेगूसराय की एजेंसी को सभी छह ट्रकों की कीमत 2 करोड़ 87 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया।

ट्रक मालिक गोपाल सिंह ने एजेंसी से दस्तावेज पर बिना हस्ताक्षर के ही पांच ट्रक हासिल कर लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्रक लेने के बाद गोपाल सिंह ने बैंक का लोन अदा करने से इनकार कर दिया। गोपाल सिंह ने तर्क दिया कि एजेंसी से पांच ट्रक उसे मिले ही नहीं हैं।

लोन का भुगतान नहीं होने पर शाखा प्रबंधक ने ऋणकर्त्ता गोपाल सिंह पर हाथीदह थाने में प्राथमिकी करा दी। मामला दर्ज होने के बाद ट्रक मालिक को अदालत से जमानत मिल गई।

इधर, बाढ़ एसडीपीओ रामकृष्णा ने इस घोटाले की गुत्थी सुलझाने के लिए हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित कर दी। जांच टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर एक सप्ताह तक झारखंड और बिहार के कई जिलों में छापामारी की।

इस दौरान बिहार के खगड़िया और झारखंड के धनबाद, दुमका से माल की ढुलाई करते ऋण वाले तीन ट्रकों को कब्जे में ले लिया गया। दो ट्रक दुमका जिले के जामा थाना में पहले से पुलिस ने अन्य मामले में जब्त कर लिए थे। ट्रकों की बरामदगी के बाद चालक और ट्रांसपोर्टर ने वाहन मालिक के रूप में गोपाल सिंह की पहचान की पुष्टि कर दी है।

पुलिस का कहना है कि पौने तीन करोड़ के ट्रक ऋण की रकम हड़पने के लिए ऋणकर्त्ता ने ही पूरी प्लानिंग के तहत गहरी साजिश रची थी। हाथीदह पुलिस अब इस ऋण घोटाले की नए सिरे से जांच कर रही है।

बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक की भूमिका भी संदिग्ध दिख रही है।

# विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र से दहेज हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि शादी के महज दो महीने बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 20 वर्षीय विवाहिता की हत्या कर दी और सबूत मिटाने की नीयत से उसका शव चुपके से जला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी परिवार के सभी सदस्य फरार बताए जा रहे हैं।

मृतका की पहचान डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी दीपक राम की पत्नी राधा कुमारी के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही राधा को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष 50 हजार रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी हत्या कर दी गई।

राधा के पिता धनजी राम, जो नासरीगंज थाना क्षेत्र के सोहगी गांव के रहने वाले हैं, ने बताया कि 14 मई को उन्होंने अपनी बेटी की शादी शिवपुर गांव निवासी दीपक राम से की थी। उनका कहना है कि शादी में अपनी क्षमता के अनुसार सभी जरूरी सामान दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे।

# 5,000 करोड़ के लक्ष्य की ओर बढ़ा खान विभाग, पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन

## चालू वित्तीय वर्ष में 5 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खान एवं भू-तत्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जून तक 505.26 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 23.35 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी खान निदेशक मनेश कुमार मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 की समान अवधि में विभाग ने 409.62 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया था। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीनों में विभाग ने पिछले वर्ष की तुलना में 95.64 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है जो विभाग की बेहतर राजस्व संग्रह क्षमता को दर्शाता है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5,000 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है जो वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा प्राप्त राजस्व से 25 प्रतिशत से अधिक है। मीणा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में जून 2026 तक अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई के तहत 23.28 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए हैं। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 25.22 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में जून तक इसी प्रकार के मामलों में 18.59 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए थे। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में दी। बैठक में विभागीय सचिव-सह-खनन आयुक्त अवनीश कुमार सिंह के साथ राज्यभर के सभी सहायक निदेशक एवं खनिज विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। निदेशक ने बताया कि 10 जून 2026 से बिहार में अन्य राज्यों से लघु खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के लिए इंटर-स्टेट ट्रांजिट परमिट अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लागू होने के बाद से अब तक विभाग ने 26.91 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में केवल आईएसटीपी के माध्यम से ही राज्य को 200 से 250 करोड़ रुपये तक का राजस्व मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों में आईएसटीपी पहले से लागू था, लेकिन बिहार में इसे लागू नहीं किए जाने के कारण राज्य को राजस्व का नुकसान हो रहा था। अब तक 19,000 वाहनों का पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है तथा प्रतिदिन लगभग 4,000 वाहन झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से बिहार में प्रवेश कर रहे हैं। आईएसटीपी प्रणाली के तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले वाहनों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य राज्य में खनिजों के आयात, परिवहन और उपयोग से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा राजस्व-केंद्रित बनाना है।

# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान जगन्नाथ की भव्य एवं दिव्य रथयात्रा के शुभारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से समाज में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का वातावरण निरंतर बना रहे। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज को एकता, समानता और सद्भाव का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ की यह रथयात्रा 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी प्रसिद्ध है। यह यात्रा भक्ति, समानता और लोककल्याण की भावना को सुदृढ़ करती है। इसके साथ ही यह धर्म के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने तथा आत्मा के परमात्मा की ओर अग्रसर होने का प्रतीक मानी जाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों से रथयात्रा के अवसर पर आपसी सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान करते हुए सभी के लिए सुखमय, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की।

# दो माह पर बदले जाएंगे चेकपोस्ट प्रभारी : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव नवीन कुमार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक दो माह पर चेकपोस्ट पर तैनात प्रभारी बदले जाएंगे। वह बुधवार को कुम्हरार स्थित मुख्य उत्पाद रसायन परीक्षक कार्यालय, चेकपोस्ट, ड्रोन तथा डिजिटल लॉक कन्ट्रॉल एवं कमाण्ड सेन्टर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां राज्य की पांच समेकित एवं अन्य जांच चौकी के प्रभारी को निर्देशित किया कि वे ड्यूटी के दौरान यूनिफार्म में रहें। जांच चौकियों पर रजिस्टरों को सुरक्षित रखें। इसके अतिरिक्त चेकपोस्ट से गुजरने वाली सभी गाड़ियों को विभाग से दिए गए संसाधनों के माध्यम से विधिवत जांच करें। चेकपोस्टों की निगरानी के लिए चेकपोस्ट कन्ट्रॉल एवं कमाण्ड सेन्टर प्रभारी को सीसीटीवी के माध्यम से लाइव मॉनिट्रिंग करने सचिव ने कहा। सचिव ने समेकित जांच चौकी से बिहार में प्रवेश करने वाले अल्कोहल से लदे वाहनों में डिजिटल लॉक लगाने के लिए पोस्टर / बैनर तथा घोषणा के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने कहा। मुख्य उत्पाद रसायन परीक्षक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सचिव ने परीक्षक को इथनॉल में मिलाए जाने वाले पदार्थ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। 48 घंटे के अन्दर नमूनें का रासायनिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने भी कहा।

# सूबे की शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया बल, सात संस्थाओं के साथ समझौता

## सीएम की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने खुद की थी पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर गुरुवार को सात स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों को सहयोग तथा विद्यालयों की समीक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाना है। शास्त्रीनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, स्थानीय विधायक



संजीव चौरसिया व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए जिन संस्थाओं के साथ समझौता हुआ है उनमें वाधवानी एआई, खान एकेडमी इंडिया, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, एकस्टेप फाउंडेशन, पीआई जैम फाउंडेशन, मंत्रा फॉर चेंज और शिक्षालोकम फाउंडेशन शामिल हैं। ये सभी संस्थाएं एआई और आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहयोग करेंगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि ये संस्थाएं विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमजोरियों की पहचान करने, उनके नियमित अभ्यास को बढ़ावा देने तथा आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास के बेहतर उपयोग में सहयोग करेंगी। सभी अपने आंतरिक संसाधनों से शिक्षा विभाग के साथ काम करेंगी और इसके लिए विभाग को कोई राशि नहीं देनी होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली इन संस्थाओं के अनुभव का लाभ राज्य के बच्चों, शिक्षकों व विद्यालयों को मिलेगा। इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनेगी। इससे पहले बिहार स्कूल लाइव क्लासेज की शुरुआत के मौके पर शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री के साथ विद्यालय की छात्राओं से संवाद स्थापित किया तथा उनकी जिज्ञासाओं और अनुभवों को सुना।

# मुख्यधारा से जुड़कर ही दलित समाज का होगा सशक्तिकरण : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि कुछ लोगों ने दलित राजनीति को मुख्यधारा से अलग खड़े रहने की विचारधारा तक सीमित कर दिया है। इतना ही नहीं, जो दलित नेता राष्ट्र की मुख्यधारा के साथ मिलकर समाज के विकास की राजनीति करते हैं, उनके विरुद्ध भी भ्रम और अविश्वास का वातावरण बनाया जाता है जबकि सच्चाई यह है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य वंचित वर्गों को सबसे अधिक आवश्यकता मुख्यधारा से जुड़ने की है। शिक्षा, रोजगार, आर्थिक अवसर और राजनीतिक भागीदारी का विस्तार अलगाव से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की धारा में सहभागी बनने से ही संभव है। डॉ. सुमन ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दलित समाज को अलग-थलग रहने का नहीं, बल्कि समान अधिकार, समान अवसर और सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का मार्ग दिखाया था। अलगाववाद, उग्रवाद, नक्सलवाद और समाज को बांटने वाली विचारधाराएं कभी भी दलित और वंचित समाज के विकास का रास्ता नहीं बन सकतीं। इन रास्तों ने सबसे अधिक नुकसान गरीबों, दलितों और आदिवासियों को ही पहुंचाया है। समाज को संघर्ष नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल, उद्यमिता और अवसरों की आवश्यकता है।

# बांकीपुर में एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा का जनसंपर्क अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, बाजारों और मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से संपर्क कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत वार्ड-21 स्थित श्रीकृष्णापुरी पार्क से हुई जहां मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से मुलाकात की गई। इसके बाद श्रीकृष्णापुरी के विभिन्न इलाकों में लोगों से संवाद किया गया। अभियान के दौरान अशोक राजपथ स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से भी संपर्क



किया गया। इसके बाद वार्ड-37 के नटराज गली, अशोक राजपथ, गोला रोड, बजाजा, दलदली, आईएमए हॉल, द्वारिकानाथ लेन और सालिमपुर अहरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। वहीं जंक्शन मंडल के बाकरगंज रोड तथा कदमकुआं मंडल के उमा सिनेमा हॉल, दलदली रोड, बजाजा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, कला मंच, ठाकुरबाड़ी रोड, चूड़ी मार्केट और पार्क रोड समेत कई इलाकों में भी अभियान चलाया गया। अभियान में पार्षद संजीव आनंद, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे। दोपहर में नीरज सिन्हा ने पटना सिविल कोर्ट परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की और उनका सहयोग एवं समर्थन मांगा। भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल और सकारात्मक जनसमर्थन मिलने का दावा किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने कहा बांकीपुर की जनता के प्यार और स्नेह से मैं अभिभूत हूं। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का जो समर्थन मिल रहा है उससे यह विश्वास मजबूत हुआ है कि इस उपचुनाव में जनता कमल खिलाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा तथा लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।

# कोरियन भाषा सीखेंगे बिहार के युवा


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से पटना सिटी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), में कोरियन भाषा प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन विभाग के सचिव डॉ. कौशल किशोर ने किया। सचिव ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गुलजारबाग में कोरियन भाषा प्रशिक्षण केंद्र में कोरियन भाषा (टॉपिक लेवल-3) के प्रशिक्षण के लिए चार माह का सुपर-इंटेंसिव प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बिहार के युवाओं को विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसरों से जोड़ना है।

# भक्तों को दर्शन देने रथ पर सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ, सीएम ने की आरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से अषाढ़ कृष्ण पथ तृतीया तिथि को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी से अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथयात्रा की शुरूआत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भगवान जगन्नाथ की आरती व पूजा अर्चना कर की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रथयात्रा के मार्ग पर झाड़ लगाकर भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि रथयात्रा की आरती और झाड़ू लगाने में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह



एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधि मंत्री संजय टाइगर, खाद्य आपूर्ति मंत्री अशोक चौधरी, विधानसभा में मुख्य सचेतक डॉ संजीव चौरसिया, सचेतक रत्नेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से निकलने वाली रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलदेव व सुभद्रा के काष्ठ का विग्रह जगन्नाथपुरी से आया है जबकि 40 फीट ऊंचा हाइड्रोलिक रथ बेगूसराय से मंगाया गया है। रथ यात्रा की रस्सी वहां मौजूद भक्त खींच रहे हैं। रथयात्रा समय से निकली और गर्दनीबाग, मिठापुर, कच्ची तालाब,होते हुए वापस गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी पहुंची। वहाँ भगवान की आरती के बाद भगवान को छप्पन भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भगवान जगन्नाथ के स्वागत के लिए रथ यात्रा के पूरे मार्ग को बेहद खूबसूरती से सजाया जाएगा।

# पदाधिकारियों की मजबूत इच्छाशक्ति गांवों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को होटल चाणक्य में 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि गांवों के समग्र विकास के सपने को साकार करने के लिए सभी पदाधिकारियों में दृढ़ इच्छाशक्ति का भाव होना चाहिए। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त, उत्तरदायी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन ही सही मायने में ग्रामीण भारत का विकास सुनिश्चित करेगा। बैठक में मंत्री ने सभी जिलों के डीडीसी और डीपीआरओ की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में विभाग ने 28 हजार करोड़ रुपये के उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) जमा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने योजनाओं की नियमित समीक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और योजनाओं को जल्द पूरा करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# सोशल मीडिया के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करें : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को आईपीआरडी में विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के क्रम में मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सूचना क्रांति के समय में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को केवल प्रचार का साधन न बनाकर जनभागीदारी का प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए। विभिन्न योजनाओं पर जनता का फीडबैक लिया जाए, सुझाव आमंत्रित किए



जाएं और सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा दिया जाए। जिला स्तर पर भी प्रचार-प्रसार की गति को तेज करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाना चाहिए।

मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया आज की दुनिया में जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। इसके जरिए सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं की समस्याओं को भी सुना जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया के जरिये बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के खिलाफ फैलने वाली भ्रामक खबरों का तथ्यात्मक रूप से जवाब दिया जाए तथा सोशल मीडिया के माध्यम से त्वरित खंडन किया जाए। बैठक में जिलों में निर्मित प्रेस क्लब भवनों के संचालन पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि इन भवनों के रख-रखाव को व्यवस्थित किया जाए ताकि जिला स्तर के प्रेस बंधुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग की भूमिका सूचना के सही प्रवाह को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं रेडियो के माध्यम से भी प्रभावी काम-काज सुनिश्चित किया जाए।

# दानापुर मंडल में सघन टिकट जांच अभियान निरंतर जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध मंडल में नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15.07.2026 को देर रात तक वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर के नेतृत्व में मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों में देर रात तक व्यापक एवं सघन टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विशेष टिकट जांच दलों का गठन कर विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशनों पर गहन जांच की गई। अभियान के अंतर्गत किऊल जंक्शन पर संचालित 'लाल गाड़ी' विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान 516 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे किराया एवं जुर्माना मिलाकर कुल ?4,66,680/- की राशि वसूल की गई। संपूर्ण दानापुर मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 3,362 बिना टिकट एवं अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे किराया एवं दंड के रूप में कुल ?28,80,839/- का राजस्व अर्जित किया गया। इस सघन अभियान के परिणामस्वरूप स्टेशन टिकट काउंटरों पर टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

# राज्य की पंचायतों को मिला टैक्स वसूलने का अधिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की ग्राम पंचायतों को अब कर (टैक्स) वसूलने का अधिकार मिल गया है। ग्राम पंचायतें होल्डिंग से दखलकार पर कर के अलावा पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पेशा, व्यापार, उद्योग पर शुल्क, पंचायत के स्तर से दी गई सेवाओं पर शुल्क एवं पंचायत की तरफ से लगाए जाने वाले अन्य तरह के शुल्क से संबंधित अधिकार मिल गए हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में इससे संबंधित नियमावली के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई है। इसका नाम ग्राम पंचायत कर, दर एवं शुल्क नियमावली, 2026 रखा गया है। कैबिनेट की बैठक में 31 एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायतें इस अधिकतम दर के अधीन रहते हुए कर या शुल्क निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इसे लगा सकेंगी जिससे पंचायतों की स्वयं के आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। यह पहला मौका है जब बिहार में पंचायतों के लिए यह व्यवस्था की गई है। अब तक कोई नियमावली नहीं बनाई गई है, न ही किसी राज्यादेश के माध्यम से कर, दर एवं शुल्क लगाने का अधिकार पंचायतों को सौंपे गए हैं। इस नियमावली में इन तमाम बातों का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए उचित प्रावधान किए गए हैं। श्री चौधरी ने एक अन्य अहम निर्णय की जानकारी दी कि पंचायतों का वर्ष 2011 की जनसंख्या के हिसाब से नए तरीके से परिसीमन कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ता, विकास की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, जनसंख्या के अनुरूप संतुलित प्रतिनिधित्व एवं जनसुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। ग्राम पंचायत क्षेत्रों का गठन या परिसीन होने से प्रशासनिक दक्षता, स्थानीय प्रतिनिधित्व एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों के विकास में क्षेत्रीय संतुलन बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली- 2026 की स्वीकृति दी गई है।

# पीएमसीएच में डेंगू मरीजों के लिए विशेष तैयारी पूरी, 20 बेड का समर्पित वार्ड तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बरसात के मौसम में डेंगू से निपटने को लेकर पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने मरीजों के उपचार के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन ने राजेंद्र सर्जिकल ब्लॉक में डेंगू मरीजों के लिए 20 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया है। वार्ड में मरीजों की सुरक्षा के लिए मच्छरदानियों सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू वार्ड में मरीजों की देखभाल के लिए 24 घंटे चिकित्सकों एवं मेडिकल अटेंडेंट की तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल हर मौसम में संभावित स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। साथ ही नए रेडियोलॉजी भवन में आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार किया गया है जिससे आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को त्वरित एवं बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं, राज्य स्तर पर भी स्वास्थ्य विभाग डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम को लेकर पूरी सतर्कता बरत रहा है। विभाग द्वारा सभी जिलों में फॉगिंग, मच्छर नियंत्रण, सर्विलांस, जांच एवं उपचार की व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# कौशल युवा कार्यक्रम के बालक मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित, प्रशिक्षित छात्रों को प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में संचालित कौशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज बालक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कौशल विकास, आत्मविश्वास एवं आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन में निरंतर सीखते रहने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र के सभी



प्रतिनिधियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और सही मार्गदर्शन प्रदान करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। बालक मार्गदर्शन सत्र के दौरान ए.आई, रोबॉटिक तथा अन्य आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र प्रतिनिधि निधि एवं मनीषा ने रोबॉटिक से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र की प्रतिनिधि निधि, मनीषा, लक्ष्मी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# संपादकीय

## यूपी में वारदात को अंजाम देने से पहले कानून से खौफ खाते हैं अपराधी?

वहीं मजदूरी कर रहे परिवार की उस बच्ची को बहला-फुसला कर ले जाया गया और इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। उत्तर प्रदेश में सरकार का दावा रहा है कि उसने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जिस स्तर पर सख्ती और कार्रवाई की है, उसकी वजह से राज्य की जनता खुद को सुरक्षित महसूस करती है। खासतौर पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित माहौल बना है और कहीं भी आने-जाने में उन्हें किसी तरह के असुरक्षा-भाव से नहीं गुजरना पड़ता।सरकार के इस तरह के दावे निश्चित रूप से आम जनता की सुरक्षा के लिहाज से अहम हैं, लेकिन सवाल है कि क्या राज्य में सरकार और पुलिस का प्रभाव वास्तव में इतना असरकारी है कि किसी भी वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधी कानून से खौफ खाते हैं! गौरतलब है कि गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर में सात वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसकी हालत देख कर उससे बलात्कार के बाद उसकी हत्या की आशंका भी जताई गई है।

खबर के मुताबिक, वहीं मजदूरी कर रहे परिवार की उस बच्ची को बहला-फुसला कर ले जाया गया और इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना के अलावा भी हाल के दिनों में नाबालिग बच्चियों से बलात्कार या उनकी हत्या के अन्य मामले सामने आए और न्याय की मांग के साथ लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा।यह छिपा नहीं है कि आए दिन राज्य सरकार अपना प्रभाव साबित करने के उद्देश्य से अपराध को खत्म कर देने की दुहाई देती रहती है।

यह भी दावा किया जाता रहता है कि कानून के डर से अब अपराधी राज्य छोड़ कर भाग चुके हैं। अगर सरकार के दावे सही हैं, तो ऐसा क्यों है कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के भीतर कानून का कोई खौफ नहीं दिखता और वे महिलाओं के विरुद्ध जघन्य अपराधों को अंजाम देने से भी नहीं हिचक रहे?यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कई बार आपराधिक घटनाओं की संख्या थानों में दर्ज आंकड़ों के मुकाबले वास्तव में कहीं ज्यादा होती हैं। कहने को महिलाओं के लिए राज्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कानून से लेकर हर स्तर पर चौकसी बरतने और हेल्पलाइन की व्यवस्था करने जैसे उपाय किए गए हैं।

मगर सच्चाई यह है कि सरकारी दावों के समांतर अभी भी ऐसा तंत्र सक्रिय करने की जरूरत है, जो महिलाओं के लिए वास्तव में सुरक्षित माहौल बना सके।

# अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

(ललित गर्ग )

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। 14-15 जुलाई को अमेरिकी हमले में ईरान में 30 लोग मारे गए हैं। इस जंग से दुनिया चिंतित है।

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया । ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है। भौगोलिकसंदर्भ

इस संघर्ष का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसमें निर्दोष नागरिकों, नाविकों और आम जनजीवन को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। हाल के घटनाक्रम में भारतीय नाविकों के प्रभावित होने और भारत के सहयोग से विकसित रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह परियोजना को नुकसान पहुंचने से यह स्पष्ट हो गया है कि युद्ध किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक विश्वास-तीनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताता है, लेकिन उसकी विदेश नीति लंबे समय से प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और शक्ति प्रदर्शन पर आधारित रही है। किसी भी राष्ट्र को झुकाने के लिए आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य हमले और राजनीतिक दबाव स्थायी समाधान नहीं हो सकते। महाशक्ति होने का अर्थ केवल सैन्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि संयम, दूरदृष्टि और विश्व समुदाय के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। यदि शक्ति विवेक से संचालित न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है।

दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे।

> **दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं।**

भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल



उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरुआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी की भूमि ने यह सिखाया कि वास्तविक विजय शत्रु को पराजित करने में नहीं, बल्कि शत्रुता को समाप्त करने में है। भारत की विदेश नीति भी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'विश्वबंधुत्व' के आदर्शों पर आधारित रही है। भारत ने हमेशा संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही कारण है कि भारत आज विश्वसनीय मध्यस्थ, संतुलित शक्ति और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में सम्मान प्राप्त कर रहा है। वर्तमान संकट में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। भारत के अमेरिका, ईरान और खाड़ी देशों के साथ संतुलित संबंध हैं। भारत यदि संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सक्रिय शांति पहल करे, तो तनाव कम करने में उसकी भूमिका प्रभावी सिद्ध हो सकती है। साथ ही भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी दूरदर्शी रणनीति अपनानी होगी। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष की विजय की नहीं, बल्कि मानवता की विजय की है। हथियारों की होड़ से न तो समृद्धि आती है और न ही सम्मान। वास्तविक शक्ति मिसाइलों, बमों और युद्धपोतों में नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और संवाद में निहित होती है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, वह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है। अहिंसा कायरता नहीं, बल्कि आत्मबल, धैर्य और दूरदर्शिता का सर्वोच्च स्वरूप है। विश्व समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि किसी भी देश की मनमानी, सामरिक अहंकार और युद्धोन्माद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, निष्पक्ष और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यदि आज भी दुनिया ने युद्ध की राजनीति पर अंकुश नहीं लगाया, तो भविष्य की पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। आज पूरी दुनिया की प्रार्थना यही है कि अमेरिका को शक्ति के साथ सद्बुद्धि मिले, ईरान को संयम और विवेक का मार्ग मिले तथा दोनों राष्ट्र हथियारों की भाषा छोड़कर संवाद की संस्कृति अपनाएं। शांति ही विकास का आधार है, संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग है और अहिंसा ही मानव सभ्यता का सबसे बड़ा अस्त्र है। यही समय की पुकार है, यही मानवता की अपेक्षा है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# दूरदर्शिता की राह, मूलभूत आदर्शों और मूल्यों पर टिकी होती है मजबूत समाज की नींव

(एकता कानूनगो बक्षी )

हर अनुभव के साथ हमारा व्यक्तित्व परिष्कृत, मजबूत और सुदृढ़ बनने लगता है। न्यायपूर्ण और स्पष्ट निर्णय लेना धीरे-धीरे हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। युद्ध और सत्ता के संदर्भ में 'कूटनीति' और 'रणनीति' जैसे शब्द भले ही बड़े और जटिल प्रतीत होते हों, पर उनकी असली नींव अक्सर हमारे बचपन में ही रख दी जाती है। जब हम दिनचर्या के छोटे-बड़े लक्ष्य पूरे करने के लिए अपने अनूठे तरीकों का निर्माण कर रहे होते हैं, तब अनजाने में ही हम निर्णय लेने और संबंधों को संतुलित रखने की कला भी सीख रहे होते हैं। हमारे रोजमर्रा के काम- जैसे जब हम अपने लिए कुछ लेने से पहले आसपास के लोगों की आवश्यकता पूछ लेते हैं, या अपने काम को इस प्रकार करते हैं कि किसी और को उसके कारण असुविधा न हो- वहीं से इस समझ की शुरुआत होती है। जब छोटे-छोटे निर्णयों में हमें दूसरों का खयाल रखना, बांटना और धैर्य रखना सिखाया जाता है, साथ ही हमारे बड़े भी अपने आचरण से सही उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, तब हम अपने लक्ष्य तक पहुंचने के मार्ग को केवल उसकी लंबाई या उससे मिलने वाले लाभ के आधार पर नहीं, बल्कि नैतिकता और व्यापक दृष्टि से देखने लगते हैं। हर अनुभव के साथ हमारा व्यक्तित्व परिष्कृत, मजबूत और सुदृढ़ बनने लगता है। न्यायपूर्ण और स्पष्ट निर्णय लेना धीरे-धीरे हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। कहने को तो यह आचरण सामान्य शिष्टाचार की श्रेणी में आता है, जो लगभग हर व्यक्ति को बचपन में सिखाया जाता है, लेकिन भविष्य में जब जीवन अपना पूर्ण आकार लेता है और हमारे निर्णयों का प्रभाव पहले से कहीं अधिक व्यापक हो जाता है, तब हमारी कार्य-योजनाओं और निर्णयों को कूटनीति और रणनीति का नाम दे दिया जाता है।

जबकि हमारे भीतर बचपन में विकसित हुई वही कोमल संवेदनाएं और आदर्श ही हमारा मार्गदर्शन कर रहे होते हैं। सच यह है कि हमारे व्यक्तित्व के सोचने-समझने की दिशा बचपन में ही चुपके-चुपके तय होती रहती है, जब हमें परिवार से लेकर समाज और हमारे खेलने-कूदने से लेकर लेकर स्कूल तक में व्यवहारों आदि के संदर्भ में सिखाया जाता है। वह हमारा सामाजिक प्रशिक्षण होता है, जिसके जरिए हमारे जीने का ढंग तय होता है और इसके समांतर ही हम अपने सामने घटने वाली घटनाओं को लेकर राय बनाते हैं, अपने भीतर सिंचित आग्रहों के आधार पर उसका आकलन करते हैं। हां, बाद के दिनों में कुछ परिस्थितियों में अगर हमें अपने स्वतंत्र विवेक के साथ जूझने का मौका मिलता है और हम उसे स्वीकार करके सोचने-समझने की नई दिशा पर भी विचार करते हैं, तब हमारी 'कूटनीतिक' दिशा भी बदल सकती है। कई बार 'कूटनीति' को नकारात्मक अर्थों में देखा जाता है, जिसका वास्तविक कारण मनुष्य के भीतर की दुर्बलता होती है। जब व्यक्ति अपने भीतर आवश्यक जीवन-मूल्यों, आदर्शों और विचारों को पनपने का अवसर नहीं देता, तब उसके निर्णय स्वार्थ, संकीर्ण सोच या भय से प्रेरित होने लगते हैं। ऐसे में परिपक्व विचारों तथा न्यायसंगत और साहसिक योजनाओं की अपेक्षा करना ही अनुचित है। दरअसल, कूटनीति केवल परिस्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने की कला नहीं है, बल्कि यह एक चुनाव भी है- एक ऐसा चुनाव, जहां हम तत्काल लाभ और स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक हित, संतुलन और न्याय को प्राथमिकता देते हैं। यह वही समझ है, जो बचपन की सरल सीखों से विकसित होकर जीवन के जटिल निर्णयों में हमारा मार्गदर्शन करती है। हम किन आदर्शों को लेकर चलते हैं, यही निर्धारित करता है कि हमारे निर्णय किस दिशा में आकार लेंगे और हम कितने दृढ़ बन सकेंगे। आम जीवन में भी कूटनीति का अर्थ केवल छल या चतुराई नहीं है। जब व्यक्ति गंभीरता से अपने प्रत्येक कार्य और व्यवहार की जिम्मेदारी स्वीकार करता है, तब वह स्वाभाविक रूप से संवेदनशीलता, संतुलन और समझदारी के साथ व्यवहार करने लगता है। अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भी वह इस बात का ध्यान रखता है कि किसी का अहित न हो।

सही ढंग से बनाई गई योजनाएं संबंधों को सुदृढ़ बनाती हैं और समाज में सामंजस्य बनाए रखने में सहायक होती हैं। जब यही सोच व्यक्ति से आगे बढ़ती है, तो समाज के स्वरूप को भी प्रभावित करने लगती है। इस संदर्भ में यह समझना आवश्यक हो जाता है कि कूटनीति केवल युद्ध और सत्ता का उपकरण मात्र नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति और समाज दोनों को परिभाषित करने वाली एक दृष्टि है। सही कूटनीति किसी एक नेता तक सीमित नहीं रहती, वह एक ऐसा पथ-प्रदर्शक विचार बन जाती है, जिसका अनुसरण करने के लिए किसी आदेश की नहीं, बल्कि विश्वास की आवश्यकता होती है। निस्संदेह, यह यात्रा उसी क्षण आरंभ होती है, जब व्यक्ति अपने प्रत्येक निर्णय में न्याय को चुनने का साहस अपने भीतर जागृत करता है।

# परमाणु संयंत्र का डाटा लीक हो गया, क्या ऐसी साइबर सुरक्षा के भरोसे आगे बढ़ेगा डिजिटल इंडिया?

(नीरज कुमार दुबे)

इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज कथित रूप से सार्वजनिक होने के बाद भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। हम आपको बता दें कि रैनसमवेयर गिरोह वर्ल्ड लीक्स ने दावा किया है कि उसने संयंत्र से संबंधित 19 हजार से अधिक संवेदनशील फाइलें डार्क वेब पर जारी कर दी हैं। इन दस्तावेजों को लगभग 8 लाख 58 हजार फाइलों के उस बड़े संग्रह का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसे परियोजना से जुड़े ठेकेदार रिलायंस समूह के डाटा से चुराया गया है। हालांकि इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, फिर भी विशेषज्ञ इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला मान रहे हैं। इस बीच, रिलायंस समूह ने मीडिया को बताया कि तीसरे पक्ष के भारतीय डाटा सेंटर प्रदाता योट्टा के सर्वर पर रखे गए उसके डाटा में आंशिक सेंधमारी हुई है। कंपनी के अनुसार सरकार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किस प्रकार का डाटा प्रभावित हुआ, इसका खुलासा नहीं किया गया। दूसरी ओर योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को सर्वर पर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा लिया था और संदिग्ध रैनसमवेयर को सक्रिय होने से रोक दिया गया था। बाद में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने संभावित डाटा लीक के दावे की जानकारी दी। हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं।

> **हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं। इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।**

इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जानकारी शत्रुतापूर्ण तत्वों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हमलावर को यह जानकारी मिल जाए कि परियोजना में किन व्यक्तियों, ठेकेदारों और प्रणालियों की पहुंच कहां तक है, तो वह प्रत्यक्ष रूप से परमाणु रिएक्टर पर हमला किए



बिना भी उससे जुड़ी सहायक व्यवस्थाओं, आपूर्ति श्रृंखला या तीसरे पक्ष की प्रणालियों को निशाना बना सकता है। इससे परियोजना के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है। भारतीयनौसेना जानकारी इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। परमाणु ऊर्जा विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि संबंधित हैकर गिरोह पहले भी कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों को निशाना बना चुका है। देखा जाये तो यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना पर साइबर हमलों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष भारत में लगभग दो करोड़ नवासी लाख खाते किसी न किसी रूप में डाटा समझौते का शिकार हुए, जिससे भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा। वहीं हाल के एक औद्योगिक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73 प्रतिशत भारतीय संस्थानों को यह तक जानकारी नहीं थी कि वे कभी साइबर हमले का शिकार हुए हैं या नहीं, जबकि 57 प्रतिशत संस्थानों में बुनियादी साइबर उपायों का भी अभाव है। देखा जाये तो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु क्षमता और सामरिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार भी है। इस परियोजना पर किसी भी प्रकार का साइबर हमला या गोपनीय सूचनाओं का लीक होना सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आधुनिक युद्ध में साइबर क्षेत्र को भूमि, जल, वायु और अंतरिक्ष के समान ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण अवसंरचना से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर शत्रु देश या संगठित साइबर अपराधी बिना प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई के भी रणनीतिक दबाव बना सकते हैं। बहरहाल, इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल परमाणु संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे जुडे ठेकेदारों, डाटा सेंटरों, आपूर्ति श्रृंखला और तीसरे पक्ष की डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा भी समान रूप से आवश्यक है। भविष्य में राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा, नियमित सुरक्षा परीक्षण, आपूर्ति श्रृंखला का कड़ा सत्यापन तथा संवेदनशील सूचनाओं की बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था विकसित करना अनिवार्य होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय रक्षा रणनीति का अभिन्न हिस्सा बनाते हुए इस क्षेत्र में निवेश और समन्वय दोनों को और मजबूत करना होगा, ताकि ऐसी घटनाओं से सामरिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित की जा सके।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# किशोर शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** सदर अस्पताल सभागार में गुरुवार को किशोर शिक्षा एवं किशोर स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ.एस. सरकार ने द्वीप प्रजलित कर किया। प्रशिक्षण का आयोजन डीपीएम - डीएपीसीयू कटिहार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर वाइआरजी केयर बीएसएससी पटना के टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में दो बैचों में कुल 130 शिक्षकों प्रत्येक बैच में 65 प्रतिभागी ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि किशोरों के समग्र विकास के लिए सही मार्गदर्शन, सकारात्मक संवाद तथा





वैज्ञानिक एवं आयु-उपयुक्त जानकारी अत्यंत आवश्यक है।अजय कुमार बरनवाल ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि किशोरों के विश्वासपात्र मार्गदर्शक भी होते हैं। यदि शिक्षक किशोर स्वास्थ्य, जीवन कौशल एवं व्यवहार परिवर्तन से संबंधित विषयों की सही जानकारी रखेंगे,तो वे विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण व्यवहार से बचाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रभावी रूप से प्रेरित कर सकेंगे।प्रशिक्षण में किशोरों में नशा सेवन की रोकथाम, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, जीवन कौशल, एचआईवी एवं एड्स की रोकथाम तथा सुरक्षित एवं स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि जागरूकता, समय पर परामर्श और सही जानकारी के माध्यम से किशोरों को अनेक स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से सुरक्षित रखा जा सकता है।उद्घाटन सत्र में डॉ. एस सरकार ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इस अवधि में सही शिक्षा और उचित परामर्श युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, बेहतर स्वास्थ्य तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यालयों में किशोर स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल शिक्षा को प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे प्राप्त जानकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, जोखिमपूर्ण व्यवहार की रोकथाम करना तथा एचआईवी/एड्स सहित विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम का समापन डीपीएम-डीएपीसीयू सौनिक प्रकाश के धन्यवाद ज्ञापन से किया। कार्यक्रम में पीपीटीसीटी काउंसलर डॉक्टर आभा कुमारी, आईसीटीसी मिथिलेश कुमार ठाकुर, डेप्कु से प्रभाकर लाल दास ने विशेष योगदान दिया। साथ ही कार्यक्रम में पवन कुमार ,नवीन कुमार सिंह,शनि पोद्दार ,परवेज जफर आदि मौजूद रहे।

# डीआरयूसीसी की 89वीं बैठक में रेल मंडल के लिए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित तथा यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 89 वीं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक



में मंडल के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीआरयूसीसी के 14 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कटिहार मंडल के रेल परिचालन, राजस्व वृद्धि, यात्री सुविधाओं के विस्तार और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विभिन्न स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विकास योजनाओं की प्रगति से समिति को अवगत कराया। वहीं सदस्यों ने यात्रियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाया। वहीं इस सत्र की अंतिम बैठक में स्वच्छता,पेयजल, प्रतीक्षालय, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों को हो रही समस्याओं और सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई व्यावहारिक सुझाव दिए। संबंधित अधिकारियों ने सभी सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में सदस्यों द्वारा कटिहार मंडल के स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चल रही योजनाओं में तेजी लाई जाएगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर भी विशेष जोर दिया गया। आयोजित बैठक में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी डॉ. बीके चौधरी, वरिष्ठ मंडल अभियंता प्रभात रंजन सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता लेफ्टिनेंट गौरव राजपाल, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता पंकज पाल, मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ संदीप कुमार पी.एस. सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी के साथ सदस्य मदन लाल मंडल, विनोद यादव, चन्देश्वर सिंह, नैयर खान, कैलाश अग्रवाल, शिव शंकर रवाणी सहित सीमांचल के सांसद प्रतिनिधि के अलावा बिहार और बंगाल से आये अन्य डीआरयूसीसी सदस्य मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### कल्भर्ट के नीचे से प्राणपुर पुलिस ने किया शव बरामद

**प्राणपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री सड़क केवटिया मोड़ से महानंदा बांध दुगार्पुर के बीच अवस्थित मचौला कलर्भट्ट के नीचे शव को देखकर ग्रामीणों ने प्राणपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्राणपुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने शव की पहचान धरहन निवासी सोनू कुमार (28) के रूप में की। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को जानकारी देते हुए घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल का जांच कराया गया। घटनास्थल पर ही पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सोंपा। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का चप्पल बरामद किया। थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि मारने पीटने का कहीं कोई दाग शरीर में नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा मौत का कारण। मृतक के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मृतक का बड़ा भाई मनीष कुमार ने बताया कि तीन भाइयों में सबसे छोटा था बाहर रहता था मंगलवार की शाम को चार साथियों के साथ बाइक से मचौला चौक गया था। चार साथियों में एक को पहचानता हूं। रात में घर नहीं आने के बाद खोजबीन की गई। सुबह 7:00 बजे सूचना मिली की मचौला कलर्भट्ट के नीचे सोनू का शव पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की मां चित्रकला देवी, पिता मणिलाल मंडल,भाई फनीष कुमार रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचकर बेटा का शव देख छाती पीट- पीट कर रोने लगे। मां ने बताया कि रात में खाना बनाया हुआ इंतजार करते-करते सो गई। पिता ने बताया कि कटिहार दोनों भाई को ले गया था। दोनों भाई के नाम से जमीन रजिस्ट्री भी किया तथा एक केस के मामले में सोनू कुमार ने तारीख भी किया। भाई मनीष कुमार ने बताया कि सुबह 7 बजे मोहम्मद लालू साकिन दिघौंच ने फोन किया कि आपका भाई मचौला कलर्भट्ट के नीचे मरा पड़ा हुआ है। घटनास्थल पर थाना अध्यक्ष को ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में राजपूतिया कटिंग के समीप बंधन कर्मी से रूपया लूट कांड की घटना में मृतक का नाम मुख्य अभियुक्त के रूप में प्राणपुर थाना में दर्ज है। उक्त कांड में जेल भी गया।

### महिला के साथ यौन शोषण तथा फ्रॉड के मामले में एक गिरफ्तार

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सैकड़ो लोगों से फ्रॉड किए जाने राशि का गबन तथा लोन दिए जाने नौकरी दिलाया जाने आदि मामले सहित एक महिला के साथ यौन शोषण का मामला दर्ज होने के बाद आजमनगर पुलिस की सहायता से कटिहार पुलिस ने मोहम्मद नूर इस्लाम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। बताया जाता है कि बारसोई प्रखंड क्षेत्र के आबादपुर इलाके के कई महिलाओं तथा आजमनगर प्रखंड के जोकर पंचायत के दर्जनों महिलाओं ने नौकरी दिलाऐ जाने तथा लोन दिलाया जाने के नाम पर लाखों रुपए ठगी का मामला आजमनगर थाने में दर्ज कराया जाने के बाद आजमनगर तथा कटिहार पुलिस मोहम्मद नूर इस्लाम को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी कर रही थी। इस दौरान आजमनगर पुलिस की मदद से मोहम्मद नूर इस्लाम को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आजमनगर थाना क्षेत्र के अलावे टाउन थाना कटिहार क्षेत्र अंतर्गत रामपारा इलाके में भी ठगी तथा यौन शोषण का मामला मोहम्मद नूर इस्लाम पर दर्ज हुआ है। इस बाबत आजमनगर तथा कटिहार पुलिस एक साथ नूर इस्लाम को गिरफ्तार करने के लिए लगातार जगह-जगह पर छापामारी कर रही थी। इस बाबत पुलिस को सफलता मिल पाई है।

### नए राशन कार्ड बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक

**समेली/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समेली प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर नए राशन कार्ड बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने किया। वही बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनामिका तथा प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप कुमार साह सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रकाश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड की सुविधा से वंचित न रहे। इसके लिए सभी पंचायतों में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त करने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पंचायत सचिव, ग्रामीण आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर लोगों को नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित करें, ताकि सभी पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में मुखिया राजीव कुमार मंडल, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर मंडल,सरपंच दिनेश प्रसाद मंडल, दिलीप कुमार यादव, प्रभास कुमार, सुमन शर्मा, अमित सहारा, उत्तम कुमार, पवन कुमार मंडल सहित पंचायत सचिव, ग्रामीण आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, विकास मित्र एवं अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे। बैठक में राशन कार्ड निर्माण प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### पोठिया-दुर्गा स्थान मार्ग पर जलजमाव से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फलका प्रखंड के पोठिया बाजार से दुर्गा मंदिर जाने वाली मुख्य सड़क में जलजमाव के कारण लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गयी है।इस गंभीर समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन से शीघ्र बड़े नाले का निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना था कि पोठिया दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।लेकिन सड़क पर हमेशा गंदा पानी जमा रहने से श्रद्धालुओं, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों तथा स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।बरसात के मौसम में हालात और भी बद से बदत्तर हो जाती है।वर्षों से इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है। यदि सड़क किनारे बड़े नाले का निर्माण करा दिया जाए तो जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान संभव है।ग्रामीणों ने कहा कि उक्त समस्या का जल्द से जल्द निदान नहीं किया गया तो वे लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू करेंगे। ग्रामीण मुन्ना मुस्ताक,श्रवण राय, सुनील कुमार यादव,निखिल यादव, गौरव कुमार, संजीव कुमार उर्फ भोलू, अशोक केसरी समेत दर्जनों लोगों ने सांसद एवं कोढ़ा विधायक से पोठिया बाजार से दुर्गा स्थान तक सड़क किनारे नाले का निर्माण कराने की मांग की है।

# एमवीआई पत्नी ने प्रेमी संग लिखी पति के कत्ल की पटकथा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल क्षेत्र से एक सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री सामने आयी है। इस घटना ने हर किसी को हैरान कर दिया। कहानी बिल्कुल किसी क्राइम थ्रिलर फिल्म जैसी है। जहां प्यार ने रिश्तों का कत्ल कर दिया और एक एमवीआई पत्नी ने अपने ही पति की मौत की पूरी स्क्रिप्ट लिख डाली। जम्मू में तैनात विद्युतकर्मी देवकुमार गुंजन जनसाधारण एक्सप्रेस से अपनी पत्नी से मिलने घर लौट रहे थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस पत्नी से मिलने की बेकरारी थी वही उनकी मौत का इंतजाम पहले ही कर चुकी है। 11 जून को खगड़िया जिला के



मानसी रेल थाना क्षेत्र के बदलाघाट के पास चलती ट्रेन में देवकुमार को बेहद करीब से गोली मार दी गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुरूआत में मामला अज्ञात अपराधियों के खिलाफ दर्ज हुआ। रेल पुलिस के लिए यह एक ब्लाइंड मर्डर था। लेकिन 34 दिनों तक तकनीकी और वैज्ञानिक जांच,मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल की कड़ियां जोड़ने के बाद ऐसा खुलासा हुआ जिसने सबको चौंका दिया। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी समिता कुमारी जो सुपौल में एमवीआइ के पद पर तैनात हैं। उसका जहानाबाद निवासी अजीत कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस के मुताबिक दोनों के रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा देवकुमार थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर सुपारी किलर राजू कुमार उर्फ धीरज को हायर किया और चलती ट्रेन में गोली मरवाकर हत्या की साजिश को अंजाम दिया। रेल एसपी हरिशंकर कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एमवीआइ समिता कुमारी, उसके प्रेमी अजीत कुमार और सुपारी किलर राजू कुमार उर्फ धीरज को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने पूरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल मोबाइल और सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है। इश्क... साजिश... सुपारी... और फिर कत्ल। 34 दिन बाद इस मर्डर मिस्ट्री से पर्दा तो उठ गया लेकिन इस वारदात ने रिश्तों के भरोसे और विश्वास पर कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं?

# विशेष छापेमारी में देसी-विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** शराब की तस्करी पर नकेल लगाने को लेकर मनिहारी पुलिस लगातार सक्रिय है. इस दिशा मे सघन छापेमारी भी चलायी जाती है। मनिहारी थानाध्यक्ष ने संतोष कुमार झा ने जानकारी दी कि मिली गुप्त सूचना के आधार में मनिहारी नगर क्षेत्र के तांतीटोला वार्ड संख्या 15 में छापेमारी कर 22 वर्षीय गुड्डु कुमार पिता मनोज ऊर्फ मन्ना महतो को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 4.875 लीटर विदेशी शराब एवं 20 लीटर देशी शराब पुलिस ने बरामद की है। इस संदर्भ मे मनिहारी थानाकांड संख्या 291/26 दिनांक 15.07.2026 दर्ज कर उत्पाद एवं मद्य निषेध की धाराक्ष30(ए) के तहत न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। दूसरी ओर मनिहारी थानाकांड संख्या 234/2026 दिनांक 15.06.2026 के फरार चल रहे प्राथमिकी आरोपी सन्नू ऊर्फ सनो सिंह को उम्र 21 वर्ष को थाना क्षेत्र के बौलिया पंचायत के वार्ड संख्या 15 से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के साथ इस अभियान मे एस आई नीरज कुमार निराला, एस आई अ आशीष कुमार, ए एस आई लड्डु अंसारी शामिल थे।

# संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटका मिला नव विवाहिता का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के बघौरा पंचायत के कालीबाड़ी गांव में संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकी एक नवविवाहिता की शव मिलने से पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार 2 वर्ष पूर्व ही कालीबाड़ी गांव के छोटू विश्वास के साथ माला की शादी हुई थी। जिनकी केवल दो वर्ष के भीतर ही माला देवी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।

हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा हत्या है या आत्महत्या मामला है । परंतु प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले घर वालों के द्वारा शव को फंदे से उतार दिया गया। साथ ही लड़की के मां-बाप



के द्वारा दिए गए दहेज के सारे सामान निकाल लिये गए। घर के सभी आदमी घर छोड़कर फरार हो गया। घर वालों का एक्टिविटीज से हत्या कर दिये जाने का अंदेशा तथा साक्ष्य को छुपाने की कोशिश गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना देर रात्रि की बताई जा रही है। मृतिका माला देवी के पिता चंदन कुमार विश्वास के द्वारा आजमनगर थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार 2 वर्ष पूर्व माला कुमारी की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पंचायत के ही कालीबाडी गांव निवासी छोटू कुमार विश्वास के साथ कराई गई थी। शादी के समय बतौर दहेज ₹300000 सोने और चांदी का जेवर दिया गया था। परंतु लड़के के द्वारा ढाई लाख रुपए मांग की जा रही थी। गरीबी के कारण ढाई लाख रुपए देने के लिए सक्षम नहीं थे। इस बावत विगत रात्रि जान से मार कर शव को फंदे से लटका दिया गया।रात भर शव फंदे में लटकी रही। पुलिस के पहुंचने से पहले सुबह सवेरे घर वालों के द्वारा शव को फंदे से निकाल लिया गया। घटना की सूचना घर वालों के द्वारा सुबह करीब 8:00 बजे लड़की वाले को दिया गया। जबकि घटना रात्रि में ही घटित हुई थी। मृतिका माला देवी के पिता चंदन कुमार विश्वास के द्वारा आजमनगर पुलिस को दिए गए सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया।

# 290 बोतल प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पावर हाउस मनसाही के सामने स्थित बंद पड़े पेट्रोल पंप के बगल में एक पुराना फूस के घर में 290 बोतल कोरेक्स कफ सिरप बरामद की हैं। इसकी जानकारी देते हुए मनसाही थाना के अपर थानाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने बताया कि सूचना मिली कि पावर हाउस मनसाही के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के बगल में एक फूस के घर में कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी की जा रही हैं और लोग पीकर हो हंगामा करते हैं, लगातार इसकी



सूचना मिल रही थी उक्त सूचना के सत्यापन हेतु मैं स्वयं अपनी टीम के साथ पावर हाउस के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पीछे फूस के घर को चारों ओर से नाकाबंदी किया और घर की तलाशी लेना शुरू कर दिए इस पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से दौड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम गौरव कुमार यादव (26)पिता श्याम लाल यादव साकिन कजरा बसंतपुर वार्ड नंबर दो फुलहरा पंचायत थाना मनसाही बताया साथ ही विधिवत तलाशी लेने पर 290 बोतल कोडिंग कफ सिरप भी बरामद किया। तस्कर को गिरफ्तार कर मनसाही थाना लाया गया मामला दर्ज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल जांच कर जेल भेज दिया गया ।

# जिला स्तरीय उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के तत्वावधान में तथा जिला उर्दू भाषा कोषांग, कटिहार द्वारा जिला स्तरीय उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिताझ2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, कटिहार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात 'जिला उदूर्नामा' का विधिवत विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात मैट्रिक/समकक्ष, इंटरमीडिएट/समकक्ष तथा स्नातक/समकक्ष वर्गो के प्रतिभागियों के बीच उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने अपने प्रभावशाली वक्तृत्व, तार्किक प्रस्तुति एवं उर्दू भाषा पर उत्कृष्ट पकड़ का परिचय देते हुए उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया। प्रतियोगिता का आयोजन पूरे समय गरिमापूर्ण, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी, कटिहार ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल अपनी बात रखना नहीं, बल्कि अनुशासित एवं तार्किक ढंग से अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और दूसरों के विचारों को समझना सीखना है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# संतुलित उर्वरक प्रयोग और धान फसल की सुरक्षा पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने किसानों के हित में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग तथा धान फसल में कीट एवं रोगों के समेकित प्रबंधन आईपीएम को लेकर महत्वपूर्ण कृषक परामर्श जारी किया है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील किया है कि वे मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें और आवश्यकता से अधिक यूरिया, डीएपी, एमओपी या अन्य रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न करें।जारी परामर्श में कहा गया है कि असंतुलित उर्वरक प्रयोग से मृदा की उर्वरता, जैविक कार्बन, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं लाभकारी सूक्ष्मजीव प्रभावित होते हैं। साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मानव और पशु स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों को नीम-लेपित यूरिया, जैविक खाद, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के अधिक उपयोग तथा " न्यूट्रिएंट स्टूअर्डशिप" सही उर्वरक, सही मात्रा, सही समय और सही विधि के सिद्धांत अपनाने की सलाह दी गई है। धान फसल की सुरक्षा के लिए किसानों को प्रति सप्ताह नियमित रूप से खेत का निरीक्षण करने, आर्थिक क्षति स्तर के आधार पर ही कीटनाशी का प्रयोग करने तथा तना छेदक, पत्ती मोड़क, भूरा फुदका, गंधी बग, ब्लास्ट, शीथ ब्लाइट एवं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट जैसे प्रमुख कीट एवं रोगों की समय पर पहचान कर कृषि विभाग की अनुशंसा के अनुसार नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। साथ ही फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप और जैविक नियंत्रण तकनीकों को बढ़ावा देने तथा रसायनों का अनावश्यक मिश्रण नहीं करने की भी अपील की गई है।

# पांच विधायकों ने श्रद्धालुओं संग खींचा भगवान का रथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** अनुमंडल के आबादपुर थाना क्षेत्र के बेलवा पंचायत स्थित श्री सरस्वती मंदिर बेलवा से गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा हजारों श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह के बीच निकाली गई। "जय जगन्नाथ", "हरि बोल" और "जय श्रीकृष्ण" के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। भगवान के रथ के दर्शन और उसकी रस्सी खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।विशेष आकर्षण यह रहा कि बलरामपुर विधायक संगीता देवी,कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, प्राणपुर विधायक निशा सिंह,कटिहार विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं कोढ़ा विधायक कविता पासवान ने भी श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर पूजा-अर्चना की और



क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया।वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान को रथ पर विराजमान करने के बाद अपराह्न दो बजे रथ यात्रा श्री सरस्वती मंदिर, बेलवा से प्रारंभ होकर बुढ़ाकामत एवं मदारगाछी होते हुए दुर्गा मंदिर आबादपुर के लिए रवाना हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए, युवाओं ने जयघोष किया और पूरा मार्ग भक्ति के रंग में रंग गया। मंदिर न्यास समिति के सदस्य दीपक कुमार साह ने बताया कि 16 जुलाई से 24 जुलाई तक चलने वाले नौ दिवसीय श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के दौरान आबादपुर दुर्गा मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 24 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ का रथ पुनः श्री सरस्वती मंदिर, बेलवा लौटेगा। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच पधारते हैं और जो श्रद्धालु श्रद्धा एवं भक्ति से भगवान के रथ की रस्सी खींचते हैं या उनके दर्शन करते हैं, उन पर भगवान जगन्नाथ की विशेष कृपा बनी रहती है। यह महापर्व प्रेम, समानता, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। मंदिर न्यास समिति के सदस्य दीपक कुमार साह, मिहिर मुखर्जी, सपन साहा, गौतम बावड़ी, चंदन चौधरी, प्रेम राय, पप्पू दास, भास्कर साहा एवं शुभम साहा ने रथ यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी से नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजनों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## जेपी ग्रुप के होटल चलाएगी यूरोप की सबसे बड़ी कंपनी! गौतम अडानी तैयार कर रहे हैं बड़ा प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेपी ग्रुप के बिक चुके होटलों को चलाने की जिम्म्मेदारी यूरोप यूरोप के सबसे बड़े



हॉस्पिटैलिटी ग्रुप और आईटीसी को मिल सकती है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने कर्ज में डूबे जेपी ग्रुप की होल्डिंग कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अडानी एंटरप्राइजेज के 14,535 करोड़ के रेजोल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी। इस डील में का रियल एस्टेट, इन्फ्रास्ट्रक्चर और हॉस्पिटैलिटी बिजनेस शामिल हैं। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दिल्ली और आगरा में जेपी ग्रुप के होटलों को मैनेज करने के लिए अडानी ग्रुप यूरोप के सबसे बड़े हॉस्पिटैलिटी ग्रुप ष्ष्थ्ह के साथ बातचीत कर रहा है। इन प्रॉपर्टीज के नवीनीकरण और अपग्रेडिंग के लिए कुछ निवेश भी कर सकती है। इसके अलावा अडानी ग्रुप ग्रेटर नोएडा में स्थित जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट को मैनेज करने के लिए आईटीसी होटल्स के साथ भी अलग से चर्चा कर रहा है। अडानी ग्रुप, और होटल्स को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला था। 900 एकड़ में फैले जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट में एक गोल्फ कोर्स है जिसे ग्रेग नॉर्मन ने डिजाइन किया है। इस रिजॉर्ट में 170 कमरे और सुइट, सात डाइनिंग वेन्यू और 90,000 वर्ग फुट में फैला एक स्पा भी है। होटल पोर्टफोलियो में जेपी पैलेस होटल एंड कन्वेंशन सेंटर आगरा, जेपी वसंत कॉन्टिनेंटल नई दिल्ली, जेपी रेजिडेंसी मैनर मसूरी और जेपी सिद्धार्थ नई दिल्ली भी शामिल हैं। अडानी ग्रुप हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर विचार कर रहा है। ग्रुप की कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने देश के कुछ चुनिंदा एयरपोर्ट्स के करीब पांच होटल विकसित करने के लिए मई में होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ एक एग्रीमेंट किया था। इस पोर्टफोलियो से लगभग 1,500 कमरे जुड़ने की उम्मीद है।

## सोने का भाव नीचे गिरकर आया 1.29 लाख रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 16 जुलाई को सोने के भाव में मामूली गिरावट रही। सोना सर्राफा बाजार में 20 रुपये सस्ता हुआ है। बुलियन मार्केट में 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 1,41,180 रुपये पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,29,320 रुपये पर है। अगर आप आज गोल्ड ज्वैलरी खरीदने या निवेश करने का प्लान कर रहे हैं तो आज का गोल्ड रेट जान लें। देश की राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 1,41,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 22 कैरेट सोने का भाव 1,29,320 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कल सोने का भाव 90 रुपये सस्ता होकर 1,41,80 रुपये पर बंद हुआ। बिहार की राजधानी पटना में 24 कैरेट गोल्ड 1,41,220 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यहां दाम 16 रुपये कम हुआ है। पटना में 22 कैरेट सोने का भाव आज 1,29,350 रुपये रहा। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,41,360 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। यहां सोने का भाव 17 रुपये सस्ता हुआ है। 22 कैरेट सोने का भाव मुंबई में 1,29,480 रुपये पर है। यूपी की लखनऊ में सोने का भाव 1,41,236 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 22 कैरेट सोने का भाव 1,30, 400 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कल सोने का भाव 90 रुपये सस्ता होकर 1,42,250 रुपये पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज पर टोल लगाने का प्रस्ताव वापस ले लिया, लेकिन ईरान के बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान बातचीत शुरू नहीं करता तो अगले हफ्ते उसके पावर प्लांट और पुलों पर हमला किया जा सकता है। इससे ग्लोबल मार्केट में टेंशन बढ़ गई है। अगर कच्चे तेल की कीमतें लगातार ऊंची रहती हैं तो महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में अमेरिकी फेडरल रिजर्व लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची रख सकता है।

# भारत-चीन एक पलड़े में खड़े, रूसी सप्लाई को बदलना मुश्किल

### अमेरिका का कदम बना रहा कई समीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका के प्रस्तावित टैरिफ से ग्लोबल ऑयल मार्केट में नई अस्थिरता आ सकती है। लेकिन, सीमित अतिरिक्त प्रोडक्शन क्षमता और जारी जियोपॉलिटिकल जोखिमों को देखते हुए रूसी सप्लाई को बदलना मुश्किल होगा। केप्लर के एक एनालिस्ट ने ये बातें कहीं। केप्लर के एनालिस्ट सुमित रितोलिया के अनुसार, 'रूसी कच्चा तेल देश की सबसे मजबूत एनर्जी सिक्योरिटी हेज बन गया है। खासकर होर्मुज स्ट्रेट में रुकावटों के बाद से।'



मंगलवार को अमेरिकी सीनेटरों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले एक संशोधित द्विदलीय बिल का अनावरण किया। इसमें रूसी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। साथ ही रूसी तेल और गैस आयात करने वाले देशों पर प्रस्तावित टैरिफ में ढील दी जाएगी।यह उपाय चीन और भारत सहित रूसी एनर्जी के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर अधिकतम टैरिफ को अप्रैल 2025 में पेश किए गए मूल बिल में प्रस्तावित 500 फीसदी से घटाकर 100 फीसदी कर देता है। यह उन देशों को भी छूट देता है जो रूस के नेचुरल गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करते हैं, अगर वे उन खरीद को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।

रितोलिया ने कहा, 'अगर 100 फीसदी के सेकेंडरी टैरिफ... को इस तरह से लागू किया जाता है कि रूसी कच्चे तेल की खरीद में काफी कमी आती है तो बाजार को पहले एक सरल सवाल का जवाब देना होगा- रिप्लेसमेंट बैरल कहां से आएंगे।

### 26 लाख बैरल रोज की तेल सप्लाई

रितोलिया ने कहा कि रूस ने जून में भारत को लगभग 26 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल सप्लाई किया। यह देश के कुल कच्चे तेल आयात का आधे से अधिक था। मार्च के बाद से आयात लगातार बढ़ा है। वहीं, जुलाई में आने वाली मात्रा जून के स्तर के बराबर या उससे अधिक होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रूसी कच्चे तेल ने ग्लोबल ऑयल मार्केट में एक स्थिर करने वाली ताकत के रूप में भी काम किया है। यह देखते हुए कि पहले के प्रतिबंधों को रूसी तेल की सप्लाई बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया था। मकसद यह था कि बाजार से प्रतिदिन लाखों बैरल तेल हटने और कीमतों में भारी बढ़ोतरी से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि सीमित अतिरिक्त प्रोडक्शन क्षमता, होर्मुज स्ट्रेट के आसपास लगातार जोखिम और सीमित वैकल्पिक सप्लाई के कारण तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बिना बड़े पैमाने पर रूसी निर्यात को बदलना मुश्किल होगा।

रितोलिया ने कहा कि भारत के लिए समान मात्रा, विश्वसनीयता और लागत पर रूसी कच्चे तेल की जगह लेने में सक्षम विकल्प सीमित हैं। इससे मौजूदा बाजार स्थितियों में रूसी बैरल सप्लाई का सबसे व्यावहारिक स्रोत बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टैरिफ से भू-राजनीतिक अनिश्चितता तो बढ़ती है।

## एनपीएस में अब दिखेगा एसआईपी का पूरा रिटर्न, 5,000 दिनों का एनएवी डेटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन रेगुलेटर (पेंशन फंड रिटर्न्स फॉर इन्फार्म्ड डिसीजन एंड एम्पावरमेंट) नाम से एक नया डिजिटल टूल लॉन्च किया है। यह टूल सब्सक्राइबर्स को अलग-अलग पेंशन फंड और निवेश के विकल्पों के पुराने रेकॉर्ड (परफॉर्मेंस) की तुलना करने में मदद करेगा। जिससे वे सोच-समझकर फैसला ले सकें। अब तक, सब्सक्राइबर्स केवल एक निश्चित समय (जैसे 1, 2, 5 या 10 साल) के एकमुश्त रिटर्न की तुलना कर पाते थे। लेकिन अब वे अपने मंथली निवेश पर मिलने वाले रिटर्न का हिसाब लगा सकेंगे और पिछले करीब 5,000 दिनों का डेटा भी देख सकेंगे। अब वे जरिए यह देख पाएंगे कि अगर उन्होंने तो उनका पैसा कितना बढ़ा होता। मतलब, अब सब्सक्राइबर्स अपने मंथली निवेश पर मिलने वाले असल मुनाफे का हिसाब भी आसानी से लगा सकेंगे। यह टूल भविष्य का कोई अंदाजा नहीं देता, लेकिन पुराने रेकॉर्ड की जानकारी होने से सब्सक्राइबर्स को सही चुनाव करने में मदद मिलती है। मुताबिक, 14 जुलाई को जारी किए गए एक सर्कुलर में साफ किया है कि यह केवल पुरानी जानकारी देने वाला टूल है। यह टूल भविष्य की कोई भविष्यवाणी या अनुमान नहीं बताता है। सब्सक्राइबर्स की वेबसाइट पर जाकर टूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह टूल ग्राहकों को यह समझने में मदद करेगा कि कौन सा फंड लंबे समय में रिटायरमेंट के लिए सबसे ज्यादा पैसा बनाने वाला रहा है।

## यूएस में खूब घटी क्रूड ऑयल इंवेंट्री तो महंगा हुआ कच्चा तेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बीते 10 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह की रिपोर्ट दे दी है। इसके मुताबिक अब अमेरका में क्रूड ऑयल की इंवेंट्री घट कर 1.7 मिलियन बैरल रह गई है। यह बीते पांच साल के औसत इंवेंट्री से 6 प्रतिशत कम है। मतलब कि अब अमेरिका में अब इंवेंट्री को औसत पर लाने के लिए भंडार भरा जाएगा। इसी कयास में एक बार फिर से




कच्चे तेल का बाजार गर्म हुआ है। लेकिन, भारत में सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी गुरुवार, 16 जुलाई 2026, को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। यहां 25 मई 2026 के बाद इनके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### 51 दिनों से बदलाव नहीं

अपने यहां पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियां इस साल मई में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ था। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद आज 5 1वां दिन है, जबकि दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। पश्चिम एशिया में हालात तो बिगड़े ही हुए हैं। इस बीच, अमेरिका के एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन की बीते 10 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह की रिपोर्ट आ गई है। इसके मुताबिक अब अमेरिका में क्रूड ऑयल की इंवेंट्री घट कर 1.7 मिलियन बैरल रह गई है। यह बीते पांच साल के औसत इंवेंट्री से छह फीसदी कम है।

## नया लैपटॉप लिया, लेकिन बार-बार खराब हो रहा था, कोर्ट ने दिलवाया 59000

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप एक नामी कंपनी का नया लैपटॉप खरीदते हैं। वह वारंटी पीरियड में है, तब भी बार बार लैपटॉप का सिस्टम क्रैश होता है। जब आप लैपटॉप में काम करते हैं तो स्क्रीन झिलमिलाने लगता है। ऐसा महीनों तक चलते रहता है। तमाम सर्विस रिक्वेस्ट और रिपेयर के बावजूद यह ठीक नहीं होता है। तब आप क्या करेंगे ऐसा ही कुछ हुआ हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में रहने वाले विवेक भट्ट के साथ। हार कर उन्होंने कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहां से उन्हें राहत मिली।



**लैपटॉप में खराबी:** इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, भट्ट ने 8 सितंबर 2024 को चंडीगढ़ में जेटेज कंप्यूटर ट्रेडर्स से 49,000 रुपये में खरीदा था। लैपटॉप पर एक साल की वारंटी थी। खरीदने के 5 महीने के अंदर ही उसमें परेशानी शुरू हो गई। फरवरी 2025 आते-आते लैपटॉप में गंभीर स्क्रीन फ्लिकरिंग की समस्या शुरू हो गई। साथ ही बैटरी भी तेजी से डिस्चार्ज होने लगी। कंपनी को यह सूचना दी गई, तो एचपी ने वारंटी के तहत बैटरी बदल दी। हालांकि, बैटरी बदलने के बावजूद स्क्रीन में फ्लिकरिंग जारी रहा। तब ग्राहक ने 16 मई, 26 मई, 28 मई, 4 जून और 29 जुलाई 2005 को ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं।

कांगड़ा जिले के कंज्यूमर कोर्ट के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा और सदस्य आरती सूद तथा नारायण ठाकुर ने मामले की सुनवाई शुरू की। शुरू में एचपी आयोग के सामने आया, बाद में उसने कार्यवाही में भाग लेना बंद कर दिया। इसलिए कंपनी के खिलाफ एक्स पार्टे कार्रवाई की गई। कोर्ट ने कहा 'शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत ठोस और विश्वसनीय प्रमाण पर शक करने का कोई कारण नहीं है।' उन्होंने कहा 'एक महंगे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट को बेचना जो सामान्य उपयोग की स्थितियों में बार-बार फेल होता है और वारंटी के दौरान कई प्रयासों के बावजूद इसे ठीक न करना, सेवा में कमी और एक अनुचित व्यावसायिक प्रथा दोनों ही मानी जाती है।' कंज्यूमर कोर्ट ने बीते दो जुलाई को इस मामले में निर्णय दिया। उसने एचपी इंडिया सेल्स प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ता को लैपटॉप का मूल्य मतलब कि 49,000 रुपये वापस करे। इसके साथ ही शिकायत दायर करने की तारीख से लेकर भुगतान की तारीख तक इस रकम पर 9 प्रतिशत का वार्षिक ब्याज भी दे। इसके अलावा, ग्राहक को हुई परेशानियों और असुविधा के लिए 5,000 रुपये और मुकदमे के खर्च के लिए 5,000 रुपये का मुआवजा भी दे।

### मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट

शिकायत में आगे बताया गया कि 25 जुलाई, 2025 को अंतिम सर्विस विजिट के दौरान टेक्निशियन ने खुलासा किया। उसने बताया कि लैपटॉप में एक मैन्यूफैक्वरिंग खराबी है, जिसे सामान्य मरम्मत से ठीक नहीं किया जा सकता। इसके बाद भट्ट ने कंज्यूमर कोर्ट के पास रिफंड और मुआवजे के लिए दरवाजा खटखटाया।

## ईपीएफओ ने 34 करोड़ सब्सक्राइबर्स के खातों में डाला 8.25 प्रतिशत ब्याज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए ब्याज क्रेडिट कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि लगभग 34 करोड़ मेंबर्स के अकाउंट में फाइनेंशियल ईयर 2025-26 का 8.25 प्रतिशत ब्याज बुधवार यानी 15 जुलाई तक जमा कर दिया गया है। ब्याज मिलने के बाद अब सब्सक्राइबर्स ईपीएफ अकाउंट में अपडेटेड बैलेंस दिखने लगा है। ईपीएफओ ने हाल में 2.01 प्रोजेक्ट लॉन्च किया था जिसकी वजह से ब्याज क्रेडिट करने की प्रक्रिया में भी तेजी आई है। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए पीएफ एक अनिवार्य सरकारी बचत योजना है। इसमें कर्मचारी अपनी बेसिक सैलरी का 12



प्रतिशत हिस्सा कंट्रीब्यूट करता है जबकि कंपनी भी इतना ही योगदान देती है। एम्प्लॉयर के कंट्रीब्यूशन में से 8.33 प्रतिशत कर्मचारी पेंशन योजना में जाता है। ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पर ब्याज मिलता है। अगर आपके पीएफ खाते में 1 लाख रुपये की राशि जमा हैं तो आपको 8,250 रुपये ब्याज मिलेगा।

अपने पीएफ खाते का बैलेंस जानने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे-बैठे मोबाइल के जरिए अपना पीएफ बैलेंस चेक कर सकते हैं।

ईपीएफओ मेंबर पासबुक पोर्टल पर जाएं और अपने 12 अंकों के यूनिवर्सल अकाउंट नंबर पासवर्ड और सिक्योरिटी कैप्चा का इस्तेमाल करके साइन इन करें। अपने आधार-लिंक्ड मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को वेरिफाई करें। व्यू पर क्लिक करें और अपने हालिया योगदान, निकासी और बैलेंस की जानकारी देखने के लिए पासबुक लाइट चुने। आपके पीएफ अकाउंट से जो नंबर लिंक है, उस नंबर से 011-22901406 पर मिस्ड-कॉल करनी होगी।

## शुरू में कई लोगों ने तो मुझे मना कर दिया, नौकरी छूटी तो बदली राह, 25 हजार से काम, आज 70 लाख का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रविंद्र जी. बेंगलुरु के रहने वाले हैं। पहले वह फार्मास्युटिकल प्रोफेशनल रहे हैं। साल 2014 में वीजा की दिक्कतों के कारण उनकी जमी-जमाई नौकरी छूट गई। वह चार साल तक बेरोजगार रहे। हार मानने के बजाय उन्होंने कृषि सेक्टर में कुछ नया करने की ठानी। न्यूट्रिशन की पढ़ाई के दौरान उन्हें 'माइक्रोग्रीन्स' के फायदों के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने अक्टूबर 2019 में अपने स्टार्टअप की शुरुआत की। इसका नाम है। कड़ी मेहनत और 12-लेवल वर्टिकल फार्मिंग तकनीक के दम पर आज रविंद्र सिर्फ एक छोटे से बेसमेंट से केमिकल-मुक्त माइक्रोग्रीन्स उगाकर सालाना 70 लाख रुपये का शानदार रेवेन्यू जेनरेट कर रहे हैं। आइए, यहां रविंद्र जी. की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

ऐसे आया जिंदगी में टर्न

रविंद्र जी. मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े। उन्होंने जूलॉजी में बीएससी की। फिर बेंगलुरु का रुख किया। अपने करियर की शुरुआत एक प्लास्टिक फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट ऑपरेटर के रूप में की। इसके बाद



उन्होंने अरबिंदो फार्मा में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में काम किया। बाद में एमबीए की डिग्री हासिल कर फ्यूचर हेल्थ डायग्नोस्टिक जैसी कंपनियों में एवीपी सेल्स के पद तक पहुंचे। साल 2014 में अमेरिका जाने की योजना के तहत उन्होंने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। लेकिन, वीजा प्रक्रिया में देरी के कारण उनकी योजना धरी की धरी रह गई। वह करीब चार साल तक बेरोजगार रहे। इस कठिन दौर में उनका आत्मविश्वास डगमगाया। लेकिन, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। रिस्क कम रखते हुए छोटे स्तर से हाइड्रोपोनिक्स और खेती में हाथ आजमाने का फैसला किया।

### 25 हजार रुपये से शुरुआत

रविंद्र की जिंदगी में बड़ा बदलाव तब आया जब उन्होंने अपनी मां को घर पर व्हीटग्रास उगाते देखा। उन्होंने 2018 में व्हीटग्रास के साथ प्रयोग शुरू किए। अक्टूबर 2019 में आधिकारिक तौर पर अपनी कंपनी को रजिस्टर्ड कराया। यहां 'द्व' ग्रीक अक्षर 'माइक्रो' को दिखाता है। रविंद्र ने भारी-भरकम इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने के बजाय अपनी मां के घर के महज 50 से 60 वर्ग फीट के बेसमेंट का इस्तेमाल किया। 13 फीट ऊंची छत का फायदा उठाकर उन्होंने महज 25,000 से 30,000 रुपये के शुरुआती निवेश से रैक्स, ट्रे और लाइट्स लगाकर 12-लेवल का एक सघन वर्टिकल फार्मिंग सिस्टम तैयार कर लिया। आज यह सेटअप बेंगलुरु के सबसे छोटे लेकिन सबसे ऊंचे शहरी फार्मों में से एक है। वहां से हर हफ्ते 150 से 170 किलो केमिकल-फ्री माइक्रोग्रीन्स का उत्पादन किया जा रहा है।

## अगर आप जोखिम नहीं लेंगे तो कभी यह नहीं जान पाएंगे कि आप कहां तक पहुंच सकते थे: शिव नाडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिव नाडर भारतीय अरबपति उद्योगपति और समाजसेवी हैं। 14 जुलाई 1945 को तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के मूलाईपोझी गांव में जन्मे शिव ने साल 1976 में 1,87,000 रुपये के निवेश से टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की सह-स्थापना की। उन्होंने कंपनी के फोकस को लगातार बदलते हुए अगले तीन दशकों में इस हार्डवेयर कंपनी को बड़े आइटी एंटरप्राइज में बदल दिया। आज टेक्नोलॉजीज 10 अरब डॉलर के रेवेन्यू वाली कंपनी है। इसमें दुनिया भर में 1,47,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। इसके ऑफिस ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी समेत 44 देशों में हैं।

2008 में इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए शिव को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है। फोर्ब्स के अनुसार, 15 जुलाई 2026 तक शिव की कुल नेट वर्थ 25.7 अरब डॉलर (2.47 लाख करोड़ रुपये) आंकी गई थी। व्यवसाय में जोखिम लेने से कभी मत डरिए। अगर आप जोखिम नहीं लेंगे तो आप कभी यह नहीं जान पाएंगे कि आप कहां तक पहुंच सकते थे।

अगर आप अपनी इच्छाओं और लक्ष्यों को लेकर शांत और स्थिर हैं तो आप जो करना चाहते हैं, उसे हासिल करने का आत्मविश्वास आपमें आ जाता है।

अगर आपके पास बेहतरीन लोग हैं तो आपको उन्हें अधिकार और शक्ति देनी होगी।



कम उम्र में शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। सबसे जरूरी बात यह है कि आप अपना विजन तय करें और देने की शुरुआत करने के लिए अपनी तैयारी का आकलन करें। और देने के लिए कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) और मकसद सबसे अहम हैं। प्रतिस्पर्धी बाजार में काम करने वाली किसी भी कंपनी के लिए हालात के अनुसार ढलने की क्षमता (अडैप्टेबिलिटी) और लगातार इनोवेशन (नवाचार) बहुत जरूरी हैं। जब आप कोई बिजनेस चला रहे होते हैं तो खुद को लगातार नए सिरे से ढालने की जरूरत होती है। तेजी से बदलते समय में आगे रहने के लिए दूरदर्शिता होनी चाहिए। बिजनेस में किसी भी तरह की जड़ता या पुराने ढर्रे से छुटकारा पाना चाहिए। मैं उन कंपनियों की तारीफ करता हूं जो समाज को वापस कुछ देती हैं।

# कोयला ढुलाई में घालमेल उजागर

## कोयला लदे कई वाहनों को किया गया जब्त

## औचक जांच अभियान में मिली कई अनियमितताएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**धनबाद।** बीसीसीएल की साइडिंगों से बिना आवश्यक कागजात और मानकों का पालन किए कोयला ढुलाई हो रही है। बुधवार को जिला परिवहन विभाग और जिला खनन विभाग की कार्रवाई में जब्त वाहनों की गुरुवार को जांच में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं।
जांच के दौरान बीएनआर साइडिंग से आठ और बोरागढ़ साइडिंग से 11 कोयला लदे हाइवा तथा एक कैंपर वाहन जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में कई वाहनों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले, जिसके बाद विस्तृत जांच की प्रक्रिया आरंभ की गई है।
खनन विभाग की जांच में यह पाया गया कि कई हाइवा वाहनों में राज्य सरकार का अनिवार्य खनिज चालान नहीं था। कुछ वाहनों में माइनिंग चालान भी अनुपस्थित था, जबकि अन्य में चालान तो था, लेकिन उसमें कोयले का वजन अंकित नहीं था।
कुसुंडा क्षेत्र की एना आउटसोर्सिंग परियोजना में जिला परिवहन अधिकारी दिवाकर चंद्र त्रिवेदी और जिला खनन अधिकारी रितेश राज तिग्गा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने औचक जांच अभियान चलाया। अधिकारियों के पहुंचते ही परियोजना क्षेत्र में हड़कंप मच गया, और कई चालक मौके से फरार हो गए।
जब्त किए गए सभी वाहनों को बोरागढ़ ओपी लाया गया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। खनन निरीक्षक श्यामनंदन ने बताया कि सभी जब्त वाहनों के कागजात की विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ दौरे पर पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड सरकार को अन्य राज्यों के बेहतर प्रशासनिक मॉडल से सीख लेनी चाहिए।
संजय सेठ ने आरोप लगाया कि झारखंड की आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के 21 हजार शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, वहीं डॉक्टरों को पिछले छह माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।
केंद्रीय मंत्री ने कानून-व्यवस्था पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, पलामू और संथाल परगना समेत राज्य के कई हिस्सों में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात उन्हें वर्ष 1990 के दौर की याद दिलाते हैं।
उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों से सुशासन, विकास और प्रशासनिक व्यवस्था के क्षेत्र में सीख लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान और कानून-व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की।
संजय सेठ के इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में बयानबाजी तेज होने की संभावना है। हालांकि, इस संबंध में झारखंड सरकार की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# बाथरूम से मालकिन और नौकरानी की लाश बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र के ए-टाइप कालोनी के एक आवास के बाथरूम से घर की मालकिन और नौकरानी का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक तौर पर दोनों की मौत करंट की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है।
पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ए-टाइप कालोनी निवासी 50 वर्षीय शोभा सिन्हा करीब तीन महीने से अपनी बेटी के यहां रह रही थीं। सुबह करीब सात बजे वह अपने घर लौटी थीं।
घर की साफ-सफाई के लिए इंदिरा आवास कालोनी निवासी 56 वर्षीय शांति देवी दोपहर करीब 12 बजे पहुंची थीं। काफी देर तक शोभा सिन्हा का मोबाइल फोन नहीं उठने पर उनकी बेटी ने पड़ोसियों से संपर्क कर हालचाल जानने को कहा। पड़ोसी जब उसके घर के अंदर पहुंचे तो बाथरूम में दोनों महिलाएं अचेत अवस्था में गिरा हुआ था।
करंट लगने की आशंका को देखते हुए तत्काल बीसीसीएल के विद्युत सब स्टेशन में सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। शोभा सिन्हा अपने घर में अकेली रहती थीं। उनके पति का निधन कोरोना काल में हो चुका था। उनकी तीन बेटियां हैं।
वहीं घरेलू नौकरानी शांति देवी इंदिरा आवास कालोनी में रहती थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों के सदस्य सहित काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। शांति देवी के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था। शोभा सिन्हा की भतीजी नेहा सिन्हा ने बताया कि करीब तीन महीने बाद बुधवार सुबह ही अपने घर लौटी थीं।
घटना की सूचना मिलने के बाद वह धनबाद से मौके पर पहुंचीं। पुटकी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर रात करीब 9:30 बजे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वार्डों में ओपन जिम की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रांची।** राजधानी के हर वार्ड में ओपन जिम स्थापित करने की योजना अब धरातल पर उतरने लगी है। बुधवार को सांसद संजय सेठ, महापौर रोशनी खलखो और उपमहापौर ने एयरपोर्ट कालोनी स्थित प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया।
यह निरीक्षण नगर निगम की उस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत है, जिसके तहत शहर के सभी 53 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। गौरतलब है कि हाल ही में नगर निगम परिषद की बैठक में सांसद संजय सेठ ने प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा की थी।
इसी घोषणा के क्रियान्वयन के तहत अधिकारियों ने एयरपोर्ट कालोनी में उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की तैयारियों पर चर्चा की।
निरीक्षण के दौरान सांसद संजय सेठ ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम बनने से लोगों में नियमित व्यायाम की आदत विकसित होगी, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।
उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि नगर निगम केवल मूलभूत नागरिक सुविधाओं तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि शहरवासियों को बेहतर जीवनशैली उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है।
उनके अनुसार प्रत्येक वार्ड में ओपन जिम स्थापित होने से लोगों को घर के समीप ही व्यायाम की आधुनिक सुविधा मिलेगी और 'स्वस्थ रांची, सशक्त रांची' के संकल्प को मजबूती मिलेगी।

# शुम्भेश्वरनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करे सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दुमका।** प्राकृतिक सुंदर वादियों से घिरा सरैयाहाट प्रखंड का प्राचीन शुंभेश्वरनाथ मंदिर धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन की अपार संभावनाएं समेटे हुए है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस स्थल का सुनियोजित विकास पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाए तो न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।
वर्तमान में मंदिर तक जाने की सड़क की अच्छी सुविधा उपलब्ध है लेकिन श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए होटल, धर्मशाला और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सावन माह में यहां जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवरिया और डाक बम पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है लेकिन रात्रि विश्राम या भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों का कहना है कि यदि यहां होटल, धर्मशाला, शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी सुविधाएं





विकसित की जाएं तो श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। मंदिर परिसर के समीप स्थित जलाशय पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां नौका विहार की व्यवस्था विकसित हो सकती है।
वर्ष 2004 में पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर परिसर की चारदीवारी और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था। इसके बाद सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के सांसद निधि से भी कुछ विकास कार्य हुए हैं। लेकिन लंबे समय से कोई व्यापक योजना नहीं बनने के कारण यह स्थल अपेक्षित विकास से वंचित है।
पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सतयुग में शुंभ और निशुंभ नामक दो दानव भाइयों ने यहां अद्वितीय लंबवत जुड़े हुए शिवलिंग की स्थापना की थी। ऐसी मान्यता है कि इस प्रकार का शिवलिंग अन्य शिवालयों में दुर्लभ है। यही कारण है कि झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मंदिर तक पहुंचने का मार्ग भी सुविधाजनक है।
हंसडीहा-देवघर मुख्य मार्ग पर कोठिया से लगभग तीन किलोमीटर दूर घौनी मोड़ और वहां से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर मंदिर स्थित है। इसी मार्ग से पांडेश्वरनाथ और बासुकीनाथ मंदिर भी जाया जा सकता है। श्रद्धालु एक ही यात्रा में शुंभेश्वरनाथ, पांडेश्वरनाथ और बासुकीनाथ तीनों शिवालयों के दर्शन कर सकते हैं।

# देवघर में पहले ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ

## झारखंड में रिटेल नेटवर्क मजबूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**देवघर।** ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने झारखंड के देवघर स्थित रुद्रा प्लाईवुड में अपने पहले ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ किया। पालिका बाजार चौक, असम एक्सेस रोड, देवघर - 814112 स्थित इस 500 वर्ग फुट के शोरूम में 100 वर्ग फुट का विशेष ग्रीनलैम डिस्प्ले एरिया बनाया गया है। यहां ग्रीनलैम 1.00 मिमी कलेक्शन, ग्रीनटच 0.80 मिमी कलेक्शन और लेक्सस 1.50 मिमी कलेक्शन प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे घर के मालिकों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों, ठेकेदारों और ट्रेड पार्टनर्स को डेकोरेटिव सरफेस सॉल्यूशंस की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी ग्रीनलैम शॉपी का उद्घाटन रुद्रा प्लाईवुड के प्रोपराइटर श्रीकांत केशरी ने किया।
इस अवसर पर ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के कंट्री हेड (ग्रीनलैम लैमिनेट एंड एलाइड) अनुज संगल तथा कंपनी की टीम मौजूद रही। लॉन्च कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 30 ठेकेदारों और प्रमुख ट्रेड पार्टनर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुज संगल ने कहा कि कंपनी की रिटेल विस्तार रणनीति मजबूत चैनल पार्टनरशिप और बेहतर रिटेल अनुभव के माध्यम से ग्राहकों तक प्रीमियम सरफेस सॉल्यूशंस पहुंचाने पर केंद्रित है।
वहीं श्रीकांत केशरी ने कहा कि ग्रीनलैम के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता, इनोवेशन और व्यापक डिजाइन पोर्टफोलियो वाले लैमिनेट उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगी ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के अनुसार, देवघर में यह कंपनी की पहली एक्सक्लूसिव रिटेल उपस्थिति है। यह नया ग्रीनलैम शॉपी झारखंड में कंपनी की रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करेगा तथा ग्राहकों को प्रीमियम लैमिनेट सॉल्यूशंस तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगा।

# मछुआरे के जाल में फंसी दो विशाल मछलियां, उमड़ी भीड़

## जलाशय से निकालने में लेनी पड़ी लोगों की मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**बोकारो।** झारखंड के कोनार डैम से मंगलवार को जाल में 42 और 26 किलो वजन की दो विशाल ब्रिकेट मछलियां फंसने से मछुआरों में उत्साह का माहौल बन गया। दोनों मछलियों का आकार इतना बड़ा था कि उन्हें जलाशय से बाहर निकालने के लिए कई लोगों की मदद लेनी पड़ी। बड़ी और भारी मछली मिलने की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग डैम किनारे पहुंच गए और इस दुर्लभ नजारे को देखने के साथ फोटो भी खींची। यह उपलब्धि जरकुंडा मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मछुआरों को मिली।
समिति के अध्यक्ष धीरज लहेरी के नेतृत्व में अशोक महतो, महावीर महतो, जमुना महतो, तापेश्वर



महतो, देवेंद्र महतो समेत अन्य सदस्यों ने जाल खींचकर दोनों मछलियों को सुरक्षित बाहर निकाला। समिति अध्यक्ष धीरज लहेरी ने बताया कि कोनार जलाशय में कई प्रजातियों की बड़ी मछलियां मिलती हैं, लेकिन 42 किलो जैसी विशाल मछली का मिलना बेहद दुर्लभ है।
उन्होंने बताया कि बड़ी मछली मिलने से मछुआरों की अच्छी आमदनी होती है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। स्थानीय मछुआरों ने बताया कि कोनार डैम उनकी आजीविका का प्रमुख आधार है। यहां केज कल्चर के माध्यम से बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन किया जाता है। उन्होंने आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षण और सरकारी सहयोग उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे मत्स्य उत्पादन और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे।

# रूटलाइन का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**देवघर।** झारखंड के देवघर में राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया व पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र व रूटलाइन का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कांवरिया पथ दुम्मा बार्डर से निरीक्षण करते हुए महीन बालू बिछाव, बिजली के तारों को ऊपर व दुरुस्त करने के अलावा चापाकलों के आसपास सफाई और अतिक्रमण हटाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। कार्यों का निरीक्षण करते हुए कांवरिया पथ में श्रद्धालुओं की सुविधा अनुरूप कार्यों को समय पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कांवरिया रूटलाइन में बालू बिछाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा कठिनाइयां नहीं हो इसलिए, महीन बालू ही बिछाएं। निरीक्षण के क्रम में कांवरिया पथ पर बनाए जा रहे प्रशासनिक शिविर, ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत व्यवस्था, सूचना-सह-सहायता केन्द्र, होल्डिंग प्वाइंट, शौचालय, स्नानागर, इंद्र वर्षा के कार्यों को भी जाना।

# जिले की दो बेटियां एशिया में भारत के लिए खेलेंगी हॉकी

## एशियाई मंच पर बढ़ायेगी तिरंगे की शान, पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**सिमडेगा।** झारखंड की हॉकी प्रतिभाएं लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। एक बार फिर राज्य के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत से देश का गौरव बढ़ाया है।
हॉकी इंडिया ने 20 से 25 जुलाई तक मस्कट (ओमान) में आयोजित होने वाली महिला यूथ हॉकी एशियन चैंपियनशिप 2026 के लिए 10 सदस्यीय भारतीय महिला और पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। घोषित टीम में झारखंड के छह खिलाड़ियों ने जगह बनाकर पूरे राज्य का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।
महिला वर्ग में झारखंड की पांच खिलाड़ियों संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, श्रुति कुमारी, खिल्ली कुमारी और नीलम टोपनो का चयन हुआ है, जबकि पुरुष वर्ग में आशीष तनी पूर्ति भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं। इनमें संदीपा कुमारी और पुष्पा मांझी सिमडेगा जिले की




खिलाड़ी हैं।
हॉकी इंडिया ने यह चयन भोपाल में 4 से 18 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और यूथ वर्ग के कैंप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया है। चयनित महिला खिलाड़ी पहले से ही सब जूनियर राष्ट्रीय तैयारी समूह का हिस्सा रही हैं।
हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह और उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय टीम में झारखंड के छह खिलाड़ियों का चयन राज्य में हॉकी के विकास, जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों और खिलाड़ियों को मिल रहे बेहतर प्रशिक्षण का परिणाम है।
हॉकी सिमडेगा, राज्य खेल विभाग के अधिकारियों ने भी सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। वर्तमान में सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर भारतीय महिला टीमों में झारखंड की 13 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। आज झारखंड की 13 महिला खिलाड़ी सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर भारतीय टीमों का हिस्सा हैं। यह उपलब्धि बताती है कि झारखंड, विशेषकर सिमडेगा, अब सिर्फ हॉकी खेलने वाला जिला नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के हॉकी सितारों को गढ़ने वाली धरती बन चुका है। अब पूरे राज्य की निगाहें इन खिलाड़ियों पर हैं, जो एशियाई मंच पर तिरंगे की शान बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## प्रशिक्षण का आयोजन

**कटिहार।** सदर अस्पताल सभागार में गुरुवार को किशोर शिक्षा एवं किशोर स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ.एस. सरकार ने दीप प्रजलित कर किया। प्रशिक्षण का आयोजन डीपीएम - डीपीसीयू कटिहार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर वाइआरजी केयर बीएसएसी पटना के टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया।

# ज़िया एंटरप्राइजेज में ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ

## क्षेत्र के ठेकेदारों और प्रमुख ट्रेड पार्टनर्स ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**पालोजोरी।** ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने झारखंड के पालोजोरी स्थित ज़िया एंटरप्राइजेज में नए ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ किया। यह शोरूम जियाउल हक के प्रतिष्ठान, मंदिर चौक, सारठ रोड, पालोजोरी, देवघर - 814146, झारखंड में स्थित है। यहां ग्रीनलैम के प्रीमियम लैमिनेट कलेक्शन प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों और ठेकेदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न सजावटी सरफेस सॉल्यूशंस उपलब्ध होंगे। ग्रीनलैम शॉपी का उद्घाटन ज़िया एंटरप्राइजेज के मालिक अजरुअल हक ने ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के कंट्री हेड (ग्रीनलैम लैमिनेट एंड एलाइड) अनुज संगल तथा कंपनी की टीम की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग 25 ठेकेदारों और प्रमुख ट्रेड पार्टनर्स ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अनुज संगल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों तक प्रीमियम लैमिनेट सॉल्यूशंस की पहुंच बढ़ाना और मजबूत रिटेल नेटवर्क के माध्यम से बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना है। वहीं अजरुअल हक ने कहा कि ग्रीनलैम के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता और डिजाइन वाले लैमिनेट उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने में सहायक होगी। ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के अनुसार, ज़िया एंटरप्राइजेज में ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ झारखंड में कंपनी की रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करेगा तथा क्षेत्र के ग्राहकों को प्रीमियम लैमिनेट उत्पादों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगा।

# जर्जर आवासों में रहने को मजबूर पुलिस के जवान




## वर्षों से बदहाल है सरकारी क्वार्टर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हजारीबाग।** शहर और जिले की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस जवान खुद जर्जर सरकारी आवासों में रहने को मजबूर हैं। हजारीबाग पुलिस लाइन स्थित सीटीएस कालोनी के करीब 79 सरकारी क्वार्टर वर्षों से बदहाल हैं। इन्हीं आवासों में पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ रहते हैं और यहीं से रोज ड्यूटी पर निकलते हैं।
बरसात शुरू होते ही इन मकानों की हालत और खतरनाक हो जाती है। टपकती छत, दरकती दीवारें और जर्जर दरवाजे-खिड़कियां हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका पैदा कर रही हैं। करीब पांच से छह दशक पहले भवन प्रमंडल द्वारा बनाए गए इन क्वार्टरों की वर्षों से समुचित मरम्मत नहीं हुई है। अधिकांश मकानों की छत से बारिश का पानी टपकता है।
कई कमरों में पानी भर जाता है। मजबूरी में पुलिसकर्मियों ने छत पर प्लास्टिक की मोटी चादर बिछा रखी है, लेकिन इससे भी राहत नहीं मिलती। पूरी रात बाल्टी और बर्तनों में पानी भरते हुए परिवार रात गुजारने को विवश हैं। स्थिति इतनी खराब है कि कई मकानों की दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। प्लास्टर झड़ चुका है और कई जगह सरिया बाहर निकल आया है। दरवाजे और खिड़कियां भी टूट चुकी हैं।
कई परिवारों ने लकड़ी और प्लास्टिक के सहारे इन्हें किसी तरह उपयोग लायक बना रखा है। टूटे दरवाजों और खिड़कियों से रात के समय सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतु घरों में घुस आते हैं, जिससे परिवारों में हमेशा भय बना रहता है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि तेज बारिश और आंधी के दौरान पूरी रात जागकर बितानी पड़ती है। डर रहता है कि कहीं छत या दीवार का हिस्सा गिरकर कोई बड़ा हादसा न हो जाए। कई क्वार्टर अब रहने योग्य नहीं बचे हैं, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण जवान इन्हीं मकानों में रहने को मजबूर हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पुलिसकर्मियों के वेतन से हर महीने लगभग 10 प्रतिशत राशि आवास किराये के रूप में काटी जाती है, लेकिन बदले में सुरक्षित आवास नहीं मिल रहा।
जवानों का कहना है कि जब विभाग नियमित रूप से किराया वसूल रहा है तो उन्हें रहने योग्य आवास उपलब्ध कराना भी उसकी जिम्मेदारी है। जानकारी के अनुसार इन भवनों का निर्माण करीब 50 से 60 वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद न तो इनकी व्यापक मरम्मत हुई और न ही इन्हें कंडम घोषित कर नए आवास निर्माण की दिशा में ठोस पहल की गई। परिणामस्वरूप इनकी स्थिति लगातार खराब होती गई।

# 94.47 फीसदी वोटरों के बीच गणना प्रपत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**जामताड़ा।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जामताड़ा जिले में मतदाताओं के बीच एन्यूमरेशन फार्म का घर-घर वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र नाला व जामताड़ा के कुल 5, 70, 633 मतदाताओं में से 5,39, 085 गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं।
अब तक जामताड़ा जिले में 94.47 प्रतिशत मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा 1,62,941 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है, जो कि कुल का 28.55 प्रतिशत है। रविवार को एसडीओ अनंत कुमार ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर जाकर गणना प्रपत्र भरने के बारे में जानकारी दी।



डीसी आलोक कुमार ने कहा कि कि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्रों (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण सुनिश्चित कराएं, साथ ही प्राप्त गणना प्रपत्रों के संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य में तेजी लाएं।
वहीं उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील कर कहा कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए एन्यूमरेशन फॉर्म को यथाशीघ्र भरकर अपने बीएलओ को जमा करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके।

# नेत्रदान जागरूकता के लिए 30 अगस्त को रांची में ब्लाइंडफोल्ड मैराथन

## ● सीएम हेमंत सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाताः** झारखंड की राजधानी रांची में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 30 अगस्त 2026 को एक बार फिर ऐतिहासिक 'ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन 2026' का आयोजन किया जाएगा. आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब, कश्यप मेमोरियल आई बैंक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस विशेष दौड़ की आधिकारिक घोषणा गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई. इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अभियान का औपचारिक शुभारंभ करते हुए इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया.



**30 अगस्त को सुबह सात बजे होगी ब्लाइंड फोल्डेड रन**

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 30 अगस्त 2026 को सुबह 7 बजे राजधानी रांची में इस अनूठी जागरूकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि नेत्रदान के महत्व को समाज तक पहुंचाने का एक व्यापक सामाजिक अभियान है, जिसमें आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी.

20 वर्षों से लोगों को जागरूक कर रही है 'रन फॉर विजन' स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पिछले दो दशकों से 'रन फॉर विजन' और 'ब्लाइंड फोल्डेड रन' का आयोजन लगातार किया जा रहा है. इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रतिभागियों की आंखों पर कुछ समय के लिए पट्टी बांधकर उन्हें दृष्टिबाधित लोगों के जीवन की चुनौतियों का अनुभव कराया जाता है. उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति कुछ समय के लिए भी बिना देखे चलने या दौड़ने का प्रयास करता है, तब उसे एहसास होता है कि दृष्टिहीन लोगों का दैनिक जीवन कितना चुनौतीपूर्ण होता है. यही अनुभव लोगों में नेत्रदान के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है.

## बैंकों के ऋण वसूली मामलों में देरी पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

**रांची, नवबिहार टाइत्स संवाददाता।** झारखंड हाइकोर्ट ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋण वसूली से जुड़े सरफेसी मामलों के निपटारे में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जतायी है. जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने कहा कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी (डीसी) और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कानून के तहत लंबित आवेदनों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें.

अदालत ने स्पष्ट किया कि इन मामलों में डीसी और सीजेएम की भूमिका केवल प्रशासनिक है, वे संपत्ति के स्वामित्व या अन्य विवादों की जांच नहीं कर सकते. यह आदेश झारखंड ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक समेत अन्य वित्तीय संस्थानों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया गया.

# राजकोट में पश्चिमी सिंहभूम के चार मजदूर बंधक

## ● मारपीटकर कराया जाता है काम, घर लौटने की लगा रहे गुहार

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुजरात के राजकोट से झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चार प्रवासी मजदूरों के कथित शोषण का गंभीर मामला सामने आया है. मजदूरों ने आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले करीब एक वर्ष से एक निजी कंपनी में बंधुआ मजदूरों की तरह रखा गया, बिना वेतन के काम कराया गया और मजदूरी मांगने पर उनके साथ मारपीट की गई. फिलहाल चारों मजदूर किसी तरह कंपनी से निकलकर राजकोट रेलवे स्टेशन पहुंचने में सफल हुए हैं, लेकिन उनके पास न खाने-पीने के लिए पैसे हैं और न ही झारखंड लौटने का किराया. उन्होंने झारखंड सरकार से सुरक्षित घर वापसी की गुहार लगाई है.

**चार मजदूरों ने लगाए गंभीर आरोप**

पीड़ित मजदूरों में चक्रधरपुर निवासी कार्तिक लोहार, गोइलकेरा के राधे लोहार, हाटगम्हरिया के लक्ष्मण पूर्ति और गोविंदा पूर्ति शामिल हैं. इनमें एक महिला मजदूर भी शामिल है. मजदूरों का आरोप है कि उन्हें काम दिलाने के नाम पर राजकोट ले जाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उनकी स्थिति पूरी तरह बदल गई. उन्हें नियमित मजदूरी नहीं दी गई और कंपनी परिसर से बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं थी. मजदूरों का कहना है कि जब भी उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई मांगी, उन्हें धमकाया गया और मारपीट कर दोबारा काम पर लगा दिया गया. उनका आरोप है कि उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया, मानो वे बंधुआ मजदूर हों.

**किसी तरह भागकर पहुंचे रेलवे स्टेशन**

पीड़ितों के अनुसार, कई महीनों तक प्रताड़ना सहने के बाद उन्हें कंपनी से निकलने का मौका मिला. बुधवार रात वे किसी तरह वहां से भागकर राजकोट रेलवे स्टेशन पहुंचे.

फिलहाल वे स्टेशन परिसर में ही रह रहे हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं. चारों



मजदूरों ने बताया कि उनके पास भोजन खरीदने तक के पैसे नहीं बचे हैं. घर लौटने के लिए ट्रेन का टिकट लेना भी उनके लिए संभव नहीं है. आर्थिक तंगी और सुरक्षा की चिंता के बीच वे लगातार अपने परिजनों और स्थानीय लोगों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं.

**अब भी कंपनी में फंसे होने का दावा**

मजदूरों ने दावा किया है कि वे अकेले पीड़ित नहीं हैं. उनके अनुसार, उसी कंपनी में उनके कई अन्य साथी अब भी फंसे हुए हैं. आरोप है कि उन मजदूरों से भी जबरन काम कराया जा रहा है और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है. उन्हें बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाती, जिससे वे भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### आपात स्थिति से निपटने को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

**बोकारो, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऊषा पेट्रोल पंप. समय : शाम 07.01 बजे. अचानक से बम धमाका की आवाज सुनाई दी. इसके फौरन बाद धीमा व तेज के अंतराल में सायरन बजने लगा. दो मिनट तक सायरन बजने के बाद इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर एक्टिव हुआ. पेट्रोल पंप की लाइट बुझा दी गयी. दनादन पुलिस अधिकारियों का काफिला सायरन बजाते हुए हुई. धमाका के कारण लगी आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ी पहुंची. 07:06 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया. इधर, सुरक्षा दल ने घायलों को फर्स्ट एड की सुविधा दी. आपात स्थिति में रस्सी, बांस व अन्य सामान से स्ट्रेचर बनाया गया. 07:12 बजे एक- एक कर चार मल्टी ऑपरेशनल एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची. सभी घायलों को लेकर नजदीक के हॉस्पिटल में शिफ्ट किया. बोकारो डीसी अजय नाथ झा भी घटनास्थल पहुंचे और जरूरी दिशा निर्देश दिया. बुधवार को आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला में दो जगह ऊषा पेट्रोल पंप और मेडिकेंट हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. लगभग 35 मिनट तक चले ड्रिल में 29 टीमों ने हिस्सेदारी ली. यह अलग बात है कि ब्लैक आउट के नाम पर बगल में ही स्थित एयरपोर्ट की लाइट बंद करने में अतिरिक्त तीन मिनट का समय लग गया. जिला प्रशासन की ओर से ड्रिल का आयोजन किया गया. इस संबंध में कई दौर की बैठक हुई, प्रेस वार्ता हुई. आम लोगों से सहभागिता की अपील की गयी. ड्रिल वाले स्थान से गुजरने वाले लोगों से अपील की गयी कि सभी वाहनों का हेड लाइट बंद कर लेंगे. लेकिन, कई लोग मॉक ड्रिल के दौरान रील बनाने लगे. बेवजह भीड़ लग गयी. इसके कारण एबुलेंस को भी बाहर निकलने में हॉर्न का प्रयोग करना पड़ा. इसी तरह अग्निशमन की गाड़ी भी भीड़ के कारण सहमी रफ्तार में ही आयी. ड्रिल को लेकर 29 टीमें शामिल रही. इन टीमों को डीसी, एसपी, डीडीसी, सीसीआर व मुख्यालय डीएसपी, एसी, चास ननि के अपर नगर आयुक्त, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, चास एसडीओ, चास सीओ, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, डीटीओ, भू-संरक्षण पदाधिकारी, नजारत पदाधिकारी, एक्जिक्युटिव मजिस्ट्रेट, बीएसएनएल के जिला प्रमुख, डीएसओ व सिविल सर्जन नेतृत्व कर रहे थे.

### काउंसलिंग के बाद मां के संग घर गयी दो नाबालिग

**बोकारो, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेक्टर चार थाना क्षेत्र की दो नाबालिग बच्ची अपने नानी घर में रह रही थी. अपनी मां के घर जाने को तैयार नहीं थी. मामला सेक्टर चार थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार के संज्ञान में लाया गया. उन्होंने एसपी नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी मीरा लकड़ा व सीडब्ल्यूसी की मदद ली. दोनों पक्षों से बात कर नाबालिग बच्चियों की काउंसेलिंग करायी गयी. इसके बाद दोनों अपनी मां के साथ जाने को राजी हुई.

### जमशेदपुर के लक्ष्य मिश्रा की संदिग्ध मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, जल्द होगी सुनवाई

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगलुरु के येलहंका स्थित मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) के हॉस्टल की नौवीं मंजिल से गिरकर जमशेदपुर निवासी बीटेक छात्र लक्ष्य मिश्रा (20) की संदिग्ध मौत का मामला अब देश की सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. मामले में दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है जिस पर जल्द सुनवाई शुरू होगी. गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2026 की रात हुई इस घटना को कॉलेज प्रशासन ने शुरूआती तौर पर आत्महत्या बताया था. हालांकि, मृतक के पिता अंजनी कुमार मिश्रा ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए रैगिंग के बाद हत्या की आशंका जताई है. उनका कहना है कि जिस खिड़की से लक्ष्य के गिरने की बात कही जा रही है, वह इतनी संकरी है कि उससे किसी का गिरना संभव नहीं लगता. परिजनों का आरोप है कि घटनास्थल से साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से फॉरेंसिक टीम के पहुंचने से पहले ही छात्र के कमरे में मौजूद बिस्तर, चादर और दरवाजे के हैंडल की सफाई कर दी गई थी. उनका कहना है कि इससे मामले की निष्पक्ष जांच प्रभावित हुई है और कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं. इधर, परिजनों की याचिका पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति सचिवालय ने संबंधित प्राधिकारी को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई की जानकारी सीधे याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अब 17 जुलाई तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित "राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026" के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की इच्छा रखने वाले शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है. भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने योग्य शिक्षकों के लिए ऑनलाइन सेल्फ नॉमिनेशन और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ाकर 17 जुलाई कर दी है. पहले ऑनलाइन स्व-नामांकन की अवधि 15 जून से 10 जुलाई तक निर्धारित थी.शिक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि 17 जुलाई के बाद किसी भी नये पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जायेगी. इसके साथ ही, जिन आवेदकों ने 17 जुलाई तक अपना पंजीकरण पूरा कर लिया है, लेकिन वे किसी कारणवश अपना आवेदन अंतिम रूप से जमा नहीं कर पाये हैं, उन्हें विभाग ने थोड़ी और राहत दी है. ऐसे शिक्षक 20 जुलाई तक अपना स्व-नामांकन आवेदन अंतिम रूप से पूरा करके सबमिट कर सकेंगे. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पोर्टल 20 जुलाई तक अंतिम सबमिशन के लिए खुला रहेगा. नया पंजीकरण (शिक्षकों द्वारा): 11 जुलाई से 17 जुलाई, 2026 आवेदन का फाइनल सबमिशनः 18 जुलाई से 20 जुलाई, 2026 स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी का गठन : केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा जुलाई 2026 के मध्य में जिला/क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा शॉर्टलिस्टिंग : 21 से 26 जुलाई, 2026 के बीच आवेदनों को शॉर्टलिस्ट कर राज्य/संगठन समिति को भेजा जायेगा. राज्य/संगठन चयन समिति द्वारा शॉर्टलिस्टिंग : 27 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक शॉर्टलिस्ट को स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी को पोर्टल के माध्यम से भेजा जायेगा. जूरी द्वारा इंटरव्यू ( वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ) : शॉर्टलिस्ट किये गये अधिकतम 154 उम्मीदवारों को 6 से 9 अगस्त के बीच सूचित किया जायेगा और 10 से 14 अगस्त, 2026 तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चयन प्रक्रिया चलेगी. नामों को अंतिम रूप देना : स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी द्वारा 18 अगस्त 2026 को नाम फाइनल किया जायेगा. चयनित उम्मीदवारों को सूचना : केंद्रीय शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद 19 से 22 अगस्त 2026 के बीच. पुरस्कार समारोह : हमेशा की तरह शिक्षक दिवस के अवसर पर 4 और 5 सितंबर 2026 को रिहर्सल और भव्य पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित किया जायेगा.

# श्रावणी मेले में नहीं चलेगा वीआईपी कल्चर रविवार-सोमवार को शीघ्र दर्शनम भी बंद

**देवघर, नवबिहार संवाददाता।** श्रावणी मेला 2026 के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन और तीर्थ पुरोहितों के बीच हुई बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं. रविवार और सोमवार को शीघ्रदर्शनम कूपन की व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी, साथ ही वीआईपी पूजा भी नहीं होगी.

श्रावणी मेला के सफल एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर बुधवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रशासनिक भवन में जिला प्रशासन और तीर्थ पुरोहित समाज के बीच विस्तृत बैठक हुई. डीसी सौरभ भुवानिया और पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष डॉ सुरेश भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मेले के दौरान आने वाली समस्याओं, उनके समाधान और मंदिर व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई. बैठक में पुरोहितों के सुझाव पर डीसी ने कहा कि इस बार



श्रावणी मेले के दौरान रविवार और सोमवार को शीघ्रदर्शनम कूपन की व्यवस्था पर पूर्णत रोक रहेगी. वहीं वीआइपी, वीवीआइपी व आउट ऑफ टर्न पूजा की कोई व्यवस्था नहीं होगी. रविवार और सोमवार को छोड़ पांच दिन रात आठ बजे तक ही जलार्पण की व्यवस्था होगी.

**डीसी ने कहा**

सभी के सहयोग से श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव के साथ सुगम व सुरक्षित जलार्पण कराने पर जोर होगा. इसके लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारी की जा रही है.

बैठक में पुरोहित समाज के प्रतिनिधियों ने श्रावणी मेला के साथ-साथ वर्षभर मंदिर परिसर में होनेवाली भीड़, कूपन व्यवस्था की खामियां, प्रोटोकॉल के नाम पर हो रही अवैध प्रवेश, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात, सुरक्षा, सफाई और बाबा मंदिर के पट खुलने एवं बंद होने के निश्चित समय सहित कई विषयों पर अपनी बात रखी.

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली बिजली विभाग के कर्मी की जान, ड्राइवर फरार

**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग के बाबा पथ चौक पर बिजली विभाग के कर्मी अजय ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई. एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया, जिसके बाद चालक फरार हो गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

झारखंड के हजारीबाग शहर के बाबा पथ चौक पर गुरुवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बिजली विभाग के कर्मी अजय ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई. वह हजारीबाग बिजली विभाग में कार्यरत थे तथा मूल रूप से पतरातू के निवासी बताए जाते हैं.

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अजय ठाकुर किसी काम से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया.

## आज भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग मौसीबाड़ी जाएंगे भगवान जगन्नाथ

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा 15 दिनों के एकांतवास से बुधवार को बाहर आये,



जिसके बाद उनका नेत्रदान उत्सव शुरू हुआ. इससे पूर्व उनका विशेष श्रृंगार किया गया और शाम पांच बजे पट खोल दिया गया. इसके बाद 108 दीपों की मंगल आरती हुई. उन्हें इलायची दाना, बादाम व मालपुआ का भोग लगाया गया. भक्त दोपहर तीन बजे से ही दर्शन के लिए जुटने लगे थे और रात 8:45 बजे तक पूजा-अर्चना की. मुख्य पुजारी रामेश्वर पाढ़ी ने पूजा संपन्न करायी. मौके पर पंडित कौस्तुभधरनाथ मिश्रा, ऋषिकेश मोहंती सहित अन्य पुजारी मौजूद थे.

**2 बजे तक होंगे भगवान के दर्शन**

गुरुवार तड़के चार बजे मंदिर का पट खुला और सुबह पांच बजे से दर्शन शुरू हुआ. दोपहर दो बजे दर्शन बंद हो जायेगा. दोपहर 2.30 बजे तक भगवान के सभी विग्रहों को रथारुढ़ किया जायेगा और तीन बजे तक उनका श्रृंगार होगा. शाम पांच बजे रथ यात्रा शुरू होगी, जहां भक्त जयकारे के साथ भगवान को मौसीबाड़ी ले जायेंगे. शाम 6.45 बजे तक महिला भक्त रथ पर चढ़कर पूजा-अर्चना कर सकेंगी, जिसके बाद विग्रहों को मौसीबाड़ी में प्रवेश कराया जायेगा. शाम सात से आठ बजे तक आम भक्त पूजा कर सकेंगे और रात आठ बजे शयन होगा. बाल भोग व अन्न भोग एक साथ लगेगा रथयात्रा के दिन बाल भोग व अन्न भोग एक साथ लगेगा.

## अशोक नगर चोरी कांड में इस्तेमाल जगुआर कार बंगाल से बरामद

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवादाता।** अशोक नगर स्थित एक घर से करोड़ों की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. वारदात में इस्तेमाल की गई लग्जरी जगुआर कार पश्चिम बंगाल के बरुइपुर से बरामद कर ली गई है. पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी है.

रांची के अशोक नगर स्थित त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन के मालिक अखिलेश पांडेय के घर हुई हाई-प्रोफाइल चोरी के मामले में रांची पुलिस को सफलता मिली है. चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गयी जगुआर कार को पश्चिम बंगाल के बरुइपुर से बरामद कर लिया गया है. पुलिस वाहन को रांची ले आयी है. अब आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी गयी है. जानकारी के अनुसार चोरी के बाद भागने के दौरान आरोपियों की जगुआर कार की एक अन्य वाहन से टक्कर हो गयी थी. मामला बढ़ता देख दोनों आरोपी कार वहीं छोड़कर फरार हो गये थे.

पुलिस का दावा है कि तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर जल्द ही दोनों आरोपी गिरफ्त में होंगे. गौरतलब है कि अखिलेश पांडेय के घर से करीब आठ लाख रुपये नकद और



लगभग 90 लाख रुपये मूल्य के सोने, हीरे, रूबी व चांदी के जेवरात चोरी हुए थे. इस संबंध में अखिलेश पांडेय के पुत्र की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

**80 लाख की जगुआर से पहुंचे थे रांची**

जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आठ जुलाई की दोपहर करीब 80 लाख की जगुआर कार से रांची पहुंचे थे. कार पर उत्तरप्रदेश का नंबर प्लेट लगा था. दोनों ने जगन्नाथपुर स्थित बिरसा चौक के पास होटल पार्क रिट्रीट में कमरा लिया था. होटल में ठहरने के लिए उन्होंने एक मुस्लिम व्यक्ति के नाम पर बने आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था. जांच में यह भी पता चला कि होटल में ठहरने के दौरान दोनों कई बार बाहर निकले थे.

पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज, फर्जी पहचान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है.

# धनबाद के आकाश किनारी में अंधेरे में डूबी आधा दर्जन कॉलोनियां

## ■ आक्रोशित लोगों ने बीसीसीएल के खिलाफ किया प्रदर्शन

**धनबाद, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनबाद के आकाश किनारी क्षेत्र में पिछले एक महीने से जारी बिजली संकट ने ग्रामीणों का गुस्सा भड़का दिया है. हजारों लोग बिजली के बिना भारी परेशानी झेल रहे हैं. बार-बार शिकायत के बावजूद समाधान न होने पर लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया.

ऊॅल्र्लुं ठी६२ः झारखंड के धनबाद जिले के आकाश किनारी क्षेत्र में पिछले करीब एक महीने से जारी बिजली संकट को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा. आधा दर्जन से अधिक बस्तियों और कॉलोनियों के ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह आकाश किनारी चेकपोस्ट को जाम कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

एक महीने से बिजली संकट से परेशान हैं ग्रामीण स्थानीय लोगों के अनुसार, बीसीसीएल एरिया-3 के अंतर्गत आने वाले आकाश किनारी कोलियरी क्षेत्र की कई बस्तियों और कॉलोनियों में पिछले लगभग एक महीने से नियमित बिजली आपूर्ति ठप



है. इससे हजारों लोग प्रभावित हैं. बिजली नहीं रहने के कारण पेयजल आपूर्ति, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और छोटे व्यवसायों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है. ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती के कारण उमस भरी गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है. रात के समय अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं.

कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि उन्होंने बिजली समस्या को लेकर कई बार बीसीसीएल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की. हर बार उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रशासन और प्रबंधन ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया, तब मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा.

**चेकपोस्ट जाम कर किया जोरदार प्रदर्शन**

बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आकाश किनारी चेकपोस्ट पर सड़क जाम कर दी. प्रदर्शनकारी सड़क पर दरीं बिछाकर धरने पर बैठ गए और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के कारण चेकपोस्ट से होकर गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई.

**बिजली मिलने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी**

आक्रोशित ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा. उनका कहना है कि एक महीने से अधिक समय से वे परेशान हैं और अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा. ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली व्यवस्था को सामान्य करने की मांग की है. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. फिलहाल प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और लोगों की निगाहें प्रशासन तथा बीसीसीएल प्रबंधन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं.

# मालगाड़ी के कोयले में लगी आग सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

## ● चंद्रपुरा की जगह केटीपीएस भेजी गई ट्रेन

**बोकारो, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर रात एक बड़ा रेल हादसा टल गया. कुशमाही से चंद्रपुरा जा रही कोयला लदी मालगाड़ी के एक वैगन में अचानक आग लग गई. लोको पायलट की सतर्कता और रेलवे प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. एहतियात के तौर पर मालगाड़ी का रूट बदलकर उसे चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन (सीटीपीएस) की बजाय कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) भेज दिया गया.

**शिफ्ट बदलने के दौरान चला आग लगने का पता**

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के लोको पायलट की शिफ्ट बदली जा रही थी. इसी दौरान नए चालक ने इंजन नंबर 33397 और 33350 से जुड़ी मालगाड़ी का निरीक्षण किया. जांच के दौरान तीसरे वैगन से धुआं निकलता दिखाई दिया. कुछ ही देर में वहां आग की लपटें भी दिखाई देने लगीं. स्थिति की गंभीरता को समझते हुए लोको पायलट ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर मिथिलेश कुमार यादव को दी, जिसके बाद पूरे तंत्र को सक्रिय कर दिया गया.

**सीआईएसएफ और दमकल टीम ने तुरंत संभाला मोर्चा**

सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर ने डीवीसी पावर प्लांट



यूनिट के सीआईएसएफ फायर कंट्रोल रूम और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी. इसके बाद सीआईएसएफ फायर स्टेशन की टीम तत्काल दमकल वाहनों के साथ घटनास्थल पर पहुंची. टीम में एसआइ राजीव कर्ण, एएसआइ एस.के. चौधरी, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार, धर्मिंदर सिंह, कांस्टेबल अंकित कनोजिया, डीवी गोटवाल और सुरेश शामिल थे. दमकल कर्मियों ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया और कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया. समय रहते कार्रवाई होने के कारण आग अन्य वैगनों तक नहीं फैल सकी.

**कोयले की चिंगारी से लगी होगी आग**

स्टेशन मास्टर मिथिलेश कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में आशंका जताई गई है कि कोयले की लोडिंग के दौरान आपसी घर्षण या टकराव से निकली चिंगारी के कारण वैगन में आग लगी होगी. उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं. इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की लिखित सूचना मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को भेजी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें.

**एहतियात के तौर पर बदला गया ट्रेन का रूट**

घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालगाड़ी को निर्धारित गंतव्य चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन भेजने के बजाय उसका रूट बदल दिया. आग पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद ट्रेन को कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) की ओर रवाना किया गया. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य किसी भी संभावित जोखिम से बचना और कोयले की सुरक्षित ढुलाई सुनिश्चित करना था.

# खूंटी डबल मर्डर केस का खुलासा पति समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला के गड़गई गांव निवासी नेहा कुमारी और उसके पड़ोस में रहने वाले अरूण कुमार राणा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया. उनकी हत्या के आरोप में पुलिस ने नेहा के पति गुमला जिला के करंज थाना क्षेत्र के डुड़िया गांव निवासी कुंदन प्रमाणिक उर्फ संजीत सहित जितेंद्र सिंह उर्फ जायरा, रितेष चिक बड़ाइक, मदन ठाकुर उर्फ मदन प्रमाणिक, बुंडू थाना क्षेत्र के बिरसा मोड़ निवासी कुंदन प्रमाणिक की बहन सती देवी और बहनोई विजय रंजन शर्मा को गिरफतार की है. गिरफ्तार आरोपियों के पास पुलिस को हत्या में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, बाइक, लोहे का रॉड, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जब्त की है. गिरफ्तार आरोपियों को गुरूवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इसकी जानकारी गुरूवार को एसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस कांफ्रेंस कर दिया. उन्होंने बताया कि दस जुलाई को नेहा कुमारी और अरूण कुमार राणा को खूंटी थाना क्षेत्र के घाघरा गांव के समीप तजना नदी के पुल से शव बरामद किया गया था.



**हत्या के आरोपी गिरफ्तार, जुर्म कबूला**

हत्याकांड के उद्भेदन के लिए खूंटी एसडीपीटो मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया था. टीम ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई. उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है. छापेमारी में एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, खूंटी थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, पुअनि आदित्य कुमार, कुंदन कुमार, अमरजीत किस्कु, अमरजीत सिंकू, सुधीर कुमार यादव, निशा कुमारी, तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल शामिल थे.

नेहा और कुंदन के बीच लंबे समय से चल रहा था विवा. एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि हत्या के आरोपी पति कुंदन प्रमाणिक और उसकी पत्नी नेहा के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था.

# सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान जगन्नाथ से की गई सुख व समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को हजारीबाग के ऐतिहासिक सिलवार श्री जगन्नाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ मंदिर पहुंचे और वैदिक रीति-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने जिले में सुख-समृद्धि, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं नागरिकों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का



जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसपी ने मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह एवं सीसीआर डीएसपी को निर्देश दिया कि रथ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। मुख्य मार्गों, मंदिर परिसर तथा संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, बैरिकेडिंग को प्रभावी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मंदिर प्रबंधन समिति ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस अधीक्षक की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर प्रबंधन के कारण श्रद्धालु निर्भय होकर भगवान के दर्शन कर रहे हैं।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धाल

- सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव और अमित यादव हुए शामिल
- पदमा राज घराने के उदय भान सिंह ने प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए झाड़ू लगा कर यात्रा का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर, बैजनाथ नगर सियरकोनी में गुरुवार को आयोजित भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के अनुपम संगम का साक्षी बना। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली रथयात्रा में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा



विधायक अमित यादव शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

रथयात्रा की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए पदमा राज घराने के उदय भान सिंह ने भगवान जगन्नाथ के रथ के आगे श्रद्धापूर्वक झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ, हरे कृष्ण-हरे राम और जय श्रीराम के जयघोष के बीच महाप्रभु के रथ को खींचते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। जीटी रोड पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। सांसद मनीष जायसवाल ने श्रद्धालुओं के साथ रथ की रस्सी खींची और कई किलोमीटर तक पैदल चलकर गढ़काली स्थित मौसीबाड़ी पहुंचे। वहां उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच अपने हाथों से लंगर का प्रसाद वितरित किया तथा स्वयं भी महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चौपारण में लगातार चौथे वर्ष आयोजित हो रही रथयात्रा अब एक ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक आयोजन का रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर उमड़ी आस्था की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि समाज में धार्मिक चेतना और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हरे कृष्ण, हरे राम, जय श्रीराम और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। भगवान जगन्नाथ सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल का आशीर्वाद प्रदान करें।' रथयात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने भी श्रद्धालुओं के साथ रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों विधायकों ने इस आयोजन को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक बताते हुए आयोजकों एवं श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से चौपारण की यह रथयात्रा एक बार फिर क्षेत्र के सबसे भव्य धार्मिक आयोजनों में शामिल हो गई।

## मिनी ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के रांची-लातेहार मुख्य मार्ग पर शिवटोली के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। डाल्टनगंज से रांची जा रहे एक अनियंत्रित मिनी ट्रक की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को चंदवा अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में

**रफ्तार**

एक की पहचान खलारी निवासी टिंकू भुइयां के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि एनएच-39 पर फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान चंदवा क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता : शिप्रा

### एसडीएम ने विशेष विकास शिविर का किया निरीक्षण, 353 लाभार्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर।** प्रखंड के गीधा सामुदायिक भवन में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी आरा शिप्रा विजय कुमार चैधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। महादलित बस्तियों में आयोजित ऐसे विशेष विकास शिविरों का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाकर सभी आवश्यक सेवाएं उनके गांव में ही



उपलब्ध कराना है। प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल का जायजा लिया। इस दरम्यान उन्होंने 'नई आशा' द्वारा संचालित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र' में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. द्वारा प्रदत सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने उपस्थित युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकताब ढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा, जब समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। शिविर में आधार कार्ड (38), जन्म प्रमाण पत्र (58) सामाजिक सुरक्षा पेंशन (08), जॉब काड (08), स्वास्थ्य शिविर, लेबर कार्ड (38), राशन काड(18), आयुष्मान कार्ड (09) एवं बैंक खाता (02) के आवेदन आये। इस तरह स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न योजनाओं के 353 लाभार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर एनईपी के निदेशक लोक प्रकाश, बीडीओ बीर बहादुर पाठक, आपूर्ति पदाधिकारी मनीषा सिंह एवं कल्याण पदाधिकारी आकाश कुमार ने भी शिविर की मॉनिटरिंग की। सामाजिक संस्था 'नई आशा' के सदस्य एवं उसके इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों की इस शिविर में सक्रिय भूमिका रही।

## राजधानी एक्सप्रेस से 26 केजी गांजा बरामद

**समस्तीपुर (नबिटा संवाददाता)।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में छापा मारकर एक यात्री को 26 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 20504 राजधानी एक्सप्रेस के एच-1 कोच में कल देर रात छापेमारी की और वहां से सीट संख्या 10 पर सफर कर रहे यात्री अरमान आलम के पास से लाल रंग के ट्रॉली तथा एक पिठू बैग में रखें कुल 26 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भोजपुर जिले के गड़हनी ओपी थाना क्षेत्र के मटियारा, वार्ड संख्या-7 निवासी अरमान आलम के रूप में की गई।

## बेतरतीब परिचालन से सड़कें हो गई संकीर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बेहतर आवागमन के लिए शासन ने सड़कों की हालत तो सुधारी है परंतु बेतरतीब ढंग से सड़कों पर फैल रहे अतिक्रमण और वाहनों की बेढंगी पार्किंग से सड़कें संकीर्ण हो रही हैं। जिला मुख्यालय के प्रमुख सड़कों पर प्रतिदिन बिगड़े यातायात से लोग परेशान हो रहे हैं परंतु बेखबर जिम्मेदार सड़कों को अस्थाई अतिक्रमण से मुक्त कराने कोई कारगर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। शहर के कई प्रमुख सड़कों का दायरा दुकानों के लगातार बढ़ते अतिक्रमण और वाहनों की मनमानी पार्किंग से कम हो गया है। जिससे सुबह-शाम जब लोगों की आवागमन बढ़ती है तो कई बार जाम लगने की समस्या बनती है। छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी सड़क पर पर्याप्त जगह मिलना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो होती है लेकिन सड़कों पर काबिज अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों को प्रतिदिन मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश चौक से धर्मशाला चौक व महाराजगंज रोड में बदहाल स्थिति रहती है। सुबह और शाम के वक्त तो हालत यह रहती है कि बेढ़ंगे यातायात से राहगीरों को भी सुरक्षित निकलना मुश्किल हो जाता है। कई दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है। दुकानों के सामने ही दोपहिया, चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रहती है। जिससे यहां हमेशा ही यातायात बिगड़ा रहता है। शाम होने के साथ ही यातायात की अराजक स्थिति हो जाती है। जिससे कई बार यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते में काफी परेशानी होती है। बता दें कि नगर परिषद के द्बारा रमेश चौक व बद्री मार्केट में पार्किंग स्थल बनाया गया है। दोपहिया वाहन के पार्किंग के लिए पांच रुपये एवं चारपहिया वाहन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित की गई है। पार्किंग स्थल इतनी बड़ी नहीं है जहां ज्यादातर वाहनों को खड़े किए जा सके। बराटपुर के विजय सिंह, पुकार सिंह सहित कहते हैं कि सड़क पर अवैध पार्किंग से प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। नगर परिषद को बड़ा पार्किंग स्थल बनाने की आवश्यकता है ताकि वाहनों को आसानी से पार्क किया जा सके। वहीं पैदल आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। समस्या से निजात दिलाने को ले स्थानीय प्रशासन से लंबे समय से मांग हो रही है लेकिन लोगों को राहत देने में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## समय सीमा समाप्ति पर भी जवइनिया का कटाव निरोधी कार्य 50 प्रतिशत अधूरा

- कटाव से पहले नहीं पूरा हुआ बचाव, गंगा किनारे अधूरा पड़ा 52.56 करोड़ का प्रोजेक्ट
- गंगा का जलस्तर बढ़ने व वर्षा से बढ़ी मुश्किल, जवइनिया का सुरक्षा कार्य अधूरा
- कटाव का खतरा सिर पर, बोल्डर पिचिंग में देरी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** जवइनिया व आसपास के आधा दर्जन गांवों के अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार द्वारा गंगानदी के तट पर कराया जा रहा कटाव निरोधी बोल्डर पिचिंग का समय सीमा समाप्त होने बाद भी अधूरा रह गया है। कार्य को पूरा करने के लिए संवेदक को मिलती गई तारीख पर तारीख। हालांकि विभाग द्वारा अब तो गंगानदी के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके कारण कटाव निरोधी कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा अधिकारियों के लगातार श्रमिकों के बढ़ाने के निर्देश पर अमल नही किया गया। जिसके कारण कटाव निरोधी कार्य अब भी करीब 40 प्रतिशत कार्य बाकी रह गया है। पिछले वर्ष 22



जुलाई से कटाव शुरू हो गई थी। अब आशंका जताई जा रही हैं कि गंगानदी के जलस्तर बढ़ने से कटाव भी शुरू हो सकता है। ऐसे में जो कार्य हुआ है उसका भी बच पाना मुश्किल होगा। जवइनिया गांव के ग्रामीण सुनील पांडे व अरबिंद पांडे के अनुसार जलस्तर बढ़ने के कारण कुछ पार्कोपाइन धंस कर टूट गया है। दमोदरपुर गांव के पपु राय की माने तो संवेदक ने जिस प्रकार से मनमानी किया है उससे स्पष्ट होता है कि सभी मिले हुए हैं। किसी भी अधिकारी या अभियंता की बातों को संवेदक ने नही माना। बावजूद इसके उसपर कोई करवाई नही हुई। गांवों को बचाने के जल संसाधन विभाग द्वारा करीब 52 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से जवइनिया गांव के समीप गंगानदी के किनारे पर 1200 मीटर में बोल्डर पिचिंग कार्य कराया जा है। इस कटाव निरोधी कार्य के समापन 15 जुलाई तक पूरी कर लेनी है लेकिन अबतक 30 प्रतिशत के करीब कार्य अधूरा रह गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकारियों के शिथिलता एवं संवेदक की लापरवाही के कारण यह सीमा के अंदर नहीं हो पाया अब जलस्तर बढ़ने लगा है और बारिश भी हो रही है ऐसे में निर्माण कार्य का पूरा होना मुश्किल लग रहा है हालांकि कार्य में लगे अभियंताओं के अनुसार अब तक 62 प्रतिशत के करीब काम हो चुका है और डाउन लेवल में काम पूरा हो गया है। ऊपरी लेवल में काम करना बाकी है। अगर गंगा का जलस्तर में वृद्धि होता है तो भी ऊपर लेवल पर काम चलता रहेगा और कार्य पूरा हो सकता है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता कन्हैया सिंह ने बताया कि संवेदक को 31 जुलाई तक का समय दिया गया है। अगर वर्षा नहीं हुई तो निर्धारित समय में काम पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन यदि वर्षा होती है तो निर्माण कार्य मे अवरुद्ध हो सकता है।

## घर से निकला युवक नहीं लौटा

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सोनवर्षा गांव निवासी सुरेन्द्र शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार चार दिन के बाद भी घर नहीं लौटा जिससे घर में कोहराम मचा हुआ है। जिसे लेकर पौथु थाना में पिता ने लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाया है। बताया जाता है कि दीपक कुमार घर 13 जुलाई की सुबह घर से प्रति दिन की निकला था। जब दोपहर तक घर नहीं आया तो माता - पिता खोजने लगे।लेकिन आसपास सहित परिजन तक कहीं नहीं पता चला। ऐसे में बताया जा रहा की कुछ मंद बुद्धी का है।

## देवकुंड स्थित अग्निकुंड से 24 घंटे निकलती है अग्नि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** करीब पांच सौ वर्ष पहले से देवकुंडधाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में आग जल रही है। अग्निकुंड से 24 घंटे अग्नि निकलते रहती है। अग्निकुंड के राख को भभूत के रूप में श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। कुंड की चर्चा पद्मपुराण, आनंद रामायण, वायु पुराण समेत कई धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है, जिसके अनुसार ब्रह्मपुत्र महर्षि भृगु के आत्मज च्यवन ऋषि यहां तपस्या करने पहुंचे थे। बता दें कि यह कुंड भृगु को उत्पन्न करने वाला है। कुंड को मठ के प्रथम महंत बाबा बालपुरी जी द्बारा त्रियुगी नारायण से समाहित अग्नि से प्रज्जवलित की गई थी। अबतक अनेक प्राकृतिक आपदाओं से जूझने के बावजूद इस कुंड से अभी तक अग्नि प्रज्जवलित होती रहती है। कुंड के पास ही बाबा का खाट, खड़ांव सबल प्रमाण हैं। 26 जून 1988 को त्रयोदशी (सोमवार) के दिन जीर्णोद्धार के समय कुंड के पास ही च्यवन ऋषि, बाबा बालपुरी व महंथ केदारनाथपुरी की प्रतिमा स्थापित की गई। पुराण के अनुसार देवकुंड में ही च्यवन ऋषि का आश्रम माना गया है। आनंद रामायण के अनुसार उसी समय भगवान राम कर्मनाशा नदी पार करके च्यवन ऋषि का दर्शन करने देवकुंड पहुंचे थे। दर्शन से पहले वे प्राचीन सरोवर में स्नान किया था। उसके बाद शिवलिंग की स्थापना की जहां आज पूरे वर्ष जलाभिषेक करने को भीड़ लगी रहती है। वहीं भगवान विश्वकर्मा ने दूधेश्वरनाथ मंदिर का निर्माण कराया। कहा जाता है कि देवकुंड में कई देवी देवताओं के वास थे। इसलिए देव व कुंड के कारण इसका नाम देवकुंड पड़ा। च्यवन ऋषि के आश्रम के कारण इसका पूरा नाम'च्यावनाश्रम देवकुंड'पड़ गया। इसलिए यह प्राचीन, धार्मिक, सांस्कृतिक व पौराणिक स्थल के लिए प्रसिद्ध हो गया। कहा जाता है कि शिवलिग पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यह जगह अत्यंत प्रख्यात है परंतु सरकार की आंखों से ओझल। यहां से आशीर्वाद लेकर कई नेता विधायक व मंत्री बने परंतु इस स्थल का विकास नहीं हो सका। बिहार के शिव-स्थलों की जारी सूची में देवकुंडधाम का नाम जरूर रहता है। इतना होने के बावजूद भी देवकुंड को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित नहीं किया गया है।

## नालंदा विवि की उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होंगे बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. डीसी राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय को नालंदा विश्वविद्यालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली एक विशेष और उच्च स्तरीय राउंडटेबल चर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आगामी 26 जुलाई को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित होगी।

इस उच्च स्तरीय बैठक में देश के चुनिंदा शीर्ष अकादमिक नीति-निर्माता और 'इंडियन एसोसिएशन ऑफ सोशल साइंस इंस्टीट्यूशंस' की कार्यकारी परिषद के सदस्य शामिल हो रहे हैं। यह बैठक आगामी 26 से 28 अक्टूबर, 2026 तक राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक परिसर में होने वाले विशाल अंतर्राष्ट्रीय आईएएसएसआई सम्मेलन के एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित की जा रही है।

इस आमंत्रण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय विकास और नीति निर्धारण को गति देने में



उन्नत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रो. राय ने कहा, ''सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में देश के बेहतरीन मस्तिष्कों को एक साथ लाने वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर अपने विचार प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह राउंडटेबल भारत में अनुसंधान की भविष्य की दिशा पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए एक अत्यंत आवश्यक मंच प्रदान करती है। प्रो राय ने कहा कि इन सत्रों के दौरान हमारा मुख्य ध्यान इस बात पर केंद्रित रहेगा कि हम शिक्षक और प्रशासक के रूप में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के स्तर को कैसे और अधिक उत्कृष्ट बना सकते हैं, ताकि यह कड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के साथ-साथ हमारी समकालीन सामाजिक समस्याओं का सीधा और व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत कर सके।

आगामी सम्मेलन के ऐतिहासिक महत्व पर बल देते हुए प्रो. राय ने कहा, 'नालंदा भारत की ज्ञान प्रणालियों का सभ्यतागत उद्गम स्थल रहा है। इस विमर्श का हिस्सा बनना एक गहरा सम्मान भी है और एक रणनीतिक आवश्यकता भी। जब हम एजेंडा तय करने के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं, तो हमारा सामूहिक ध्यान सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में भारत के वैचारिक नेतृत्व को पुनर्जीवित करने तथा 21वीं सदी की आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाने पर रहेगा।

कुलपति प्रो. राय को मिले इस प्रतिष्ठित आमंत्रण पर पूरे बीआरएबीयू अकादमिक समुदाय के साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज डॉ राजीव कुमार, सिंडिकेट सदश्य डॉ टुनटुन जी, डॉ ललितेश नारायण प्रसाद,डॉ के के कौशिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं सलैया पंचायत के वार्ड नं 2 के ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के वार्ड नं-दो के ग्रामीण इन दिनों मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है परंतु पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला परंतु फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। बता दे कि इस गांव में 120 से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि सात सौ मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नहीं है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचों बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो गांव की गलियां जलमग्न हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों को होती है।

## नये सीओ का स्वागत

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा अंचल कार्यालय में नये सीओ सुनील कुमार को प्रखंड उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी व मुखिया संघ अध्यक्ष गोपाल सिंह ने शॉल व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख विजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार, प्रगति कुमार, दयाल साव प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार समाजसेवी संजीत कुमार, अभिमन्यु कुमार उपस्थित रहे। सीओ सुनील कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# इस्पात नगरी बोकारो में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगरी में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली गयी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने किया। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन, उपाध्यक्षगण तथा अन्य सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। रथ यात्रा का शुभारंभ सेक्टर-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से हुआ। यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए बोकारो जनरल अस्पताल, गांधी चौक, सिटी सेंटर, पत्थरकट्टा चौक एवं राम मंदिर चौक से होकर राम मंदिर पहुंची। इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भव्य रथ को खींच रहे थे और साथ ही साथ भगवान जगन्नाथ के जयघोष लगा रहे थे। रथ के दोनों ओर बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन किए, पुष्प वर्षा की और जयघोष के साथ रथ का स्वागत किया। रथ यात्रा के दौरान, बोकारो महिला समिति और अन्य सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों ने भक्तों के लिए पेयजल, शरबत, फल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की। स्थानीय निवासियों और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने भी सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से भर गया। बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा प्रतिवर्ष भक्तिभाव, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

## धनबाद में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का उत्साह इस बार धनबाद में चरम पर देखने को मिला। इस्कॉन धनबाद की ओर से निकाली गई भव्य रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस बार रथ यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण आईआईटी (आईएसएम) के छात्रों द्वारा तैयार किया गया हाइड्रोलिक रथ रहा। आधुनिक तकनीक से बने इस रथ की ऊंचाई जरूरत के अनुसार कम या ज्यादा की जा सकती है। इसी वजह से संकरी गलियों और रास्ते में आने वाले बिजली के तारों के बीच रथ को सुरक्षित तरीके से निकाला जा सका। श्रद्धालुओं ने इस नवाचार की जमकर सराहना की।56 भोग और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, रथ की रस्सी पकड़कर भगवान का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। यात्रा के दौरान विभिन्न पड़ावों पर भगवान को पारंपरिक 56 भोग अर्पित किए गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा में बीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी भी शामिल हुईं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर बीसीसीएल की प्रगति, समृद्धि और कर्मचारियों के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। इस्कॉन धनबाद के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की गई थीं।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद चर्चित यौनाचार मामले में हुई गिरफ्तारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार के चर्चित नाबालिक के साथ किए गए अप्राकृतिक यौनाचार के विरुद्ध पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में रांची के एक पत्रकार द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री को किए गए ट्वीट के बाद बोकारो पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई की गई है। इस संबंध में बोकारो पुलिस के द्वारा ट्वीट कर झारखंड के मुख्यमंत्री को दिए गए जवाब में बताया गया है कि इस मामले में के संज्ञान में आते ही कसमार थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है। प्राथमिकी संख्या 52/ 26 दिनांक 14 ।7।2026 धारा 4/6 पोक्सो एक्ट में दर्ज किया गया है । पीड़ित बच्चे का चिकित्सा जांच एवं न्यायालय में बयान कराया गया है । साथ ही नाबालिक अभियुक्त को निरुद्ध कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि एक सप्ताह पूर्व कसमार के एक सात वर्षीय बालक को सुनसान स्थान पर रस्सी से बांधकर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया गया था। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी के बाद नाबालिक अभियुक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है। पीड़ित परिवार अभी भी काफी डरा हुआ है। इस मामले में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन तथा सहयोगिनी कसे जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार राय ने बताया कि पोक्सो अधिनियम के तहत पीड़ित बालक को सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।


### फ्लाईओवर पर खाली बीयर बोतलों से लदा ट्रक पलटा

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महुदा-राजगंज फोरलेन मार्ग पर भुरूंगिया के समीप स्थित मछियारा फ्लाईओवर पर बुधवार देर रात खाली बीयर की बोतलों से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक पर लदा खाली बोतलों का बोरा सड़क पर बिखर गया, जिससे सड़क का धनबाद लेन पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई। हालांकि दुर्घटना में चालक को केवल हल्की चोटें आईं, जबकि खलासी सुरक्षित बच निकला।घटना की सूचना मिलते ही महुदा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए भुरूंगिया स्थित एक स्थानीय अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चालक की हालत सामान्य होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक पश्चिम बंगाल से खाली बीयर की बोतलें लेकर उत्तर प्रदेश जा रहा था। मछियारा फ्लाईओवर पर चढ़ने के दौरान टर्निंग पर तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। ट्रक रेलिंग पर चढ़ते हुए पलट गया, जिससे उसमें लदा बोतलों का पूरा माल सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के कारण फोरलेन की एक ओर का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक सड़क पर ही पड़ा हुआ था और एक लेन से आवाजाही बंद थी। ट्रक को हटाने की प्रक्रिया जारी थी।



### पाइप की चोरी नाकाम, ट्रक चालक को ग्रामीणों ने दबोचा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में गोविंदपुर-निरसा मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पाइप चोरी करने की कोशिश को ग्रामीणों ने नाकाम कर दिया। ग्रामीणों ने रंगे हाथ पाइप लदे ट्रक और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रक से करीब 5 लाख रुपये से अधिक कीमत के पाइप बरामद हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। गोविंदपुर-निरसा मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत एसीपीसी कंपनी द्वारा बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बदाही जीतपुर स्थित ग्राउंड में 4 इंच के पाइप रखे गए थे। बीती रात कुछ लोग ट्रक पर पाइप लोड कर चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रक को घेरकर चालक को पकड़ लिया। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही प्रोजेक्ट मैनेजर विकास कुमार साव मौके पर पहुंचे और बरवाअड्डा पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में ले लिया। ट्रक में 5 लाख रुपये से अधिक कीमत के पाइप लोड मिले हैं। पकड़े गए चालक ने पूछताछ में बताया कि उसे रांची के बालाजी ट्रांसपोर्ट से पाइप लोड करने का निर्देश मिला था।



# संगीतकार मदन मोहन की याद में बोकारो में सजी सुरों की महफिल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिल्म संगीत के महान संगीतकार मदन मोहन की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बुधवार की देर शाम सेक्टर 12 में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित इस संगीत संध्या में कलाकारों ने मदन मोहन द्वारा संगीतबद्ध कुछ चर्चित गीतों को गाकर उन्हें स्वरमयी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत मदन मोहन की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। गायक अरुण पाठक ने कहा कि हिन्दी फिल्मों के संगीत को मधुर धुनों से सजानेवाले स्वर्णिम युग के बेहतरीन संगीतकारों में मदन मोहन का नाम बहुत ही आदर के साथ लिया जाता है। उनके द्वारा संगीतबद्ध प्रायः सभी फिल्मों के गीत काफी लोकप्रिय हुए। उनके संगीत निर्देशन में लता मंगेशकर, मो रफी, मुकेश, आशा भोसले, किशोर कुमार, तलत महमूद, सुमन कल्याणपुर समेत लगभग सभी प्रसिद्ध गायक-गायिकाओं ने यादगाए नग्में गाए। रमण चौधरी ने कहा कि मदन मोहन के संगीत में जो मिठास है उसके कायल आज भी संगीत प्रेमी श्रोता हैं। सोमेश मिश्रा ने कहा कि मदन मोहन को गजल का बादशाह कहा जाता था। उनके द्वारा संगीतबद्ध फिल्मों में लता व मो रफी ने कई यादगार गजल भी गाए हैं। इस अवसर पर गायक अरुण पाठक ने आखिरी गीत मुहब्बत का सुना लूं तो चलूं..., दिल ढूंढ़ता है फिर वही फुर्सत के रात-दिन।।, अगर मुझसे मुहब्बत है मुझे सब अपने गम दे दो..., आपके पहलू में आकर रो दिए..., भूली हुई यादों मुझे इतना ना सताओ.. आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रमण चौधरी ने ये दुनियां ये मेहफिल मेरे काम की नहीं..., बस्ती-बस्ती पर्वत-पर्वत गाता जाए बंजारा..., सोमेश मिश्रा ने रश्में उल्फत को निभाएं तो निभाएं कैसे.., रुके-रुके से कदम..., रंजू सिंह ने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे..., अगर मुझसे मुहब्बत है..., सुनीता गुप्ता ने लग जा गले..., मिलो ना तुम तो हम घबराए..., रंजना सिन्हा ने तू जहां-जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा... की भावपूर्ण प्रस्तुति से मदन मोहन जी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में हाल में दिवंगत हुई महान लोककलाकार तीजन बाई और बोकारो के तबला वादक प्रणव मिश्रा के असामयिक निधन पर शोक जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर पूर्णेन्दु कुमार सिंह, श्वेता प्रियदर्शिनी, रिद्धिमा रिया, स्पंदन, ऐश्वर्या समेत अन्य संगीतप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन रमण चौधरी व रागिनी सिन्हा अंबष्ठ के संयोजन में हुआ।

# कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बीएकेएस ने प्रबंधन से वार्ता की



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सीआरएम 3 के मुख्य महाप्रबंधक के साथ विभाग की स्थानीय समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक में विभाग की समस्याओं को मुख्य महाप्रबंधक के समक्ष रखा गया। बीएकेएस ने एक एक मुद्दे को सीजीएम के समक्ष रखकर उनके निवारण हेतु स्पष्ट टाईम लाईन तय करने की मांग की। सीजीएम सीआरएम 3 ने प्रत्येक मुद्दे को निश्चित समय के भीतर हल करवाने हेतु हामी भरा। वर्तमान समय में सीआरएम-3 विभाग बोकारो इस्पात संयंत्र का सबसे युवा शक्ति वाला विभाग तथा नया स्थापना वाला विभाग है। सीआरएम-3 विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को लंबे समय से सुरक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं एवं कार्यस्थल से संबंधित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के कारण कर्मचारियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा इसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी कार्य क्षमता, उत्पादकता, मनोबल एवं सुरक्षित कार्य वातावरण तथा मानसिकता पर पड़ रहा है। बताया गया है कि सकारात्मक माहौल में वार्ता हुई है। महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया है आवश्यकता अनुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध विदेशी हथियार के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसपी प्रभात कुमार के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरित छापेमारी में पुलिस ने अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मीडिया को जानकारी देते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर प्रकाश सोय ने बताया कि 15 जुलाई को शाम करीब 07:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हिरक रोड आठ लेन सड़क के पास एक सुनसान स्थान पर बने पुराने बंद मकान के पास दो अपराधी हथियार के साथ किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जब पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी, तो वहाँ मौजूद दो अपराधियों में से एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि दूसरा युवक भागने के क्रम में गिर गया, जिसे पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम मोनू कुमार यादव (उम्र करीब 21 वर्ष) थाना पुटकी बताया। युवक की तलाशी लेने पर उसकी कमर में छिपाकर रखा हुआ एक लोडेड अवैध पिस्टल बरामद हुआ। पिस्टल को जब अनलोड किया गया, तो उसकी मैगजीन से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पिस्टल पर "मेड इन यूएसए" खुदा हुआ है। इसके वैध कागजात न दिखाने पर उसको गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने फरार साथी के बारे में भी बताया। जबकि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मोनू कुमार यादव एक आदतन अपराधी है और वर्ष 2025 में भी आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। उसपर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सोहन कुमार साहु, जोसफिना हेम्ब्रम, हरिप्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार ओझा, आरक्षी संतु मांझी, संतोष कुमार व दीपक कुमार शामिल रहे।

# बोकारो पुलिस के हत्थे चढ़े 9 साइबर अपराधी, कई मामलों का हुआ खुलासा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने प्रतिबिंब ऐप से मिली सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर अपराध से जुड़े एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। सेक्टर-12 और माराफारी थाना क्षेत्र में देर रात छापेमारी कर 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल, सिम कार्ड, बैंक दस्तावेज, डेबिट कार्ड और नकदी बरामद हुई है। इसकी जानकारी एसपी नाथू सिंह मीना ने दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में साइबर टीम और तकनीकी शाखा की संयुक्त टीम ने सेक्टर-12 और माराफारी थाना क्षेत्र के बारी को-ऑपरेटिव और रितुडीह राजेंद्र नगर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में साइबर थाना में कांड संख्या 24/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने साइबर अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी खुद को आर।एम। टूर एंड ट्रेवल्स का एजेंट या बैंककर्मी बताकर लोगों को झांसे में लेते थे और ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस को कुछ बैंक खातों से लाखों रुपये के लेन-देन की जानकारी मिली है, जिन्हें फिलहाल होल्ड कर विस्तृत जांच की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10 मोबाइल फोन, 9 सिम कार्ड, 18 बैंक पासबुक, 3 चेकबुक, 10 डेबिट कार्ड, दो आधार कार्ड, पैन कार्ड और 43 हजार 100 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों का संबंध मुख्य रूप से बिहार के पटना, नवादा और जमुई जिलों से है, जबकि एक आरोपी बोकारो के सेक्टर-3 का निवासी है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह ने झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं।

# पतरातू लेक में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एवं म्यूजिकल फाउंटेन का उद्घाटन



**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में पहली बार रामगढ़ जिले के पतरातू लेक रिजॉर्ट में आज मंत्री, पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार सुदिव्य कुमार के द्वारा पतरातू डैम परिसर में म्यूजिकल फाउंटेन एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी रामगढ़ विधायक ममता देवी के साथ झारखंड पर्यटन विभाग के कई पदाधिकारी के साथ स्थानीय लोग उपस्थित थे। पर्यटन मंत्री ने दो प्लाटिंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया जिनका नाम मयूराक्षी और कोयल रखा गया है। देश के कोई भी पर्यटक इसे 45 से 50 मिनट के लिए बुक कर सकते हैं और इसके अंदर अच्छे स्नेक्स का भी आनंद उठा सकते हैं। शाम के वक्त म्यूजिकल फाउंडेशन का भी यहां लुफ्त उठाया जा सकता है। इसका उद्देश्य राज्य में पर्यटन के माध्यम से वितीय सहयोग करना है। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए राज्य पर्यटन मंत्री ने कहा कि आज दो सौगाते पतरातू पर्यटन को मिली है पहला म्यूजिकल फाउंटेन और दूसरा फ्लोटिंग दो रेस्टोरेंट्स, मेरा यह मानना है कि पतरातू के टूरिज्म और पर्यटन में दो नई चीजों का इजाफा हुआ है, पतरातू आने वाले समय में पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा दर्शकों को बहुत आनंद आएगा 45 से 50 मिनट के राइड में स्नैक्स के साथ वे पतरातू के झील का आनंद ले सकेंगे और म्यूजिकल फाउंटेन जो शाम को चलेगा वह भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मौके पर पहुंचे बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि आज के इस उद्घाटन के लिए मैं हृदय से राज्य के पर्यटन मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं पर्यटन के क्षेत्र में यह एक माननीय मंत्री जी के द्वारा अच्छी पहल है, इसके अगल-बगल में और भी विकास की जरूरत है जिसके बारे में हमने पर्यटन मंत्री से बात किया है।

# अपराध की साजिश रचते युवक को अवैध पिस्टल के साथ दबोचा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने अपराध पर नकेल कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई में अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथी के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में एक लोडेड पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पूरे मामले की जानकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर प्रकाश सोय ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में दी। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि 15 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली थी कि हीरक रोड आठ लेन सड़क के पास भुचुंगटांड़ स्थित एक बंद मकान के समीप दो अपराधी किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम के पहुंचते ही दोनों युवक भागने लगे, लेकिन भागने के दौरान गिर जाने से मोनू कुमार यादव पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान मोनू कुमार यादव के कमर से एक लोडेड अवैध पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल की मैगजीन से तीन जिंदा कारतूस भी मिले। आरोपी हथियार का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने फरार साथी की पहचान ईस्ट बसुरिया निवासी चिरकुट संजय के रूप में की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मोनू वर्ष 2025 में भी आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में भूली ओपी में कांड संख्या 113/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K